


# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



सफल वही होते हैं जो दूसरों की बातों पर नहीं, बल्कि खुद के मेहनत पर भरोसा रखते हैं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 20 मई, 2025 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष: सप्तमी/अष्टमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 138 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12










# भारत-पाक सीजफायर में तीसरे पक्ष की नहीं थी मध्यस्थता : विक्रम मिस्री

**कहा दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर में अमेरिका को कोई किरदार नहीं**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली, 19 मई।** भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाक सीजफायर में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता के दावे पर उठाए गए सवाल पर मिस्री बोल रहे थे। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद, सतनाम सिंह, नवीन जिंदल, अपराजिता सारंगी, अरुण गोविल और आरपीएन सिंह शामिल थे। बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर हो रही थी।

### मिस्री ने कहा अमेरिका का कोई रोल नहीं

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दावा किया कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। सीजफायर का ऐलान भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया हो लेकिन उसमें अमेरिका का कोई रोल नहीं है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यह जानकारी संसदीय समिति की बैठक में देते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर में अमेरिका को कोई किरदार नहीं है।

### भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया

विक्रम मिस्री ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिस्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया।

## जीरकपुर में पुलिस व गैंगस्टरों में मुठभेड़, दो घायल

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 19 मई।** जीरकपुर के पीरमुछल्ला की मेट्रो टाउन सोसायटी में सोमवार देर शाम जालंधर पुलिस की सी.आई.ए. और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें दोनों आरोपी पुलिस की गोली लगने के बाद घायल हो गए। दूसरी ओर, आरोपियों को घायलावस्था में पुलिस ने अस्पताल दाखिल करवाया गया हैं और पीरमुछल्ला के स्थानीय लोगों में आरोपियों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर दहशत का माहौल है। वहीं, पकड़े गए आरोपियों की पहचान आकश और गौरव के रूप में हुई है, जो बीती 10 मई को जालंधर में हुई गैंगवार में शामिल है। पीरमुछल्ला की मैट्रो प्लाजा कालोनी में जालंधर की सी.आई.ए. और ढकोली पुलिस थाना प्रभारी सिमरजीत सिंह शेरगिल के साथ संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपियों का पता चलने के बाद सोमवार रात करीब साढ़े 8 बजे कालोनी में जाकर सर्च अभियान चलाया तो आरोपियों ने पुलिस को देख अपनी कार चढ़ाने की पहले कोशिश की। इसमें वह कामयाब नहीं हुए तो पुलिस ने फायर किया, जिसके जवाब में पुलिस अधिकारियों ने गोली चलाई तो द आकाश और गौरव इसमें घायल होकर गिर गए। इनको पुलिस ने हिरासत में लेकर एंबुलैंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के बाद अहम खुलासे होने की संभावना जताई है।

जानकारी मुताबिक, जालंधर में बीती 10 मई की रात गैंगवार हुआ, जिसके बाद इलाके में तोबड़तोड़ गोलियां चलने से सनसनी फैल गई। लोग घरों में दुबक गए और गोलाबारी दो गैंगस्टरों के गुटों के बीच हुई थी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 20 साल पुराने मामले में आतंकी जगतार हवारा बरी, मोहाली कोर्ट ने सुनाया फैसला



**मोहाली (अप्रस)।** आतंकी जगतार सिंह हवारा को 20 साल पुराने एक मामले में मोहाली कोर्ट ने बरी कर दिया है। हवारा के खिलाफ मोहाली के खरड़ थाने में वर्ष 2005 में विस्फोटक सामग्री संबंधी मामला दर्ज हुआ था। मामले में हवारा के खिलाफ सबूत साबित नहीं हो पाए, जिसके चलते अदालत ने उसे बरी कर दिया। हवारा के खिलाफ 2020 में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नामजद किया गया था। खरड़ थाने में आर्म्स एक्ट व विस्फोटक सामग्री सहित अन्य धाराओं के तहत उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। जगतार सिंह हवारा बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) का आतंकी है। हवारा पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में दोषी है। इस समय हवारा दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है।




## मान सरकार का बड़ा फैसला, गुरु तेग बहादुर को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

**श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर भव्य आयोजन की तैयारी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाले मंत्री समूह ने आज श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को बड़े स्तर पर मनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले सिलसिलेवार कार्यक्रमों को मंजूरी दे दी है।

यहां अपने सरकारी निवास स्थान पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को बड़े स्तर पर मनाने के लिए सिलसिलेवार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुरु साहिब के जीवन और दर्शन पर शोध कार्यों के लिए पंजाबी विश्वविद्यालय (पटियाला) में चेयर स्थापित करेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि गुरु साहिब के इतिहास को बयान करती पुस्तिका जारी करने के साथ-साथ गुरु साहिब की बाणी पर भी बुकलेट (पुस्तिका) जारी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने श्री आनंदपुर साहिब में अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट के साथ-साथ राज्य भर में विश्व शांति सम्मेलन और विश्व अंतर-धर्म सम्मेलन आयोजित करने की भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की बेमिसाल और अनूठी कुर्बानी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेगी, को नमन करने के लिए पंजाब के विभिन्न जिलों में सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे।

### सभी धर्मों का सम्मान करना बेहद जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण मानवता के लिए सभी धर्मों का सम्मान करना बेहद जरूरी है, जिससे सांप्रदायिक सद्भाव, शांति, राष्ट्रीय एकता और आपसी सहयोग के बंधन मजबूत होते हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने हिंदू धर्म को मुगलों के अत्याचार से बचाने के लिए धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि मानवता की भलाई के लिए अन्याय, अत्याचार और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ते हुए गुरु साहिब द्वारा दी गई महान कुर्बानी संपूर्ण मानवता के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रही है।

## हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर भीषण हादसे में चार की मौत व अन्य घायल

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 19 मई।** सोमवार रात्रि करीब आठ बजे कलायत के गांव शिमला के पास मोटर ट्रैवल बस खाई में पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक मोटर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ। दुर्घटना में 4 यात्रियों की जान चली गई। मृतकों की पुख्ता पहचान नहीं हो पाई है जबकि 17-18 लोग बुरी तरह से जख्मी होने का समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी यह भी मिली कि दो यात्री वाहन से उछलकर इधर-उधर बिछड़ गए। इनकी तलाश करते हुए वाहन में फंसे लोगों को शीशे तोडक़र बस से बाहर निकाला गया। बस को खाई से निकालने के लिए हाईड्रा मशीन की सहायता ली गई। बचाव अभियान में पुलिस, दमकल और ग्रामीणों की टीमें लगी रही। मौका स्थल पर भारी भीड़ जमा थी। नेशनल हाई-वे पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। हादसे को लेकर हर कोई सहमा है।

### घायलों को उपचार के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भेजा

थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रैवल बस व मोटर साइकिल हादसे में दो महिला और दो पुरुषों की जान चली गई। जबकि 17-18 लोग जख्मी हो गए। घायलों को उपचार के लिए कलायत, कैथल व नरवाना भेजा गया। बचाव अभियान के जरिये घायलों को बस व खाई से बाहर निकाला गया। एंबुलेंस निरंतर इस कार्य में गतिशील रही।

### हिमाचल रोडवेज ड्राइवर की मौत, तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर, कुचले जाने से गई जान

चंडीगढ़ के सेक्टर 43 स्थित बस स्टैंड (आईएसबीटी) में हादसा हुआ है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। हादसा बस स्टैंड के सामने मुख्य सड़क पर हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार बस ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक हिमाचल रोडवेज बस का ड्राइवर था। बस की टक्कर के बाद वह टायर के नीचे कुचला गया। मृतक ड्राइवर की पहचान हिमाचल प्रदेश के मंडी स्थित रौपा निवासी 50 साल के वेली राम के रूप में हुई है। घटना के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया।

## पंचकूला में पाकिस्तान से लौटा संदिग्ध पकड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 19 मई।** भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो कर देश में ऐसे संदिग्ध लोगों का पता लगा रही हैं, जो पाकिस्तान को खुफिया जानकारियां दे रहे थे। हरियाणा में एजेंसियों की पड़ताल के दौरान पंचकूला में सोमवार को पुलिस ने पिंजौर से एक शख्स को जासूसी करने के आरोप में पकड़ा। हालांकि, हिरासत में लेने के बाद सुरक्षा एजेंसियां युवक से पूछताछ कर रही हैं। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेने के बाद उसके मोबाइल फोन, लैपटॉप भी जब्त कर लिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक पाकिस्तान गया था। वहां से लौटने के बाद भी वह वहां संपर्क में रहा था। उधर, पुलिस की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई जानकारी साझा नहीं की जा रही है ताकि एजेंसियों की जांच बाधित न हो सके।

**मीटिंग** | हिमाचल मंत्रिमंडल का बड़ा ऐलान

## एक हजार से अधिक पद भरने, मानदेय में बढ़ोतरी और ग्रीन योजना को भी मंजूरी

**रोजगार, मानदेय वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 19 मई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पशु मित्र नीति-2025 को मंजूरी दी गई। इस नीति के अंतर्गत पशुपालन विभाग में मल्टी टास्क वर्कर (पशु मित्र) के 1,000 पद भरे जाएंगे।

बैठक में स्कूलों में पुस्तकालयों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (पुस्तकालय) के 100 पद भरने को मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, राजस्व विभाग में वरिष्ठ सहायक के 10 पद तथा जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के 15 पद सृजित करने को स्वीकृति प्रदान की गई।

मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, हमीरपुर में विभिन्न श्रेणियों के पांच पद भरने को भी मंजूरी दी। आयुष विभाग में बैचवाइज आधार पर आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी के पांच पद भरने का निर्णय लिया गया है। राज्य के गौसदनों में गौवंश के लिए चारा पर दिए जाने वाले अनुदान को प्रति गौवंश 700 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रतिमाह करने का फैसला लिया गया।

मंत्रिमंडल ने ऑपरेशन थियेटर सहायकों के मासिक मानदेय को 17,820 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने तथा रेडियोग्राफरों व एक्स-रे तकनीशियनों के मासिक मानदेय को 13,100 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का निर्णय लिया है। राज्य में क्षरित वन क्षेत्रों में कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत निजी उद्यमियों द्वारा वृक्षारोपण के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन अडॉप्शन योजना को मंजूरी दी गई।

बैठक में नगर निगम शिमला में घाटी की ओर भवनों के निर्माण को प्रतिबंधित करने के लिए हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन नियम, 2014 में संशोधन को मंजूरी दी गई। घाटी के सौन्दर्यीकरण को संरक्षित रखने के लिए नए प्रावधान के अनुसार निर्माण कार्य सड़क स्तर से कम से कम एक मीटर नीचे होने चाहिए।

### ई-टैक्सी किराए पर देने की नीति पर काम

मंत्रिमण्डल ने शिमला जिला में माता तारा देवी मंदिर के साथ लगते वन क्षेत्र को शिमला विकास योजना के तहत हरित क्षेत्र के अंतर्गत लाने का भी निर्णय लिया है ताकि इस क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023 के तहत ई-टैक्सियों को किराए पर लेने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में डिजाइन विंग का सिविल विंग में विलय करने पर अपनी सहमति प्रदान की। इससे विभाग की कार्यशैली सुव्यवस्थित और दक्ष होगी। बैठक में कुल्लू जिले के निरमंड विकास खंड में पशु चिकित्सा औषधालय सराहन का नाम बदलकर पशु चिकित्सा औषधालय बागा-सराहन करने को भी मंजूरी प्रदान की गई।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का मामला: सीएम सैनी ने बुलाई मंत्री-विधायकों की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** हरियाणा से लगातार पकड़े जा रहे पाकिस्तान की जासूसी करने वालों पर प्रदेश सरकार सख्त नजर आ रही है। हरियाणा से अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मंत्री कृष्णलाल पंवार ने बताया कि कल 20 मई को सीएम सैनी ने इसके लिए चंडीगढ़ में मंत्रियों व विधायकों की मीटिंग बुलाई है। इस बैठक में यूट्यूबरों के लिए नियम बनाने के बारे में चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ज्यादातर सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है, जिसको लेकर वह सरकार से इस बारे में बात करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसंपर्क अधिकारी द्वारा लोकल यूट्यूबर की आइडेंटी की जानकारी होनी चाहिए, जिससे उसकी पहचान हो सके। सोशल मीडिया का भी कर्तव्य बनता है कि देश के खिलाफ ऐसी चीजें न दिखाए जिससे नुकसान हो।

बता दें कि अभी तक हरियाणा कई आरोपियों का पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनमें प्रमुख नाम जैसे ज्योति मल्होत्रा (हिसार), देवेंद्र सिंह ढिल्लों (कैथल), अरमान और तारीफ (नूंह), और नोमान इलाही (पानीपत) इनके प्रमुख हैं।

मंगलवार व बुधवार को विधानसभा की विभिन्न कमेटियों की बैठकें होती हैं। ऐसे में अधिकांश विधायक इन दो दिनों के दौरान चंडीगढ़ ही रहते हैं। मुख्यमंत्री भी सरकार व संगठन के कार्यों की वजह से काफी दिनों से व्यस्त चल रहे थे। आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की वजह से भी मुख्यमंत्री का विधायकों से मिलना नहीं हो पा रहा था। इसीलिए विधायक दल की बैठक बुलाई है और लंच का कार्यक्रम रखा है ताकि सभी से बातचीत हो सके।

# आईएसआई को सेना की खुफिया जानकारी लीक करने वाले दो जासूस गिरफ्तार

'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े थे आरोपी, जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरदासपुर, 19 मई।** पंजाब पुलिस ने जासूसी रोधी बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय सशस्त्र सेनाओं की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को लीक करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी सुखप्रीत सिंह (गांव आदियां) और करनबीर सिंह (गांव चंदू वडाला, गुरदासपुर) ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और रणनीतिक सैन्य गतिविधियों की गोपनीय जानकारी आईएसआई को भेजी थी। आरोपियों से तीन मोबाइल फोन और .30 बोर के आठ जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी वित्तीय लाभ के बदले खुफिया जानकारी साझा कर रहे थे और पहले नशा तस्करी में भी शामिल रह चुके हैं। इसी के जरिए वे आईएसआई हैंडलरों के संपर्क में आए।

एसएसपी गुरदासपुर आदित्य ने बताया कि 15 मई को विश्वसनीय सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को निगरानी में लेकर गिरफ्तार किया गया। मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच में सेना से संबंधित गोपनीय जानकारी भेजने की पुष्टि हुई है।

मामले में पुलिस थाना दोरंगला में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और बीएनएस की धारा 152 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। डीजीपी ने कहा कि इस गिरफ्तारी से देश की सुरक्षा को कमजोर करने की साजिश को नाकाम किया गया है। मामले की जांच जारी है।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' 79 दिनों में 500 किलोग्राम से ज़्यादा हेरोइन बरामद

11954 नशा तस्कर गिरफ्तार, 7128 एफआईआर दर्ज; करोड़ों की ड्रग मनी जब्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में चलाई जा रही 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत पंजाब पुलिस ने महज 79 दिनों में 515 किलोग्राम हेरोइन बरामद कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। 1 मार्च 2025 से शुरू हुई इस मुहिम के दौरान 7128 एफआईआर दर्ज कर 11954 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के नेतृत्व में राज्यभर में घेराबंदी, सर्च ऑपरेशन, नाइट डोमिनेशन और ड्रग हॉटस्पॉट्स पर छापेमारी की जा रही है।

स्पेशल डीजीपी (कानून-व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि अब तक की कार्रवाई में पुलिस ने 224 किग्रा अफीम, 124 क्विंटल भुक्की, 150 किग्रा गांजा, 2.5 किग्रा आईसीई, 24.22 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल, और 9.70 करोड़ रुपये की ड्रग मनी जब्त की है।

उन्होंने कहा कि तीन महीनों से भी कम समय में इतनी बड़ी मात्रा में नशा पकड़ना पुलिस की मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

79वें दिन के अभियान में पंजाब पुलिस ने 147 तस्करों को दबोचा, 2.7 किग्रा हेरोइन, 84 किग्रा भुक्की, 73000 रुपये नकद और 1.22 लाख रुपये की ड्रग मनी जब्त की।

92 गज़ेटेड अधिकारियों की निगरानी में 1600 से अधिक पुलिसकर्मियों ने मिलकर 505 स्थानों पर छापेमारी की, और 109 एफआईआर दर्ज की गई। 692 संदिग्धों की जांच भी की गई।

ईडीपी रणनीति के तहत, 49 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास के लिए प्रेरित किया गया है। डीजीपी ने कहा कि यह मिशन तब तक जारी रहेगा जब तक पंजाब पूरी तरह नशा मुक्त नहीं हो जाता।

## बठिंडा की हाई सिक्योरिटी जेल में तलाशी अभियान, गैंगस्टर से रॉड बरामद

जेल में पहले से थी रॉड की सूचना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बठिंडा, 19 मई।** बठिंडा की उच्च सुरक्षा वाली केंद्रीय जेल में पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार को चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर गोरू बच्चा के पास से सोलर पाइप से बनी लोहे की रॉड बरामद की गई है। इस बरामदगी ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

तलाशी के दौरान न सिर्फ यह रॉड, बल्कि कुछ अन्य संदिग्ध वस्तुएं भी मिली हैं, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है।

हालांकि, इन वस्तुओं के बारे में अभी तक जेल प्रशासन या जिला पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

सूत्रों के अनुसार, जेल प्रशासन को पहले से ही यह इनपुट था कि गोरू बच्चा के पास सोलर पाइप से बनी एक रॉड हो सकती है। प्रशासन द्वारा पहले भी इसे जब्त करने का प्रयास किया गया था, लेकिन उस समय गोरू बच्चा ने जेल अधिकारियों से बहसबाजी करते हुए रॉड नहीं देने दी।

### पुलिस ने कब्जे में लिया सामान, हो सकती है एफआईआर

जिला पुलिस के एक अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि तलाशी के दौरान रॉड सहित अन्य वस्तुएं भी बरामद हुई हैं, जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिए जब्त कर लिया गया है। जेल प्रशासन द्वारा अब इस मामले में पुलिस को औपचारिक पत्र भेजा जाएगा, जिसके आधार पर आपराधिक मामला दर्ज किए जाने की संभावना है।

### गैंगस्टर के खिलाफ दर्ज हैं कई केस

गौरतलब है कि लुधियाना जिले से संबंधित गैंगस्टर गोरू बच्चा पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से हाई सिक्योरिटी जेल में बंद है। जेल के अंदर इस तरह की अवैध वस्तु का मिलना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान है, जिसकी विस्तृत जांच अब जिला पुलिस द्वारा की जा रही है।

सरकार ने जिला परिषद के अधीन ग्रामीण डिस्पेंसरियों में काम कर रहे कर्मचारियों का थामा हाथ

## फार्मेसी अधिकारियों व अटेंडेंट के वेतन में बढ़ोतरी; 58 साल तक कर पाएंगे नौकरी: सौंध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में चल रही पंजाब सरकार ने लगभग 20 साल बाद जिला परिषद के अधीन ग्रामीण डिस्पेंसरियों में काम कर रहे कुल 804 कर्मचारियों का हाथ थामा है। जिला परिषद के अधीन ग्रामीण डिस्पेंसरियों में काम कर रहे 441 रूरल हेल्थ फार्मेसी अधिकारी/पैरामेडिकल स्टाफ और 363 अटेंडेंट-कम-दर्जा चार कर्मचारियों के वेतनों में जहां बढ़ोतरी की गई है, वहीं ये अधिकारी/ कर्मचारी 58 साल तक नौकरी करते रहेंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंध ने बताया कि परसोनल विभाग द्वारा 16 मई, 2023 को जारी पॉलिसी अनुसार जिला परिषद के अधीन ग्रामीण डिस्पेंसरियों में काम कर रहे 441 रूरल हेल्थ फार्मेसी अधिकारी/पैरामेडिकल स्टाफ और 363 अटेंडेंट-कम-दर्जा चार कर्मचारियों को 1 अप्रैल, 2025 से कवर किया गया है।

उन्होंने बताया कि फार्मेसी अधिकारियों को पहले 11,000 रुपये प्रति माह वेतन मिलता था। अब इस वेतन को बढ़ाकर 20,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। फार्मेसी अधिकारियों को 30,000 रुपये तक 5 प्रतिशत और उसके बाद हर साल 3 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी मिलेगी।

इसी तरह, अटेंडेंट-कम-दर्जा चार कर्मचारियों को पहले 6,000 रुपये प्रति माह वेतन दिया जाता था, जिसे अब बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति माह किया गया है। इन कर्मचारियों का वेतन हर साल 25,000 रुपये तक 5 प्रतिशत और उसके बाद हर साल 3 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी की जाएगी। पॉलिसी के तहत फार्मेसी अधिकारी और अटेंडेंट-कम-दर्जा कर्मचारी 58 साल की उम्र तक नौकरी करते रहेंगे।

सरकार के इस फैसले के लिए ग्रामीण डिस्पेंसरियों में काम कर रहे कर्मचारियों ने पंजाब सरकार का धन्यवाद किया है। प्रदेश प्रधान गुरमीत सिंह कुलेवाल ने कहा कि उन्हें 2006 में ठेका पर रखा गया था और पिछले 19-20 वर्षों से कई सरकारें बदलीं, मगर उनकी सुध किसी ने ना ली। अब उनका हाथ आम आदमी पार्टी की सरकार ने थामा है।

## भ्रष्टाचार पर कसा शिकंजा, विजिलेंस ब्यूरो ने 25 हजार रुपये रिश्वत लेते कानूनगो रंगे हाथों काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की निरंतरता बनाए रखते हुए, पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने जिला संगरूर के सब-तहसील शेरपुर में तैनात क्षेत्र कानूनगो अवतार सिंह को 25,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है। आज यहां यह खुलासा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुलजिम कानूनगो को जिला संगरूर की तहसील धूरी के गांव मलकू पट्टी के निवासी की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो के पास पहुंचकर बताया कि उसने अपने परिवार की कृषि योग्य भूमि को सभी कानूनी वारिसों में बांटने के लिए आवेदन दिया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उक्त मुलजिम अवतार सिंह पहले ही उससे 18,000 रुपये रिश्वत के तौर पर ले चुका है और उसके आवेदन पर कार्रवाई करने के बदले 25,000 रुपये की और मांग कर रहा है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और उक्त मुलजिम को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में, उक्त दोषी के विरुद्ध विजिलेंस ब्यूरो के थाना पटियाला रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे कल सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा और इस संबंध में आगे की जांच जारी है।

### भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस: 3,600 रुपये रिश्वत लेते मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर रंगे हाथों गिरफ्तार



पंजाब सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को और मजबूत करते हुए, पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने फरीदकोट में तैनात मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एम.वी.आई.) गुरप्रीत सिंह को 3,600 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान विजिलेंस ब्यूरो टीम ने उसके कब्जे से 7,200 रुपये बरामद किए और उसकी गाड़ी से 1,26,500 रुपये की और नकदी भी बरामद की, जो कि रिश्वत की रकम जान पड़ती है। विजिलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी फरीदकोट के एक निवासी की शिकायत के बाद हुई है, जिसने आरोप लगाया था कि उक्त मुलजिम ने उसके दो ट्रकों के फिटनेस सर्टिफिकेटों को मंजूरी देने के लिए प्रति ट्रक 1,800 रुपये की मांग की है। शिकायत की पड़ताल करने के बाद, विजिलेंस ब्यूरो ने जाल बिछाया और गुरप्रीत सिंह को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में 3,600 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। इस संबंध में दोषी के विरुद्ध विजिलेंस ब्यूरो पुलिस थाना, फिरोजपुर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

मान सरकार की पहली प्राथमिकता हमारे बुजुर्ग, हमारा मान

## डॉ. बलजीत कौर द्वारा उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को बुजुर्गों के मसलों का तुरंत समाधान करने के निर्देश

बुजुर्ग हमारी कीमती धरोहर हैं, इनकी देखभाल हमारी नैतिक जिम्मेदारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार जहां अन्य वर्गों के हितों की रक्षा और भलाई के लिए दिन-रात काम कर रही है, वहीं बुजुर्गों की भलाई हमारी सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। यह बात सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कही। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज पंजाब भवन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, गृह एवं न्याय मामले विभाग, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, महानिदेशक पुलिस विभाग, कानूनी एवं विधायी मामले विभाग पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के दौरान कहा कि बुजुर्ग हमारी कीमती धरोहर हैं और इन्हें मान-सम्मान और इनकी देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर के समक्ष बुजुर्ग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी मांगें रखी गई, जिनमें मुख्य मांगें जैसे कि वरिष्ठ नागरिकों की भलाई के लिए अलग निदेशालय बनाना, 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाए, बुजुर्ग नागरिकों के लिए हफ्ते में कम से कम मोबाइल वैनों के माध्यम से टेस्ट और दवाइयों का इंतजाम करना, पुलिस विभाग द्वारा बुजुर्ग समुदाय को सुरक्षा का माहौल प्रदान करना और पुलिस स्टेशनों में बुजुर्गों की समस्या के हल के लिए एक विशेष सेल बनाने की मांग के अलावा और कई मांगें रखी गई। उन्होंने बुजुर्ग एसोसिएशन की मांगों को बड़े ही ध्यान से सुना और अधिकारियों को हुक्म दिए कि बुजुर्गों की हर संभव मांग का तुरंत हल सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा बुजुर्गों की सुविधा के लिए वर्ष 2023 में ÷साडा बुजुर्ग साडा मान÷ मुहिम शुरू की गई थी, जिसके तहत 18900 बुजुर्गों का पंजीकरण हुआ और 9589 बुजुर्गों को नजर के चश्मे बांटे गए।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि बुजुर्गों की भलाई के लिए हमारी सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 23 लाख लाभार्थियों के लिए 4100 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया हुआ है। इसी तरह बुजुर्गों को कानूनी सहायता मुहैया करवाने के लिए जिला स्तर पर मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल और अपीलेट ट्रिब्यूनल की स्थापना हो चुकी है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आगे कहा कि बुजुर्गों की भलाई के लिए जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारी को पालन-पोषण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है और कोई भी बुजुर्ग नागरिक अपनी प्रतिवेदन उप-मंडल मजिस्ट्रेट को दे सकता है।

उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए पंजाब के जिलों होशियारपुर और बरनाला में वृद्धाश्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा 19 वृद्धाश्रम गैर-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सहायता के लिए मुफ्त हेल्पलाइन नंबर 14567 की शुरुआत पहले ही की गई है और 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को सीनियर सिटीजन कार्ड भी जारी किए जाते हैं। अंत में डॉ. बलजीत कौर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों और परिषद के सदस्यों से अपील की कि हम यह सुनिश्चित करें कि पंजाब के हर बुजुर्ग को सत्कार, सुविधा और सुरक्षा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार बुजुर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी तनदेही से निभा रही है और आगे भी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर बैठक में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के विशेष मुख्य सचिव राजी पी. श्रीवास्तव, निदेशक शेना अग्रवाल, संयुक्त सचिव आनंद सागर शर्मा, अतिरिक्त निदेशक चरणजीत सिंह मान के अलावा सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रतिनिधियों और बुजुर्ग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से भाग लिया।

## नगला रोड़ पर हो रहा है सीवरेज ओवरफ्लो, सड़कों पर फैले गंदे पानी से बीमारियां फैलने का खतरा

नगला रोड़ पर टूटी हुई सड़क से लोग हो रहे हैं परेशान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 19 मई।** जीरकपुर के नगला रोड़ पर बाजीगर बस्ती के पास सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । एक तरफ तो सड़क पर गहरे गड्ढे पड़े हुए हैं और दूसरी तरफ सीवरेज ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल रहा है। जिसके कारण बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है। अंबाला रोड़ से जैसे ही नागला रोड पर जाते हैं तो मानव मंगल स्कूल तक पूरी की पूरी सड़क टूटी हुई है जिसके चलते कई बार वाहन चालक भी दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं । इस रोड़ पर दर्जनों सोसाइटियां बनी हुई है जिनमें हजारों की संख्या में लोग रहते हैं और प्रतिदिन लोगों का इस सड़क पर आना-जाना रहता है। इस रोड़ पर एक बड़ा स्कूल होने के कारण स्कूल की बसें भी आती जाती है जो के टूटी हुई सड़क के कारण कभी भी हादसा ग्रस्त हो सकती है और स्कूल में आने जाने वाले बच्चों को भी नुकसान हो सकता है।



नगला रोड़ पर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या वर्षो पुरानी है । नगर परिषद अधिकारियों को इस संबंधी जानकारी होने के बावजूद भी इसका स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा।

**खरैती राम निवासी बाजीगर बस्ती।**



नगला रोड़ वाली सड़क टूटी हुई है जगह-जगह खड़े पड़े हुए हैं हमें आने-जाने में भारी परेशानी होती है हमारे वहां भी कई बार क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

**अमरीक सिंह निवासी बाजीगर बस्ती।**

नगला रोड़ पर सीवरेज की लाइन का काम चल रहा है जल्द ही सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का समाधान हो जाएगा। उसके बाद ही सड़क बनाने का काम किया जाएगा।

**जतिंदर सिंह बैंस, एसडीओ नगर परिषद जीरकपुर।**

## स्पीकर ने वर्ष 2025-26 के लिए सदन की विभिन्न कमेटियों के लिए पंजाब विधानसभा के सदस्य किए मनोनीत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर ने वर्ष 2025-26 के लिए सदन की विभिन्न कमेटियों के लिए पंजाब विधानसभा के सदस्य मनोनीत किये हैं। इस संबंध में नोटीफिकेशन जारी कर दिये गये हैं।

नीचे दिए गए सदस्यों को कमेटियों के चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है:-

डॉ. इंदरबीर सिंह निज्ज़र - लोक लेखा कमेटी

स. जगरूप सिंह गिल्ल - सरकारी कारोबार कमेटी

स. मनजीत सिंह बिलासपुर - अनुमान कमेटी

श्रीमती सरवजीत कौर माणूके - अनुसूचित जाति, अनुसूचित कबीलों और पिछड़ी श्रेणियों की भलाई के लिए कमेटी

जय कृष्ण सिंह, हाउस कमेटी

माननीय डिप्टी स्पीकर (पद के आधार पर सभापति)

स. कुलवंत सिंह, स्थानीय निकाय संबंधी कमेटी

श्री बुद्ध राम पंचायती राज इकाईयों संबंधी कमेटी

स. गुरप्रीत सिंह बणांवाली कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों संबंधी कमेटी

स. सरवन सिंह धुन सहकारिता और इससे जुड़ी गतिविधियों संबंधी कमेटी

स. कुलवंत सिंह पंडोरी विशेष अधिकार कमेटी

स. दविंदरजीत सिंह लाडी ढोस सरकारी आश्वासन कमेटी

स. कुलवंत सिंह सिद्धू अधीन विधान कमेटी

श्री ब्रह्म शंकर जिम्पा - पटीशन कमेटी

डॉ. मोहम्मद जमील उर रहमान पेपर लोड और लाइब्रेरी कमेटी

श्रीमती इंदरजीत कौर मान क्वेश्चन्स और रेफरेंसेज़ कमेटी

## सिगमा सिटी चौंक में पार्किंग की जगह पर लगे मात्र 2 स्टॉल्स उठाकर की खानापूर्ति की कार्यवाही

एनफोर्समेंट विंग के अधिकारी ने गाड़ी खराब होने की दुहाई

आखिर क्यों टीम द्वारा नहीं की जाती कोई भी ठोस करवाई ?

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 19 मई।** सिगमा सिटी चौंक से लेकर पूरे लोहगढ़ रोड़ पर अवैध रूप से पार्किंग की जगह पर रेहड़ियों तथा फूड स्टॉल्स लगे हुए थे जिस संबंधी अर्थ प्रकाश द्वारा इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिस पर नगर परिषद द्वारा सोमवार को ही कार्रवाई करते हुए वहां पर लगे हुए फूड स्टॉल तथा रेहड़ियों को उठा लिया गया। अब देखना यह होगा कि इस कार्रवाई का कब तक असर रहता है और कब तक यह उठाई हुई रेहड़ियां वापस की जाती है।

देखने में यह भी आया है कि नगर परिषद की टीम द्वारा कार्यवाही सिर्फ उसी जगह पर मात्र दो फूड स्टॉल्स पर ही की गई है जिस जगह की फोटो अर्थ प्रकाश द्वारा प्रकाशित की गई थी दूसरी तरफ टीम का कोई ध्यान नहीं गया जाम की उसी जगह के बिल्कुल सामने पार्किंग की जगह पर फूड स्टॉल्स अब भी देखे जा सकते हैं इसके अलावा मंत्र 200 मीटर की दूरी पर डिफेंस एनक्लेव के पास भी दुकानदारों द्वारा पार्किंग की जगह पर कब्जे किए हुए हैं। यहां पर एक बड़ा सवाल उठता है कि खबरें प्रकाशित होने के बाद ही नगर परिषद द्वारा कार्रवाई की जाती है। अपने आप नगर परिषद के इंफोर्समेंट विंग का इन अवैध कब्जों की तरफ ध्यान क्यों नहीं जाता? इसके पीछे क्या कारण है ? क्या यह सब खेल मिली भगत का है?

### पटियाला चौंक के पास फिर से हो गया है रेहड़ी फड़ी वालों का कब्जा

पिछले हफ्ते खबर प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद की इंफोर्समेंट टीम द्वारा पटियाला चौंक से अंबाला की तरफ जाने वाली रोड़ पर प्रीत कॉलोनी के आगे रेहड़ी फड़ी वालों पर कार्रवाई की थी लेकिन कार्रवाई के ठीक अगले दिन से फिर से लोगों द्वारा रेहड़ी फड़ी लगाकर सड़क पर कब्जा जमा लिया है। उसे दिन की कार्रवाई में नगर परिषद द्वारा 17 मंजे जप्त किए गए थे लेकिन इसके अलावा उनका कोई भी समान नहीं उठाया गया था। रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा फिर से नए मंजे लाकर उन पर अपना सामान रखकर कब्जा जमा लिया है। सवाल यह उठता है कि नगर परिषद द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की जाती।

हमने आज मौके पर जाकर पार्किंग की जगह पर लगे दो फूड स्टॉल उठा लिए हैं और आगे भी धीरे धीरे यह कार्रवाई जारी रहेगी। हमारी गाड़ी भी खराब है और हमारे पास और भी कई क्षेत्रों से शिकायतें आई हुई है सभी पर एक-एक करके कार्रवाई की जा रही है।

**परमिंदर सिंह इंचार्ज एनफोर्समेंट विंग, नगर परिषद जीरकपुर।**

### मुख्यमंत्री और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने राखीगढ़ी के विकास को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# मुख्यमंत्री ने 20 करोड़ लागत की तीन विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**राखीगढ़ी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के दिए निर्देश**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सिन्धु घाटी सभ्यता के ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी में स्थापित संग्रहालय एवं व्याख्यान केंद्र में 20 करोड़ लागत की तीन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिनमें विश्रामगृह, छात्रावास तथा कैफेटेरिया शामिल हैं। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और लोक निर्माण एवं जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री ने आईकोनिक स्थल राखीगढ़ी पर तैयार की गई पुस्तिका का भी विमोचन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्रामगृह, कैफेटरिया तथा हॉस्टल बनने से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों तथा विद्यार्थियों को शानदार सुविधाएं मिलेंगी। 17 कमरों वाला रेस्ट हाउस आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। हॉस्टल में विद्यार्थियों के ठहरने के लिए 13 डोरमैट्री बनाई गई हैं। इसके अलावा डाइनिंग हॉल की सुविधा भी रहेगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यहां खुदाई के दौरान अब तक प्राप्त हड़प्पा कालीन वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में हड़प्पा कालीन बच्चों के खिलौने, टैराकोटा छकड़ा गाड़ी का पहिया, दीए, टैरा कोटा मनके, मालाएं इत्यादि वस्तुओं को रखा गया।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने यहां पर जो भी कार्य किया है उसकी योजना और गुणवत्ता बेहद उत्तम है। इसके अलावा, हिसार की ही एक अन्य पुरातात्विक साइट अग्रोहा जहां अभी भी उत्खनन चल रहा है। इन जैसे सभी स्थलों को एकीकृत करके यहां सिंधु सरस्वती की सभ्यता का केंद्र बनाने पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई है और सभी योजनाओं को आगामी दो साल में पूरा कर लिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र ने इससे पहले, पुरातात्विक स्थलों का दौरा किया।

इस अवसर पर विधायक श्री विनोद भ्याणा, श्री रणधीर पनिहार, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री डीपी वत्स, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यू, विरासत एवं पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती कला रामचंद्रन, पुरातत्व विभाग के निदेशक श्री अमित खत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**राखीगढ़ी के विकास को लेकर हुई बैठक**

इसके उपरांत, मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री ने राखीगढ़ी के विकास को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और राखीगढ़ी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राखीगढ़ी संग्रहालय एवं व्याखान केंद्र का निमार्ण कार्य तेजी से पूरा किया जाए। पुरातात्विक साइटों पर शेड का निर्माण करवाया जाये ताकि उत्खनन कार्य साल के 12 महीने निरंतर चल सके। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए म्यूजियम को पुरातात्विक साइटों के साथ जोड़ा जाए और लाइटिंग, पार्किंग इत्यादि की व्यवस्था के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। बैठक के उपरांत, पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राखीगढ़ी में 1960 के बाद विभिन्न चरणों में हुई खुदाई के दौरान जो अवशेष मिले हैं, उनसे प्रामाणिक रूप से सिद्ध हो जाता है कि लगभग 8000 वर्ष पूर्व यहां मानव सभ्यता विकसित रूप में निवास कर रही थी। यहां खुदाई में मिले सभ्यता और सभ्यता के विकास के पुख्ता प्रमाण बताते हैं कि पूरे विश्व में भारत की सभ्यता सबसे प्राचीन है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने राखीगढ़ी को प्रमुख पर्यटन केंद्र और पुरातात्विक अध्ययन एवं इतिहासकारों के शोध के लिए विकसित करने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। इसे विभिन्न चरणों में पूरा किया जाना है।

## सीईटी के नियम तक तय नहीं कर पा रही सरकार: हुड्डा

**हाईकोर्ट में खुली सरकार के दावों की पोल**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि एक बार फिर हाई कोर्ट के सामने बीजेपी सरकार की पोल खुल गई है। भर्तियां या सीईटी करवाना तो दूर, इतने साल बाद भी सरकार सीईटी के नियम तक तय नहीं कर पाई। अब बाकायदा हाई कोर्ट ने नियम तय करने के आदेश दिए हैं। ऐसा ना कर पाने पर कोर्ट ने मुख्यमंत्री या आयोग के अध्यक्ष को पेश होने के सख्त निर्देश दिए हैं।

हुड्डा ने कहा कि तीसरी बार सत्ता हथियाने के बाद बीजेपी सरकार ने फिर से बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ शुरू कर दिया है। इतने महीने बाद भी अब तक ग्रुप सी और डी पदों की भर्ती के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। वर्षों से सीईटी का इंतजार कर रहे लाखों युवाओं के साथ इस सरकार ने सबसे बड़ा धोखा किया है। कायदे से हर 6 महीने या 1 साल के भीतर एक बार सीईटी होना चाहिए। लेकिन बीजेपी 5 साल में बमुश्किल एक बार ये टेस्ट करवा पा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा कि पिछले कार्यकाल के दौरान भी भाजपा द्वारा यही खेल खेला गया था। सरकार ने पूरे 5 साल तक जानबूझकर भर्तियों को लटकाए रखा।

इतना ही नहीं सीईटी पास युवाओं को 9000 महीना देने का वादा करके सत्ता में आई भाजपा का ये वादा भी झूठा साबित हुआ। इस बार के बजट में कहीं भी सीईटी पास युवाओं को 9000 रुपये मासिक देना का जिक्र तक नहीं है।

हुड्डा ने कहा कि भर्तियों के नाम पर धांधली और लेटलतीफी इस सरकार का तय नियम बन गया है। इसी के चलते पिछले महीने ही हाई कोर्ट ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पर 50 हजार का जुर्माना लगाया था। टीजीटी भर्ती मामले में सरकार को आईना दिखाते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट तौर पर एग्जामिनर्स की योग्यता पर सवालिया निशान खड़ा किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (1946) करनाल में विगत वर्षों की भांति इस बार भी बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है विद्यालय का कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है विद्यालय की 61 छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी तथा इनमें से चार छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक और 58 छात्राओं ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय स्तर पर शिवानी से सुपुत्री श्री कशमीर सिंह ने 460/500(92 प्रतिशत) अंक लेकर प्रथम स्थान माफी सुपुत्री श्री ईश्वर चंद ने 459/500(91.8 प्रतिशत) अंक लेकर दूसरा स्थान, सिमरन सुपुत्री श्री दर्शन कुमार454/500(90.8 प्रतिशत) अंक लेकर तीसरा स्थान तथा योगिता सुपुत्री श्री गोवर्धन ने 451/500(90.2 प्रतिशत) अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य मनदीप शर्मा ने सभी छात्राओं और स्टाफ सदस्य को बधाई दी और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर विद्यालय की छात्राएं अभिभावकगण व नगरपालिका निसिंग के पार्षद राजपाल, लंब्बू जांगड़ा, समाजसेवी रणजीत कपूर तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिक्षा परिणाम के शत–प्रतिशत आने की खुशी में अमूपूर निवासी श्री रामधारी सिंह ने 10 पंखे विद्यालय को दान स्वरूप भेंट किए।

### स्वामी अमरदेव आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** स्वामी अमरदेव सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोंदर के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा में शानदार अंक प्राप्त करके अपने स्कूल और अपने गांव का नाम रोशन किया। स्कूल का रिजल्ट अच्छा आने की खुशी में स्कूल प्रबंधक श्री गोविंद जी और स्कूल के प्रिंसिपल सरदार जसवंत सिंह जी ने बच्चों का मुंह मीठा करवाया और बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। प्रिंसिपल सरदार जसवंत सिंह ने अध्यापकों की लगन मेहनत और विद्यार्थियों के सहयोग के लिए धन्यवाद किया बच्चों के मार्गदर्शन के लिए प्रेरणादायक शब्द भी बोले यह स्कूल के लिए बड़ा ही गर्व का समय है इस अवसर पर स्कूल की वाइस प्रिंसिपल मैडम शालू गांधी ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए मोटिवेट भी किया इस अवसर पर उमेश मैडम,सिमरन ,रेखा ,परमजीत, कविता,सूरजपाल, कपिल , अध्यापक मौके पर मौजूद रहे।

### रामानुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नया कीर्तिमान स्थापित



**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** जिले के गांव घडावठी स्थिति रामानुजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का पिछले कई वर्षों की तरह स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। रामानुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विधार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं तथा 12वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक और नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। विद्यालय के डायरेक्टर कृष्ण सेहरावत ने बताया कि कक्षा दसवीं में 47 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की, विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र आकाश पुत्र सत्यनारायण ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 12वीं का भी परीक्षा परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने का काम किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा निधि पुत्री संदीप कुमार ने 90 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इन प्रतिभाओं के सम्मान समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर कृष्ण सहरावत, अकैडमी डायरेक्टर राजकुमार नरवाल, प्रधानाचार्य जितेंद्र नरवाल, गांव कथुरा के सरपंच नवीन कुमार, गांव घडावठी के सरपंच प्रतिनिधि रवि कुमार सहित अभिभावकगण व सभी अध्यापकगणों ने विद्यार्थियों को बधाई देकर आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अकैडमी डायरेक्टर राजकुमार नरवाल ने बच्चों को मिठाई खिलाते भी कहा की पढ़ेगे तो बढ़ेगे की शिक्षा देते हुए हमारा स्कूल लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नई कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस शानदार परीक्षा परिणाम पर उन्होंने सभी शिक्षकों व अभिभावकों का अभिनंदन भी किया।

## वेतन और सेवा अवधि की मांग को लेकर नवनियुक्त पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 19 मई।** जिले के नवनियुक्त पटवारियों ने अपनी वेतन और सेवा अवधि को लेकर लंबित मांगों को दोहराते हुए विधायक सतपाल जांबा और जिला राजस्व अधिकारी चंद्र मोहन के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। पटवारी प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उनकी नियुक्तियां अक्टूबर नवंबर 2024 में हुई थीं और प्रशिक्षण की शुरुआत 1 जनवरी से की गई थी। पटवारियों ने बताया कि गत 7 जनवरी को पंचकूला में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वयं मंच से यह घोषणा की थी कि पटवारियों की प्रशिक्षण अवधि को घटाकर 1 वर्ष किया जाएगा और प्रशिक्षण काल को सेवा काल में जोड़ा जाएगा। साथ ही, यह भी घोषणा की गई थी कि नियुक्ति की तिथि से पूर्ण वेतन दिया जाएगा। उनका कहना है कि इस ऐलान को अब चार महीने से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अब तक न तो सेवा गणना का कोई नोटिफिकेशन जारी हुआ है और न ही पिछले 6 महीनों का वेतन दिया गया है। इससे पटवारियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। पटवारियों ने कहा कि उनमें से लगभग 80 प्रतिशत युवा अपनी पुरानी नौकरियों से इस्तीफा देकर इस सेवा में आए हैं और अब उन्हें बिना वेतन के कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को कई बार मंत्री, विधायक और विभागीय अधिकारियों के माध्यम से पत्र लिखे जा चुके हैं, परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द नोटिफिकेशन जारी करने और लंबित वेतन भुगतान की मांग की है।

## विधायक रामकुमार कश्यप ने राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर की सरपंचों के साथ बैठक

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी



**इन्द्री, 19 मई।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने 23 मई को लाडवा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए आज खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में हलके के सरपंचों के साथ बैठक की।

उन्होंने सरपंचों का आह्वान किया कि वे 23 मई को लाडवा में आयोजित होने वाले महर्षि कश्यप जयंती समारोह में अपने गांवों से भारी संख्या में लोगों को लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक समारोह के माध्यम से हमें अपने महापुरुषों की जीवन में घटित घटनाओं के बारे में जानकारी मिलती है, जो हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित भी करती है। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश के भिन्न-भिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को महर्षि कश्यप जयंती समारोह में पहुंचने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जंयती समारोह में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ ही जयंती समारोह में अन्य मंत्रीगण एवं राज्य के सभी जिलों से सर्व समाज के लोग हजारों की संख्या में शामिल होंगे।

विधायक ने कहा कि सभी सरपंचों को जनता ने अपना प्रतिनिधि चुना है, इसलिए हमें बिना किसी भेदभाव के जनता की सेवा में विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने गांवों में विकास कार्यों को करवाने के लिए सरकार के साथ तालमेल अवश्य बनाए रखें, ताकि अधिक से अधिक विकास कार्य करवाए जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव विकास कार्यों को करवाने में विश्वास करती है। हर क्षेत्र में किसी न किसी रूप में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार दिन-प्रतिदिन हर वर्ग के कल्याण के लिए नई-नई योजनाएं एवं नीतियां बनाकर प्रदेश के लोगों के हित में लागू कर रही है। इन नीतियों एवं योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में ग्राम पंचायत अहम योगदान दे सकती है उन्होंने सरपंचों को आश्वासन दिया कि विकास कार्य करवाने में सरकार और प्रशासन की ओर से उनको किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और गांवों के विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है।

## कलानौर स्थित टिकाणा सति भाई सांई दास में महंत सतीश दास चैरिटेबल अस्पताल का हुआ शिलान्यास

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 19 मई।** कलानौर स्थित टिकाणा सति भाई सांई दास में गद्दीनशीन महंत रामसुखदास महाराज व विभिन्न गुरु गद्दियों के संत महापुरुष के सानिध्य 100 बेड् वाले अत्याधुनिक महंत सतीश दास चैरिटेबल अस्पताल का शिलान्यास किया गया 7 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, एलपीएस बोसार्ड रोहतक के एमडी राजेश जैन, डॉ. अनिल बिरला, डॉ. एच के अग्रवाल , डॉ. आदित्य बत्रा, डॉक्टर करण भूटानी और डॉक्टर सतीश चुघ मौजूद रहें 7 सर्वप्रथम हवन का आयोजन किया गया जिसके पश्चात् भूमि पूजन करके अस्पताल की नींव रखी गयी। इस अवसर पर राजेश जैन ने कहा टिकाणा सति भाई सांई दास के माध्यम से पहले से ही भोजन, जल और स्वाथ्य के सेवाएं आमजन तक पहुंच रही है और इस अस्पताल के बाद तो चिकित्सा के क्षेत्र में कलानौर और आसपास के लोगो को और अधिक बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी, मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा की टिकाणा सति भाई सांई दास का यह कदम अत्यंत सराहनीय है उन्होंने इस अस्पताल में एक ट्रॉमा सेंटर बनाने का सुझाव दिया जिससे की आस-पास दुर्घटना के केस में घायल व्यक्ति को उचित इलाज मिल सके अंत में गद्दी नशीन महंत रामसुखदास महाराज ने सभी गुरु गद्दियों के संत महापुरुषो व् सभी अतिथियों व् साध संगत को अपने आशीर्वचन से कृतार्थ किया, महाराज जी ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा की आप लोगो के कारण हमे इतनी ऊर्जा व् शक्ति मिलती है जो हम ऐसे प्रकल्प शुरू कर सकते है। इस अवसर पर राजेश जैन, एमडी -एलपीएस बोसार्ड दवारा आश्रम में पहले से चल रही।

### आरकेएसडी कॉलेज में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**कैथल (अप्रस)।** आरकेएसडी कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शैक्षणिक सत्र 2025–26 के अंतर्गत 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए चल रही इस प्रवेश प्रक्रिया में कॉलेज स्तर पर सीटवार विवरण अपलोड करने की अंतिम तिथि 17 मई थी जबकि छात्रों का पंजीकरण 19 मई से प्रारंभ होना निर्धारित था। अब यह पोर्टल छात्रों के पंजीकरण के लिए पूरी तरह कार्यशील है और छात्र इस पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मेहला ने बताया कि कॉलेज ने सफलतापूर्वक अपनी सीटवार जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है तथा प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न प्रवेश डेस्कों एवं समितियों का गठन कर लिया गया है। डॉ. मेहला ने यह भी जानकारी दी कि कॉलेज के स्टाफ रूम में एक हेल्प डेस्क स्थापित की गई है जहां छात्र उपलब्ध पाठ्यक्रमों, विषय संयोजन और अन्य जानकारियों के संबंध में अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## अध्यापकों की अथक मेहनत का साकार रूप है परिणाम: रवि भूषण गर्ग



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 19 मई।** शोरा कोठी स्थित बीआरडीएम पब्लिक स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। शानदार परीक्षा परिणाम के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में माहौल खुशिया भरा रहा। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा विद्यार्थियों के सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में एसएस सोसाइटी के चेयरमैन रविभूषण गर्ग ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या श्रेया गर्ग ने की। मेधावी छात्रों को एमडी रविभूषण गर्ग द्वारा पुष्प माला डालकर उनका स्वागत किया गया। रवि भूषण गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक छात्रों के ऊपर सारा वर्ष मेहनत करता है और उसका साकार रूप परिणाम में दिखाई देता है। प्राचार्या श्रेया गर्ग ने बता की कुल 17 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। जिसने 7 छात्र मेरिट सूची एवं 10 छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए। श्रेया गर्ग एन सभी को इस शानदार परिणाम की बधाई दी।

### भाना, करोड़ा व बाकल के सरकारी स्कूलों में चलाया स्वच्छता अभियान

**कैथल (अप्रस)।** जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, उप–प्रधान सोनिया व वार्ड नंबर एक के पार्षद संजीव भाणा ने ग्राम पंचायत भाना, करोडा व बाकल के सरकारी स्कूल संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्कीम इंचार्ज प्रदीप कुमार ने खुले में शौच मुक्त, घर–घर से कचरा इकट्ठा करने, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। खंड शिक्षा अधिकारी पूंडरी नरसी सांगवान द्वारा बच्चों को सफाई के बारे में बताया। एसएचओ पूंडरी रेखा ने नशा मुक्ति के बारे में व स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों में होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया। इस अभियान में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा के पानी का टीडीएस चैक किया गया जिसमें ग्राम पंचायत भाणा में 251, करोड़ा में 350 व बाकल में 120 टीडीएस पाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी के राशन की गुणवत्ता को भी चैक किया गया। इस अवसर पर उप–प्रधान सोनिया व पार्षद संजीव माणा द्वारा स्कूलों में डस्टबीन, सैनेटरी पैड डिस्पोजल मशीन, कैलेंडर व स्वच्छता पुस्तिका की वितरित की गई।

### काम में लापरवाही मिलने पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ एवं जेई को रूल-7 के तहत चार्जशीट करने के दिए आदेश

# मंत्री रणबीर गंगवा ने किया सीवरेज निर्माण कार्य का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 19 मई।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार सायं गांव फतेहपुर में डाले जा रहे सीवरेज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विधायक सतपाल जांबा व उनकी टीम द्वारा निर्माण कार्य में बताई गई खामियों का निरीक्षण करने के बाद मंत्री ने काम में लापरवाही मिलने पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ एवं जेई को रूल-7 के तहत चार्जशीट करने के आदेश दिए। साथ ही यदि निर्माण एजेंसी द्वारा समय पर काम पूरा नहीं किया गया तो टेंडर रद्द करके आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री रणबीर गंगवा ने फतेहपुर गांव में डाले जा रहे सीवरेज के चार प्वाइंटस का निरीक्षण किया। जहां पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने उनकी टीम द्वारा जुटाई गई जानकारी के आधार पर बताया कि सीवरेज निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। सीवरेज के मेनहोल में पाइप के बंद होने, मेनहोल में गलियों के लिए कनेक्शन न दिए जाने, सीवरेज के बीच में पाइप न डाले जाने जैसी लापरवाही मंत्री को बताई। मंत्री ने चारों जगहों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से जवाब मांगा और कहा कि इस कार्य की पूरी तरह से निगरानी की जाए। काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हरियाणा सरकार एक-एक गांव में महाग्राम योजना के तहत तीस से चालीस करोड़ रुपये खर्च कर रही है, ताकि लोगों को सुविधाएं मिल सके। ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए कि वे इस कार्य की निगरानी करें। समय देने के बावजूद काम पूरा न हो तो एजेंसी का टेंडर रद्द करके आगामी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने इस काम के जिम्मेवार जनस्वास्थ्य विभाग के जेई व एसडीओ को रूल-7 के तहत चार्जशीट करने के आदेश जारी किए।

**विधायक जांबा ने दी कार्यों की बारीकी से जानकारी**

विधायक सतपाल जांबा ने इस दौरान कई कार्यों की बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम किया जा रहा है। इसलिए काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पूंडरी में आमजन को सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ पहुंचाया जाएगा। इससे पूर्व लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में मीडिया से बातचीत में लोक निर्माण एवं पंचायत मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि महाग्राम योजना के तहत सीवरेज सिस्टम शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में 148 गांव चिन्हित किए हैं, जिसमें 16 गांवों में कार्य पूरा किया जा चुका है तथा 20 गांवों में कार्य चल रहा है। इन गांवों में सीवरेज, पेयजल जैसी शहरी स्तर पर सुविधाएं दी जाती हैं। महाग्राम योजना के तहत चल रहे पूंडरी में कार्य को देखने के लिए वे आज यहां आए हैं।

**पंजाब सरकार कर रही है ओच्छी राजनीति**

पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोके जाने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि हरियाणा पंजाब से अपने हक का पानी मांग रहा है, हम पंजाब का पानी नहीं मांग रहे हैं। पंजाब सरकार ओच्छी राजनीति कर रही है। पानी एक प्राकृतिक स्रोत से आ रहा है। बीबीएमबी का बंटवारा पहले से ही हो चुका है कि किस राज्य को कितना पानी मिलेगा। समय-समय पर बीबीएमबी इसकी समीक्षा करता है कि किस राज्य को पानी की उपलब्धता अनुसार कितना पानी दिया जा सकता है। पूर्व में अप्रैल से जून तक हरियाणा को साढ़े आठ हजार से लेकर नौ हजार क्यूसिक पानी मिलता रहा है। इस बार भी यह पानी दिया जा सकता है। इसमें से पंजाब सरकार ने गलत तरीके से हरियाणा का साढ़े चार हजार क्यूसिक पानी रोकने का काम किया। जिसकी वजह से पेयजल के पानी की किल्लत आई है। इसके बाजवूद जनस्वास्थ्य विभाग ने पूरे प्रदेश में पानी दे रहे हैं। कई जिलों में नहरी आधारित पेयजल आपूर्ति में पानी की कमी होने के बावजूद एक मैनेजमेंट सिस्टम बनाकर लोगों को पेयजल दिया गया।

# धर्मशाला के बैंक में 5 करोड़ का घोटाला






अर्थ प्रकाश संवाददाता

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के धर्मशाला में जम्मू-कश्मीर बैंक की 5 करोड़ का घोटाला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने धर्मशाला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसके द्वारा लोन के लिए जमा किए गए दस्तावेजों का इस्तेमाल किसी अन्य व्यक्ति को लोन देने में किया गया। मामले में धारा 420 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

शिकायतकर्ता मदन लाल कपूर ने बताया कि 30 जुलाई 2019 को जम्मू-कश्मीर बैंक के अधिकारियों और कावी होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों ने धोखाधड़ी की। बैंक की औपचारिकताओं के नाम पर उनके खाली दस्तावेजों पर हस्ताक्षर लिए गए। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फर्जी बैंक गारंटी बनाई गई।

**अन्य व्यक्ति को 5 करोड़ रुपए का लोन दिया:** इस फर्जी गारंटी के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति को 5 करोड़ रुपए का लोन दिया गया। इसके बाद शिकायतकर्ता की निजी संपत्तियों को अटैच कर दिया गया। पीड़ित को तब मामले का पता चला जब उन्हें लोन न लेने के बावजूद कानूनी नोटिस मिलने लगे।

**एएसपी का बयान :** एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता के आरोपों की जांच की जा रही है। दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। आरोपी लोगों से पूछताछ की जाएगी।

# पंजाब विश्वविद्यालय में स्मार्टमेड 2025 का 23 को होगा आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, डीएसटी-प्रायोजित टेक्नोलॉजी एनेबलिंग सेंटर (पंजाब विश्वविद्यालय) और पंजाब राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से स्मार्टमेड 2025 स्ट्रैटेजिक मीट फॉर एकेडेमिया-रिसर्च-ट्रांसफर इन मेडिकल डिवाइसेस का आयोजन कर रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सम्मेलन 23-24 मई को पंजाब विश्वविद्यालय में होगा। यह आयोजन हाइब्रिड मोड में होगा, जिसमें उद्योग की भौतिक भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। पीयू के डीएसटी-टेक्नोलॉजी एनेबलिंग सेंटर और मैनेजर डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन में 58 स्वदेशी मेडिकल डिवाइस प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनका टेक्नोलॉजी रेडीनेस लेवल (टीआरएल) 4 और उससे ऊपर है। प्रत्येक आविष्कारक अपनी नवाचार को 7 मिनट में प्रस्तुत करेगा, जिसके बाद 5 मिनट का प्रश्नोत्तर सत्र होगा। ये प्रौद्योगिकियाँ डायग्नोस्टिक और थेरेप्यूटिक डिवाइसेस, सर्जिकल उपकरण, अस्पताल उपकरण, ऑर्थोपेडिक और पुनर्वास सहायक उपकरण, शिशु और नवजात उपकरण, वियरेबल्स और स्वास्थ्य निगरानी समाधान उद्योग के क्षेत्रों को कवर करेंगी। यह आयोजन मेडिकल डिवाइस उद्योग को तैयार-से-हस्तांतरण नवाचारों को देखने, आविष्कारकों के साथ सीधे बातचीत करने और लाइसेंसिंग व सहयोग चर्चाओं को शुरू करने का बेहतरीन अवसरहै। यह मेक इन इंडिया पहल को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# उच्च न्यायालय के आदेश के बाद नहर पार के किसानों को आवासीय प्लाट मिलने कि बनी उम्मीद: वशिष्ठ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फ़रीदाबाद ।** नहर पार ग्रेटर फरीदाबाद किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने किसानों को बुलाकर सेक्टर 12 मे जानकारी दी कि उच्च न्यायालय के फैसले के बाद 18 शहरों में विस्थापितों को प्लाट देगी सरकार।इस सूची मे फरीदाबाद का भी नाम सम्मिलित है।

वशिष्ठ ने बैठक मे बोलते हुए कहा की सेक्टर 75/80 के लिए किसानों की बैगर मज़ी के लगभग 300 ऐकड. ज़मीन का अधिग्रहण किया गया था। इस ज़मीन को मात्र सोलह लाख रुपये प्रति एकड़ से अधिग्रहीत किया गया था।किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि जिन भी नहर पार के किसानों कि जमीन अधिकृत की गई है उन्हे सरकार उच्च न्यायालय के आदेश पर फार्म भरवाएगी और रिहायशी प्लॉट देगी।वशिष्ठ ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को किसानों के हक़ मे ऐतिहासिक फैसला बताया ।इस फैसले से किसानों को आवासीय प्लाट मिलने कि उम्मीद जगी है। नहर पार के किसानों ने कई वर्षो तक अपनी जमीन को बचाने के लिए कई वर्षो तक आंदोलन किया लेकिन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने किसानों को ना तो लैंड पुल्लिंग पॉलिसी में जोड़ा ओर ना ही रिहायशी प्लांट दिए ।किसानों कि जमीन अधिकृत होने के बाद भी किसानों को कोई फायदा नही हुआ।और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने किसानों कि जमीनों पर प्लाट काट कर बहुत मोटें मुनाफ़ा में बेच दिया।

उच्च न्यायालय ने किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फ़रीदाबाद की याचिका व विभिन्न याचिकाओं का निपटारा करते हुए हरियाणा सरकार को नीति के मुताबिक जमीन मालिको को अधिग्रहण के बदले में आवासीय प्लाट देने का निर्देश दिया है।इस फैसले को लेकर नहर पार के किसानों ने खुशी जाहिर कि है। किसान संगर्ष समिति के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि नहर पार के किसानों के संघर्ष से अन्य ज़िलों के किसानों को प्लाट मिलने की उम्मीद बन गई हैं वशिष्ठ ने सरकार से अपील की है की जिन किसानों की जमीनों को अधिकृत करके प्लाट काटे गए है। उन्हीं जमीन मे रिहायशी प्लाट कम दर के हिसाब से आवंटित किए जाए।और कम दर पर किसानों से पैसा लिया जाए ।

# राम दरबार सुधार सभा के डेलाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की राम दरबार कॉलोनी में राम दरबार सुधार सभा नशा मुक्ति द्वारा डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 60 क्रिकेट टीमों ने भाग लिया इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य मनीष बंसल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे टूर्नामेंट के आयोजकों ने मनीष बंसल को सम्मानित किया। बंसल के साथ चंडीगढ़ महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष दीपा दुबे, चंडीगढ़ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हाफिज अनवरउल हक, चंडीगढ़ कांग्रेस के जिला एक के अध्यक्ष रवि ठाकुर, विनोद शर्मा, आशीषगजनी, साहिल दुबे, मीरगुलरिया, सीटू, भगवान श्री वाल्मीकि शोभायात्रा आयोजन कमेटी चंडीगढ़ के अध्यक्ष समंदर वेद जोसेफ और वरिष्ठ भाजपा नेता देवी सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर वेस्ट कांग्रेस नेता महेश बंसल ने रामदेवरा सुधार सभा नशा मुक्ति द्वारा डेलाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल भावना और सामाजिक जागरूकता का यह संगम समाज में परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरणादायक कम है।

# भारत सेनाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी की भाषा में अंतर, सर्वदलीय बैठक में कुछ और बाहर कुछ : बिहारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने जारी प्रैस बयान में कहा कि वर्तमान समय में पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी के आग्रह पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि इन यात्राओं का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेनाओं की वीरता, साहस एवं पराक्रम का सम्मान करना, अभिनंदन करना है। जिस प्रकार से भारतीय सेनाओं ने कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा भारतीय पर्यटकों की नृशंस हत्याओं का मुंहतोड़ जवाब पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर दिया है, वह हमारी सेनाओं की वीरता और कौशल को प्रदर्शित करता है। इन यात्राओं में केवल भाजपा ही नहीं अपितु पूरे समाज के लोग सहभागी हो रहे हैं।

बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि सिटिजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले इन तिरंगा यात्राओं का संचालन पूरे देश में व हिमाचल प्रदेश में किया जा रहा है और जिस प्रकार से इन तिरंगा यात्राओं में आम जनमानस जुड़ रहा है उससे स्पष्ट होता है कि जिस प्रकार से भारतीय सेनाओं ने अपना शौर्य दिखाया है, उससे प्रत्येक भारतवासी गौरवान्वित है और इन तिरंगा यात्राओं से हमारी राष्ट्र की सेनाओं का मनोबल भी बढ़ा है।

बिहारी लाल शर्मा ने आगे कहा कि विपक्षी दल के कुछ नेताओं ने जिस प्रकार से बयानबाजी की है वह निंदनीय है और इस प्रकार की भाषा का उपयोग हमें हमारे देश व सेना के लिए कतई नहीं करना चाहिए इससे न केवल सेनाओं का मनोबल आहत होता है बल्कि आतंकवादियों व पाकिस्तानियों को आश्रय भी मिलता है। उन्होनें कहा कि विपक्षी दल जब सर्वदलीय बैठक में शामिल होते हैं तो वहां उनकी भाषा कुछ और होती है और बैठक से बाहर आते ही उनकी भाषा बदल जाती है।

बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि देश व सेना के सम्मान के लिए राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर सभी को इन तिरंगा यात्राओं में शामिल होना चाहिए और आम जनमानस को भी इन तिरंगा यात्राओं में सम्मिलत होकर देश व सेना के सम्मान को बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में 171 मंडलों एवं 94 जिला परिषद वार्डो के तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

# भेड़पालक की पहाड़ी से गिरकर मौत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के धर्मशाला के मैक्लोडगंज थाना क्षेत्र में त्रियुंड की पहाड़ियों पर एक दुखद घटना सामने आई। 69 वर्षीय भेड़पालक हिम्मत पाल की पहाड़ी से गिरने के कारण मौत हो गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया और साथियों से पूछताछ की।

**रास्ते में पहाड़ी से फिसला :** जानकारी के अनुसार हिम्मत पाल कांगड़ा जिले के झिकला चंद्रेटा के रहने वाले थे। वह अपने दो साथियों के साथ करीब 500 भेड़-बकरियों को लेकर त्रियुंड की ऊपरी पहाड़ी इंद्रहारपास की ओर जा रहे थे। रास्ते में पहाड़ी से फिसलकर गिर गए। गिरने से उनके सिर और मुंह में गंभीर चोटें आईं। उनके साथी भेड़पालकों ने कंबल की मदद से उन्हें पहाड़ी से नीचे लाया।

**लोगों ने रेस्क्यू में की मदद**

स्थानीय लोगों ने भी रेस्क्यू में मदद की। मोबाइल सिग्नल मिलने पर परिवार को सूचना दी गई। रविवार सुबह हिम्मत पाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को धर्मशाला अस्पताल पहुंचाया। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने घटना की पुष्टि की है।

# ज़ीरकपुर प्रेस क्लब (रजि. 7309) की बैठक आयोजित



अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** आज जीरकपुर प्रेस क्लब की मासिक बैठक क्लब अध्यक्ष मुक्ति शर्मा की अध्यक्षता में जीरकपुर प्रेस क्लब में हुई। जिसमें क्लब के विस्तार एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर जानकारी साझा करते हुए क्लब अध्यक्ष मुक्ति शर्मा

उन्होंने कहा कि आज जीरकपुर प्रेस क्लब की बैठक हुई है। जिसमें क्लब द्वारा नए निर्णय लिए गए हैं, उन्होंने कहा कि प्रेस हमेशा जनता की आवाज होती है और आज इस बैठक में हमने निर्णय लिया है कि आम जनता की आवाज बनने के साथ-साथ समाज सेवा के कार्य भी किए जाएंगे, जिसमें हर महीने गरीब परिवारों को राशन उपलब्ध कराया जाएगा, मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे, आदि अन्य समाज सेवा के कार्यों में अपना योगदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए खुशी की बात है कि हमारे क्लब के लंबे समय से सक्रिय सदस्य सरबजीत सिंह को प्रेस क्लब का सचिव नियुक्त किया गया है। इस मौके पर देव शर्मा, जतिंदर शर्मा, दया सिंह, सुभाष सैनी, सरबजीत कौर, परमजीत सिंह, हरजीत सिंह, अमित कुमार अनमोल, गुरप्रीत सिंह धीमान, परमजीत सिंह, परवीन शर्मा, कुलदीप सिंह, विशाल आदि मौजूद रहे।

# कण्डाघाट में वन अधिकार अधिनियम, 2006 पर कार्यशाला आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** उपमण्डलाधिकारी कण्डाघाट गोपाल चंद शर्मा की अध्यक्षता में गत दिवस वन अधिकार अधिनियम, 2006 पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों सहित नागरिकों ने भाग लिया।

गोपाल चंद शर्मा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम, 2006 के विषय में हितधारकों को जागरूक करना तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम वनवासी समुदायों को सशक्त बनाने और उन्हें वन भूमि एवं संसाधनों पर कानूनी अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वन भूमि पर कानूनी अधिकार प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिक निर्धारित फार्म पर दावा प्रस्तुत कर सकता है। दावेदार भूमि पर 13 दिसंबर, 2005 से पूर्व लगातार तीन पुश्तों से खेती कर रहा हो, निवास कर रह रहा हो तो वह मालिकाना हक के लिए आवेदन कर सकता है।

उन्होंने कहा कि अधिनियम हितधारकों को पारंपरिक रूप से संकलित की जाने वाली लघु वन उपज को एकत्र करने, उपयोग करने व विक्रय करने का अधिकार प्रदान करता है।

कार्यशाला में विभाग के विशेषज्ञों ने अधिनियम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उद्देश्यों तथा दावों की प्रक्रिया, जांच और अधिकारों के अंतिम निपटारे की, ग्राम सभाओं की भूमिका एवं अधिकारों की पारदर्शी व न्यायसंगत मान्यता की जानकारी दी।

कार्यशाला में संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

उपमण्डलाधिकारी ने अधिनियम के क्रियान्वयन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सतत् समर्थन व अनुवर्ती प्रयासों का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जनजातीय विभाग के अन्वेषण अधिकारी अतुल शर्मा ने भी वन अधिकार अधिनियम, 2006 पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# जॉब ओरिएंटेड ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव 23 को आईटीआई ऊना में

**ऊना (अप्रस)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ग्रेड ए ऊना में 23 मई को सुबह 9.30 बजे एक जॉब ओरिएंटेड ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी इंजीनियर सतीश कुमार ने जानकारी दी कि इस दौरान अशोक लेलैंड पंथनगर उत्ताखंड द्वारा कम्पनी में महिला और पुरूष वर्ग में फिटर, ट्र्नर, मशीनस्टि, वैल्डर, मकैनिक मोटर व्हीकल, मकैनिक डीजल, कोपा, ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल, इलैक्ट्रॉनिक मकैनिक, पेंटर और पीपीओ व्यवसायों में 500 पद भरे जाएंगे। इसके साथ ही आईटीआई के प्रधानाचार्य अंशुल भारद्वाज ने बताया कि साक्षात्कार में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से 15 हजार रूपये प्रारंभिक मासिक वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 18 से 22 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने इच्छुक और योग्य अभ्यर्थियों से आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तावित ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# शाह तलाई से शिमला जाने वाली सड़क पर 40 वर्ष पुराने बने पुल का निर्माण दोबारा से हो



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शाहतलाई।** नगर पंचायत शाह तलाई से घुमारवीं और शिमला को जाने वाली सड़क के ऊपर बना एकमात्र पुल जिसका निर्माण आज से लगभग 40 साल पहले हुआ था धीरे-धीरे इस पल की हालत खराब होती जा रही है, इस पुल के ऊपर से सैकड़ो वाहन रोजाना छोटे बड़े गुजरते हैं पिछले 40 सालों से कई सरकारें आई और गई लेकिन शाह तलाई क्षेत्र मे दुघ ख? के ऊपर बने पुल की हालत के ऊपर किसी ने कोई गौर नहीं की दिन प्रतिदिन इस पुल की हालत खराब होती जा रही है! रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की गाड़ियां भी इसी पुल के ऊपर से गुजरती है!

नगर पंचायत शाह तलाई की समाजसेवी संस्थाओं और स्थानीय लोगों सरदीप, संजीव नेगी, नरेंद्र शर्मा, पविन्दर शर्मा, केवल शर्मा, नरेंद्र कौशल, राजेश कौशल, अनिल कौशल,मनोहर लाल,सुनील सोनी, केशव दत्त, करमचंद भाटिया, मेजर सिंह मस्ताना इत्यादि लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह वह झंडूत्ता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता विवेक कुमार और जिला प्रशासन से मांग की है कि वह यहां पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भेज कर इस पुल का मोआईना करवाया जाए और इस पुल का निर्माण दोबारा नए सिरे से करवाने के लिए बजट का प्रावधान जल्द से जल्द करवाया जाए, नहीं तो आने वाले समय में कभी भी यहां पर यह पुल गिर सकता है क्योंकि इस पुल का निर्माण काफी वर्ष पहले हुआ है इसलिए जल्द से जल्द इस पुल का नए सिरे से निर्माण करवाया जाए!

# महिलाओं ने शहर में सिंदूर यात्रा निकली




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोनीपत।** पाकिस्तान में आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने के लिए भारतीय सेना के शौर्य को नमन करने के लिए महिलाओं ने शहर में सिंदूर यात्रा निकली। यात्रा में महिलाएं भारतीय सेना जिंदाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, के नारे लगाते हाथों में तिरंगा लिए भारी संख्या में मौजूद थी। यात्रा का शुभारंभ पुरखास अड्डा स्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं नगर निगम मेयर राजीव जैन के कार्यालय से हुआ और गीता भवन चौक स्थित दुर्गा मंदिर में समापन हुआ। यात्रा का बाजारों में जगह-जगह पुष्प वर्षा करके दुकानदारों ने स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा किये गये हत्याकांड का बदला लेकर भारतीय सेना ने अदम्य, साहस और शौर्य का परिचय दिया। अब भारत आतंकवाद का सफाया करने वाले देशों का नेतृत्व करेगा। महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष सोनिया मोर ने कहा कि सेना ने आतंकवादियों को सबक सिखाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और देश का हर नागरिक सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए गांव- गली में तिरंगा यात्रा निकाल रहा है।

# सरकार ने राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए 'शिक्षा क्रांति' कार्यक्रम शुरू किया : विधायक

**सरकारी प्राथमिक विद्यालय में आधुनिक कक्षा-कक्ष, चारदीवारी व अन्य कार्यों का लोकार्पण**

अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** पंजाब सरकार 'शिक्षा क्रांति' कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान और शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इस कार्यक्रम के तहत विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर के पीरमुछला क्षेत्र में सरकारी एलिमेंट्री स्कूल का दौरा किया और उन्होंने 15,48,500 रुपये की राशि रुपये की लागत से बने आधुनिक क्लासरूम, चारदीवारी कार्य और अन्य नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया बच्चों को सौंप दी। विधायक रंधावा ने कहा कि ये नई सुविधाएं छात्रों को अधिक सुव्यवस्थित शिक्षण वातावरण प्रदान करेंगी और उन्हें डिजिटल युग में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेंगी। विधायक ने विद्यार्थियों से भी बातचीत की तथा उन्हें इन नये संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य में शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के बराबर बनाने के लिए कक्षाओं, बुनियादी ढांचे और डिजिटल लर्निंग सुविधाओं का आधुनिकीकरण किया है। उन्होंने कहा कि यह पहल सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में किए गए इन विकास कार्यों और सुधारों से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का माहौल मिला है, जिससे वे अकादमिक रूप से आगे बढ़ सकेंगे। रंधावा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब सरकारी स्कूल शिक्षा के साथ-साथ सुविधाओं के मामले में निजी स्कूलों से आगे निकल जाएंगे। हमारी सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। पंजाब में शिक्षा क्रांति के साथ बच्चों का भविष्य सुधर रहा है और अभिभावकों का सरकारी स्कूलों पर भरोसा बढ़ने लगा है, जिसके कारण सरकारी स्कूलों में नामांकन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने की अपील की। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा, ÷मैं इस पहल का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं जो हमारे राज्य के शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएगा।÷ इस अवसर पर शिक्षा समन्वयक श्री गुरप्रीत विर्क, वार्ड प्रभारी संदीप पूनिया, मनदीप पूनिया सहित उनकी टीम व विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे।

# जून में दस्तक देगा मानसून, यूटी सचिव इंजीनियरिंग ने की तैयारियों की समीक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग ने आगामी मानसून के लिए शहर की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आज यू.टी. चंडीगढ़ की सचिव इंजीनियरिंग प्रेरणा पुरी, आईएएस की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई, जिसके जून के अंत तक आने की उम्मीद है। बैठक में यू.टी. प्रशासन के मुख्य अभियंता सी.बी.ओझा; नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा; अधीक्षण अभियंता जिग्ना और डॉ. राजेश बंसल (सार्वजनिक स्वास्थ्य); सीपीडीएल से ए.के. वर्मा; और अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल हुए।



विचार-विमर्श के दौरान, इंजीनियरिंग विभाग और नगर निगम दोनों ने सड़क की नालियों को साफ करने, मलबे के बर्म को साफ करने और तूफानी जल नालों, मैनहोल और सुखना चो, पटियाला-की-राव और एन-चो चैनलों को साफ करने के लिए तत्काल शहरव्यापी अभियान पर सहमति व्यक्त की। पहचान किए गए जल-जमाव वाले हॉटस्पॉट पर पंपिंग सेट, जनरेटर और सैंडबैग पहले से ही तैनात किए जाएंगे, जबकि मरम्मत या रीकार्पेटिंग के तहत सड़क की सतह, पुल और पुलिया का निरीक्षण किया जाएगा और बिना देरी के उन्हें बहाल किया जाएगा।

सभी सरकारी, संस्थागत और आवासीय भवनों की छतों की सफाई की जाएगी और मौजूदा वर्षा जल संचयन संरचनाओं की सर्विसिंग की जाएगी। प्रमुख प्रतिष्ठानों पर बिजली अवरोधकों का तुरंत परीक्षण किया जाएगा। सुखना झील के जल स्तर की निगरानी करने, जनता की शिकायतों का जवाब देने और निर्बाध आवश्यक सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित टीमें रोटेशनल रोस्टर पर चौबीसों घंटे काम करेंगी। नगर निगम और प्रशासन की क्षेत्रीय इकाइयों के बीच घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया गया है, ताकि जहां भी जरूरत हो, त्वरित, संयुक्त समाधान प्रदान किया जा सके। निवासी मानसून अवधि के दौरान सहायता और सलाह के लिए 24म7 आपातकालीन हेल्पलाइन - 0172-2787200 या 0172-6135200 - पर संपर्क कर सकते हैं।

# बरसात से पहले शहर से गुजरने वाले नालों की होगी सफाई

रोड गली की सफाई का टेंडर प्रक्रिया जारी 30 मई तक काम होगा अलॉट

मेयर ने पीएमडीए, एचएसवीपी और नगर निगम की संयुक्त बैठक में दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला 19 मई।** पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, खनन विभाग, शिक्षा विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक ली। बैठक में शहर के प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। महापौर ने पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर से गुजरने वाले सभी नालों की तुरंत सफाई करवाई जाए, ताकि आने वाले बरसात के मौसम में लोगों को परेशानी ना हो और मच्छर इत्यादि से बीमारी न फेल पाए। पीएमडीए के एक्सईएन अरविंद कुमार ने बताया कि सेक्टर 17 से राजीव कॉलोनी तक नाले की सफाई के लिए टेंडर लगाया गया है, जिसमें पोकलेन, जेसीबी एवं अन्य मशीनरी के द्वारा नालों की सफाई कराई जाएगी। कुलभूषण गोयल ने निर्देश दिए की मनसा देवी कंपलेक्स से गुजरने वाले नाले, सेक्टर 2-4 और सेक्टर 15 से गुजरने वाले नालों की भी सफाई तुरंत करवा दी जाए, क्योंकि बरसात के मौसम में मच्छर हो जाते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया इत्यादि बीमारियां फैल जाती हैं। महापौर ने नालों की ब्यूटीफिकेशन के बारे में अधिकारियों से जवाब मांगा, तो अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि नालों की ब्यूटीफिकेशन के लिए टेंडर लगाने की डीपीआर तैयार कर रहे हैं। महापौर ने शहर की मुख्य सडक़ों की रोड गली और चौकों के पास सफाई करने के निर्देश दिए, क्योंकि बरसात में पानी की निकासी न होने के कारण पानी एकत्रित हो जाता है। अधिकारियों ने बताया कि रोड गली की सफाई का टेंडर प्रक्रिया जारी है और 30 मई तक काम अलॉट हो जाएगा।



### 5 गांवों की पुरानी पाइप लाइनों को बदला जाए

महापौर ने निर्देश दिए कि शहर के अंतर्गत पढऩे वाले गांव रैला, रैली, हरिपुर, अभयपुर, बुढनपुर में सीवरेज की पुरानी पाइप लाइनों को बदल जाए। महापौर ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को सेक्टर उनके अंतर्गत पडऩे वाले सेक्टरों की सडक़ों की रीकारपेंटिंग करने को कहा। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर 23 और मनसा देवी कंपलेक्स सेक्टर 6 की सडक़ों की रीकारपेंटिंग का टेंडर लगा दिया है। महापौर ने सेक्टर 5 में भी सडक़ों की हालत सुधारने के निर्देश दिए। महापौर ने शहर से निकलने वाले बागवानी वेस्ट को एक स्थान पर एकत्रित करने के लिए एचएसवीपी के अधिकारियों से जगह उपलब्ध करवाने को कहा, जिस पर सहमति बनी की प्रशासक एचएसवीपी के अधीन एक बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें जगह का निर्णय कर लिया जाएगा। महापौर ने एमआरएफ सेंटरों के लिए भी जगह देने को कहा, साथ ही नाइट फूड स्ट्रीट के लिए भी जगह उपलब्ध कराने को कहा।

### बैठक में उठा खनन का मुद्दा

बैठक में खनन विभाग के अधिकारियों को महापौर ने निर्देश दिए कि नगर निगम की जमीनों पर हुए खनन का लगभग साढ़े 3 करोड़ रूपये बकाया है, जिसमें खनन करने वाले ठेकेदारों द्वारा गांव अलीपुर, जलौली नग्गल, कोट डबकौरी और सुखदर्शनपुर में जमीनों की खुदाई की गई है, लेकिन उनकी राशि नहीं दी गई। अधिकारियों ने कहा कि वह संबंधित ठेकेदारों से यह राशि चुकाने के लिए कहेंगे।

---

▲ अधिकतम 38 डिग्री से.
डिग्री से. 27 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.25 बजे
सूर्यास्त 7.13 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 95,660.00 |
| सैंसेक्स | 82,059.42 |
| अमेरिका | 85.47 |
| कैनेडियन | 61.25 |
| आस्ट्रेलिन | 55.01 |

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी के दो मामले दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में धार्मिक स्थल और घर में हुई चोरी के मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंजाब के जिला होशियारपुर के रहने वाले रमन कुमार ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह चंडीगढ़ में किसी काम से आया था। वह सैक्टर 20 स्थित एक धार्मिक स्थल पर रुका था। इसी दौरान उसका पर्स चोरी हों गया। जिसमें आधार कार्ड,दो डेबिट कार्ड के अलावा 800 रुपए की नकदी थी। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। थाना 19 पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है। दूसरे मामले में शिकायतकर्ता गांव पलसोरा के रहने वाले नवदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात 17/18 मई की रात को घर में घुस कर सोनी कैमरा, लेंस के अलावा 17 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गया द्य ।जब मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत तुरंत पुलिस को दी गई थी।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 46 की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि उनका कुछ समय पहले आरोपियों से संपर्क हुआ था। उन्होंने पीड़िता को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उसे विदेश भेज देंगे। पीड़िता उनके झांसे में आ गई उसने लाखों रुपए रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उसे विदेश भेजा ।और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी गणेश, कृष्ण और एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# भर्ती परीक्षा मामले में 17 के खिलाफ मामला दर्ज

परीक्षा में बैठे आरोपियों ने इलेक्ट्रोनिक डिवाइस का उपयोग किया

एक दूसरे की जगह पर दे रहे थे परीक्षा

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 19 मई।** यूटी पुलिस ने रविवार को शहर के अलग अलग क्षेत्रों के स्कूलों में नवोदय विद्यालय भर्ती परीक्षा को लेकर दूसरे की जगह पर बैठ कर परीक्षा देने वाले इलेक्ट्रोनिक डिवाइस का उपयोग करने वाले कुल 17 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। शहर के अलग अलग चार थाना पुलिस ने मामले दर्ज किए है। जानकारी के अनुसार पता चला कि रविवार को सैक्टर 27 स्थित एक प्राइवेट स्कूल में भर्ती परीक्षा के दौरान हरियाणा के जिला भिवानी के रहने वाले आरोपी अजय कुमार और जिला जींद की रहने वाली एक महिला ने परीक्षा में हरियाणा के हिसार के रहने वाले विक्रम और नरवाना की रहने वाली एक महिला के स्थान पर बैठ कर परीक्षा दे रहे थे। मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी अजय और एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

**केस नंबर दो:** जानकारी के अनुसार सैक्टर 47 के प्रिंसिपल ने पुलिस को बताया कि रविवार को स्कूल में हुई भर्ती परीक्षा के दौरान हरियाणा के जिला हिसार के रहने वाले आरोपी विशाल ने इलेक्ट्रोनिक डिवाइस का उपयोग किया। मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**केस नंबर तीन:** जानकारी के अनुसार सैक्टर 32 के एक प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल ने पुलिस को बताया कि रविवार को भर्ती परीक्षा के दौरान हरियाणा के जिला रोहतक के रहने वाले आरोपी अजय और हिसार निवासी सोनू ने इलेक्ट्रोनिक डिवाइस का उपयोग किया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

**केस नंबर चार:** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर सेक्टर 40 स्कूल के प्रिंसिपल ने को शिकायत में बताया कि हरियाणा के जिला सोनीपत के रहने वाले परीक्षित,जींद निवासी सोहन, सोनीपत निवासी साहिल ,नीरज, जिला रोहतक निवासी विकाश, दिल्ली निवासी योगेश, सोनीपत निवासी मोहित, चरखी दादरी निवासी अभिमन्यु,एक महिला, मोहिंदरगढ़ निवासी एक महिला, सोनीपत निवासी संदीप,जींद निवासी एक अन्य ने इलेक्ट्रोनिक डिवाइस का उपयोग किया। पुलिस ने तुरत मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है।

---

### चंडीगढ़ में स्मार्ट पार्किंग की ओर बड़ा कदम, एमसी पैनल ने किया एलांते मॉल की पार्किंग का दौरा

# जल्द होगी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पार्किंग प्रणाली लागू

जल्द जारी होगा टेंडर आमंत्रण

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 19 मई।** चंडीगढ़ नगर निगम शहरवासियों को एक नया और अत्याधुनिक पार्किंग अनुभव देने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। ÷स्मार्ट पार्किंग÷ परियोजना के तहत, नगर निगम एक ऐसी प्रणाली लागू करने की तैयारी में है, जो न केवल पार्किंग को सुविधाजनक बनाएगी, बल्कि ट्रैफिक की भीड़ को भी कम करेगी।

इस संबंध में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप-पैनल अध्यक्ष सौरभ जोशी ने की। बैठक में पार्षद जसविंदर कौर, उमेश घई समेत निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पैनल ने मौजूदा स्मार्ट पार्किंग सिस्टम का अवलोकन करने के लिए एलांते मॉल का दौरा भी किया।




नगर निगम शीघ्र ही इस परियोजना के लिए एक 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी)' जारी करेगा, जिसमें देश की अनुभवी स्मार्ट पार्किंग कंपनियों को अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

उप-पैनल अध्यक्ष सौरभ जोशी ने कहा, 'यह परियोजना पार्किंग को सरल बनाएगी, सड़क पर अनावश्यक भीड़ को कम करेगी और स्मार्ट सिटी मिशन को और मजबूती देगी।' पार्षद जसविंदर कौर ने कहा, 'हम एक ऐसी प्रणाली लाना चाहते हैं जो पूरी तरह से तकनीक-आधारित हो और नागरिकों के लिए उपयोगकर्ता अनुकूल हो।'

### स्मार्ट पार्किंग में होंगी ये प्रमुख सुविधाएं

**रीयल टाइम जानकारी:** सेंसर और कैमरे की मदद से मोबाइल ऐप और सड़कों पर लगे डिस्प्ले बोर्ड्स के जरिए खाली पार्किंग स्पॉट की जानकारी मिलेगी।

**मोबाइल ऐप से पार्किंग:** उपयोगकर्ता मोबाइल ऐप के माध्यम से पार्किंग स्पॉट खोज सकेंगे, बुकिंग कर सकेंगे और भुगतान भी कर सकेंगे।

**कैशलेस भुगतान:** कार्ड, यूपीआई और डिजिटल वॉलेट के माध्यम से भुगतान की सुविधा।

**स्वचालित प्रवेश व निकास:** लाइसेंस प्लेट पहचान प्रणाली के माध्यम से बिना टिकट के प्रवेश और निकासी संभव होगी।

**मल्टी-लेवल ऑटोमेटेड पार्किंग:** सीमित स्थान में अधिक वाहनों की पार्किंग हेतु आधुनिक तकनीक का उपयोग।

**चार्जिंग प्वाइंट व निगरानी:** इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन और सीसीटीवी निगरानी की सुविधा।

**डायनैमिक शुल्क प्रणाली:** पार्किंग शुल्क दिन के समय और मांग के अनुसार स्वचालित रूप से निर्धारित होगा।

---

### फरिश्तों से कम नहीं सड़क सुरक्षा फोर्स

# जीरकपुर में पिछले एक महीने में बचाई 12 लोगों की जिंदगी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 19 मई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में यातायात को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष 'सड़क सुरक्षा फोर्स' की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि पंजाब इस तरह की पहल करने वाला पहला राज्य है और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर चिंता व्यक्त की थी। राज्य में हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में 17-18 लोगों की जान चली जाती थी। सीएम ने जालंधर के पी.ए.पी. ग्राउंड सड़क सुरक्षा बल को लॉन्च किया था।





जीरकपुर शहर में सड़क सुरक्षा फोर्स लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है क्योंकि सड़क सुरक्षा फोर्स द्वारा 16 अप्रैल 2025 से लेकर 15 मई 2025 तक 12 लोगों की जिंदगी बचाई गई है। इस संबंधी जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा फोर्स के इंचार्ज एएसआई सुनील सिंह ने बताया के जीरकपुर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा फोर्स की दो गाड़ियां 24 घंटे तैनात रहती है जिसमें 20 सुरक्षा कर्मी काम कर रहे हैं जिनमें महिला कर्मचारी भी शामिल है और दोनों गाड़ियां 8 घंटे की तीन शिफ्टों में ड्यूटी करती हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एक गाड़ी अजीजपुर टोल प्लाजा से पंचकूला बैरियर तक चलती है और दूसरी गाड़ी चंडीगढ़ अंबाला हाईवे पर लोगों की मदद के लिए तैनात रहती है ।इन दोनों गाड़ियों के पास एक महीने में कुल 144 दुर्घटनाओं संबंधी सूचना मिली, जिनमें से कुल 14 लोगों को प्राथमिक सहायता दी गई और 13 लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जिनमें से एक की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने वाले 13 लोगों में से 12 लोगों की जिंदगी पिछले एक महीने में सड़क सुरक्षा फोर्स की बदौलत बच गई है।

### हर 30 किलोमीटर के दायरे में रहेगी एक गाड़ी

सड़क सुरक्षा बल की गाड़ियों को जवानों के साथ हर 30 किलोमीटर के दायरे में तैनात किया जाएगा. उस एरिया में कोई दुर्घटना होती है तुरन्त उसे सड़क सुरक्षा बल के जवान अस्पताल पहुंचाएंगे। हादसे के वक्त समय पर नहीं पहुंचने पर उनसे जवाब तलबी भी की जाएगी। जो गाड़ियां इस फोर्स को दी जाएंगी, वो पूरी तरफ से डिजीटल होंगी। सड़क पर अगर कोई ट्राली या अन्य कोई वाहन खड़ा करेगा तो उस पर भी तुरन्त एक्शन लिया जाएगा उसका चालान किया जाएगा। सड़क सुरक्षा बल की टीमें दो शिफ्टों में काम करेंगी।

### शराब पी तो फोर्स घर छोड़कर आएगी

सीएम ने लोगों को चेतावनी दी कि वाहन चलाते समय स्टंट न करें। ऐसा करने वाले लोगों पर यह गाड़ियां नजर रखेंगी और चालान भी करेंगी। इन गाड़ियों पर स्पीड गन कैमरे भी लगे होंगे। मान ने चेतावनी दी कि शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। शराब पी तो फोर्स घर छोड़कर आएगी। गाड़ी को जब्त कर लिया जाएगा।

### लोगों की बहुमूल्य जिंदगी बचेंगी

लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पंजाब के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि पंजाब लोगों को सुरक्षित रखने और जीवन बचाने के लिए एक समर्पित बल लॉन्च करने वाला पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि इस बल के गठन और उसके बाद इसे जनता को समर्पित करने में सभी अधिकारियों की अहम भूमिका रही है। मान ने आशा व्यक्त की कि यह बल लोगों की बहुमूल्य जिंदगियों को बचाने और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

---

# पंजाब से हेरोइन लाकर ट्राईसिटी में बेचता था, तस्कर से 15 ग्राम हेरोइन बरामद




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 19 मई।** पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के निर्देशानुसार पंचकूला में नशे के खात्मे को लेकर पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने हेरोइन तस्करी के मामले में 1 युवक को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान अंकित के रूप में हुई है जो भारत नगर फिरोजपुर पंजाब का रहने वाला है। पुलिस को गुप्त सूत्र से सूचना मिली थी कि एक पंजाब का रहने वाला एक युवक अभयपुर रेलवे फ्लाईओवर सेक्टर-19 पंचकूला के पास किसी ग्राहक को हेरोइन बेचने आएगा। पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर दबिश करते हुए हुए युवक को मौके से काबू किया। तलाशी लेने पर युवक की जेब से 15.55 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिस बारे आरोपी कोई लाइसेंस आदि पेश नहीं कर सका। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है पंजाब का रहने वाला युवक फिरोजपुर से हेरोइन खरीदकर ट्राइसिटी में बेचता था। आज आरोपी को कोर्ट में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूरे ड्रग नेटवर्क के बारे पता किया जाएगा।

---

# विजय शाह को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करे मध्यप्रदेश सरकार: महिला कांग्रेस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** भारतीय महिला कांग्रेस मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना अधिकारी कर्नल सफ़िया कुरैशी पर की गई आपत्तिजनक, अमर्यादित और महिला विरोधी टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह बयान न सिर्फ महिलाओं की गरिमा पर सीधा हमला है, बल्कि देश की सेना और उन महिलाओं का भी अपमान है जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित किया है।



कर्नल सफ़िया कुरैशी, जो एक सम्मानित सैन्य अधिकारी हैं, उनके विरुद्ध मंत्री विजय शाह की टिप्पणी में छिपी मानसिकता भाजपा सरकार की महिला विरोधी सोच को उजागर करती है। महिला कांग्रेस स्पष्ट रूप से मांग करती है कि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, विजय शाह को तुरंत मंत्री पद से बर्खास्त करें और उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्यवाही की जाए।

हम मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और भारत के सर्वोच्च न्यायालय का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने इस मामले में संज्ञान लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। यह न्यायपालिका के प्रति विश्वास को और भी मजबूत करता है और यह दिखाता है कि कानून और संविधान के ऊपर कोई नहीं है ङ्क चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो।

भारतीय महिला कांग्रेस यह स्पष्ट करना चाहती है कि महिलाओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि भाजपा सरकार ने विजय शाह के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो महिला कांग्रेस राज्यभर में किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को व्यापक जन आंदोलन का रूप देगी वो भी जब तक न्याय का हक नहीं मिल जाता।

---

# मनीमाजरा मोटर मार्केट में मैकेनिकों के समर्थन में उतरी कांग्रेस

लक्की बोले-रोज़ी-रोटी पर वार बर्दाश्त नहीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** मनीमाजरा मोटर मार्केट में नगर निगम द्वारा मैकेनिकों की लोहे की पेटियों को जब्त किए जाने के खिलाफ सोमवार को सैकड़ों मैकेनिकों ने विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुँचे कांग्रेस नेताओं ने मैकेनिकों को हर संभव समर्थन देने का आश्वासन दिया।

प्रदर्शन में शामिल मैकेनिकों ने बताया कि मार्केट की पार्किंग में लगभग 2500 मैकेनिक वर्षों से काम कर रहे हैं। वे लोहे की पेटियों में औजार रखकर वाहन मरम्मत का कार्य करते हैं। हाल ही में नगर निगम द्वारा बिना पूर्व सूचना के करीब 150 पेटियां जब्त कर ली गई, जिससे रोज़ी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है।



इस विरोध को समर्थन देने पहुंचे चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की, जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ढिल्लो, पूर्व मेयर गुरचरण दास काला, पार्षद दर्शना रानी, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गाबा समेत कई नेताओं ने मैकेनिकों के पक्ष में आवाज़ बुलंद की।

पूर्व मेयर गुरचरण दास काला, पार्षद दर्शना रानी, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गाबा और अन्य नेताओं ने भी अधिकारियों से बातचीत कर समाधान की मांग की और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी हर मेहनतकश के साथ खड़ी है।

### मजदूरों का सम्मान छीना नहीं जाएगा: लक्की

प्रदेश अध्यक्ष लक्की ने कहा, 'सरकार एक ओर युवाओं को नौकरियों का वादा करती है और दूसरी ओर मेहनतकशों को बेवजह तंग किया जा रहा है। यह मार्केट मैकेनिकों के लिए है, अगर वे यहां काम नहीं करेंगे तो कहां जाएंगे?' उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को नगर निगम में मजबूती से उठाएगी और निगम कमिश्नर से मिलकर पेटियां वापस दिलवाने और रोजगार की सुरक्षा की मांग करेगी। 'यह सिर्फ पेटियों की नहीं, मेहनत और सम्मान की लड़ाई है। आधी रात को भी बुलाओगे तो कांग्रेस साथ खड़ी मिलेगी' लक्की ने ज़ोर देते हुए कहा।

### 'समस्या को सुलझाएं, न बढ़ाएं': सुरजीत सिंह ढिल्लो

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत ढिल्लो ने नगर निगम की कार्रवाई को 'सीधा अन्याय' बताते हुए कहा कि दशकों से यह जगह मैकेनिकों की आजीविका का केंद्र रही है। उन्होंने 'हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी मैकेनिक का रोजगार न छिने और जब्त की गई पेटियां तत्काल लौटाई जाएं।'

सम्पादकीय

# सीजेआई का संविधान को ही सर्वोच्च बताना मूल्यवान बयान

निश्चित रूप से यह विचारधारा मूल्यवान है कि न्यायपालिका न कार्यपालिका, अपितु संविधान ही सर्वोच्च है। देश में बीते कुछ समय के दौरान ऐसी बहस छेड़ी गई है, जिसमें इन संवैधानिक संस्थानों को एक-दूसरे से बेहतर और ज्यादा सर्वोच्च बताने की होड़ लग गई थी। सर्वोच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने यह बात कहते हुए रेखांकित किया है कि देश का संविधान ही सर्वोच्च है। जाहिर है, उनके द्वारा कही गई बात व्यापक सोच का उदाहरण है। भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में यह बहस बेमानी ही कही जाएगी कि कार्यपालिका सर्वोच्च है या फिर न्यायपालिका सुप्रीम है या फिर विधानपालिका सबसे बड़ी है। देश की आजादी के लिए लड़े राजनेताओं और फिर संविधान का निर्माण और उसे स्वीकार करने वाले प्रतिनिधियों ने कभी इसका अहसास नहीं कराया था कि इन तीनों संस्थानों में से कोई एक सर्वोच्च है। उन्होंने इन तीनों और संविधान को ही सर्वोच्च माना था। बेशक, कानूनों के संबंध में कहा जाता है कि वे सिर्फ कागज पर लिखी इबारतें हैं, हालांकि जब उन्हें लागू किया जाता है और जो उन्हें लागू करता है, उसकी मंशा से वे बड़े और निम्न पुकारे जा सकते हैं। न्यायमूर्ति बीआर गवाई ने हालिया परिस्थितियों का अध्ययन किया है, जब देश में विभिन्न उच्च पदों पर बैठे महामहिमों के बयानों से विचित्र स्थिति पैदा हो गई थी। बेशक, हर संस्थान में सुधार की जरूरत है, लेकिन यकीनन सर्वोच्चता की ऐसी चाह अब समाप्त हो जानी चाहिए, क्योंकि सभी संविधान से संचालित हैं।

**बीते कुछ समय के दौरान जिस प्रकार कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच टकराव की स्थिति पैदा हुई है, वह चिंता का विषय बन गई थी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाईकोर्ट के जज के घर से जला कैश मिलने के मामले में कोई एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाए थे, वे उचित ही थे। हालांकि अब उस मामले में भी संबंधित जज पर कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है, यानी कोई भी अपराध करके बच नहीं सकता। पूछा जा रहा था कि क्या वास्तव में ही देश में एक जज संविधान से ऊपर है और उनके मामले में केस दर्ज नहीं हो सकता। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के बीते कार्यकाल में तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री ने कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल उठाए थे।**

बीते कुछ समय के दौरान जिस प्रकार कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच टकराव की स्थिति पैदा हुई है, वह चिंता का विषय बन गई थी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाईकोर्ट के जज के घर से जला कैश मिलने के मामले में कोई एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाए थे, वे उचित ही थे। हालांकि अब उस मामले में भी संबंधित जज पर कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है, यानी कोई भी अपराध करके बच नहीं सकता। पूछा जा रहा था कि क्या वास्तव में ही देश में एक जज संविधान से ऊपर है और उनके मामले में केस दर्ज नहीं हो सकता। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के बीते कार्यकाल में तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री ने कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल उठाए थे। उन्होंने न्यायपालिका के अंदर झांकने की कोशिश करते हुए यहां संशोधन की गुंजाइश पर जोर दिया था। हालांकि यह मामला इतना तूल पकड़ गया कि बीच राह ही उन केंद्रीय कानून मंत्री को बदल दिया गया और एक नए कानून मंत्री को नियुक्त कर दिया गया। उसके बाद उन्होंने कभी ऐसे तीखे सवाल नहीं पूछे, जिनको पूछना देश में अपराध की भांति है। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इसका साहस किया है तो इसे कई संदर्भों में अपने दायरे से बाहर जाकर कही गई बात माना गया। हालांकि अब सीजेआई की टिप्पणी को गंभीरता से समझे जाने की जरूरत है।

लोकतांत्रिक देश में संविधान ही सर्वोच्च होता है और सभी प्रतिष्ठान उसके मार्गदर्शन में काम करते हैं, तब इस प्रकार की राय रखना कि कोई किसी को दबा रहा है, अनुचित और अप्रासंगिक है। एक प्रसंग का जिक्र उचित है, जब हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के स्थानांतरण के लिए की गई सिफारिशों को मंजूरी देने में देरी होने पर सर्वोच्च न्यायालय के दो जजों की पीठ ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी थी कि हमें ऐसा स्टैंड लेने को मजबूर न करें जो सरकार को असहज कर दे। माननीय सर्वोच्च न्यायालय देश में संविधान का रखवाला है लेकिन इस पर बेहद विनम्रता से बहस होनी चाहिए कि आखिर इस तरह की शब्दावली के प्रयोग की क्या जरूरत पड़ गई, जिसमें सरकार को यह कहा जाए कि सर्वोच्च न्यायालय को ऐसा स्टैंड लेने को मजबूर न किया जाए। कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच हितों को लेकर यह टकराव पहले भी होते रहे हैं, लेकिन आजकल जिस प्रकार से दोनों एक-दूसरे के आमने-सामने हैं, वह गंभीर मामला है। हालांकि यह भी सही है कि दोनों की शक्तियों को लेकर उपजे सवालों पर बहस हो और वह किसी नतीजे पर पहुंचे। सरकार अगर जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता लाना चाहती है तो इसमें न्यायपालिका को अपने अधिकार क्षेत्र में दखल क्यों नजर आता है। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम जजों की नियुक्ति पर अपना सर्वाधिकार कायम रखना चाहता है, लेकिन यह भी सच है कि इन नियुक्तियों में पसंद और नापसंद बहुत चलती है। वह चाहे कार्यपालिका है या फिर विधानपालिका या फिर न्यायपालिका, सभी का एकमात्र मकसद जनता की सेवा करना है। जाहिर है, यह सोच अपने आप में पूरे देश की आत्मा का प्रतिबिंब है। भारत में यह विचार ही पैदा नहीं हो सकता है कि कोई एक प्रतिष्ठान इतना प्रबल होगा कि उसके समक्ष दूसरे दमित हो जाएंगे। फिर चाहे वह न्यायपालिका ही क्यों न हो। न्यायपालिका को अपने उस सुरक्षित आवरण से बाहर आने की जरूरत है, जिसमें उससे सवाल पूछना अपराध माना जाता है।

# जीईएम- सार्वजनिक खरीद को आकर्षक बनाने का सार्थक प्रयास

दैनिक अर्थ प्रकाश

सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के एक अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किए जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीईएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमई, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है।


उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म एक ऐसा सच्चा रत्न है, जिसने कुख्यात आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है। इस महानिदेशालय की अपारदर्शी और गैर-प्रतिस्पर्धी प्रणालियां कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को अनुचित लाभ प्रदान करती थीं। इसलिए यह उचित ही है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का नया कार्यालय, वाणिज्य भवन, उस भूमि पर बनाया गया है जिस पर कभी यह पुराना निकाय स्थित था।

**शानदार प्रगति–** वर्ष 2016 में स्थापना के बाद से, जीईएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है। वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफ़ॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गई। जीईएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपये करना है। जीईएम निस्संदेह सार्वजनिक खरीद से जुड़े परिदृश्य में एक असाधारण तकनीकी उपाय के रूप में उभरा है।

कारोबार के आकार की दृष्टि से, जीईएम निकट भविष्य में दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खरीद पोर्टल बन जाएगा और दक्षिण कोरिया के कोनेप्स जैसी सुप्रतिष्ठित संस्थाओं को पीछे छोड़ देगा। जीईएम ने ईमानदारी से व्यावसाय करने प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किए हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व प्रगति से कहीं बढ़कर है जो अपने आप में ई-कॉमर्स से जुड़ी किसी भी बड़ी कंपनी को हैरान कर देने के लिए काफी है।

**न्यायसंगत विकास का वाहक –** जीईएम प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है। यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है। प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर करके, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को ई-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है।

समावेशिता के सिद्धांत से प्रेरित, जीईएम ने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न



रणनीतिक पहलों का समावेश किया है। इनमें सरकारी खरीदारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं की पहचान करने तथा उनका चयन करने में मदद करने वाली प्रणालियां शामिल हैं।

**लक्ष्य से आगे –** जीईएम पर 'स्टार्टअप रनवे' और 'वुमनिया' जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया है। इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से 3 प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है। जीईएम पर किए गए कुल कारोबार का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को दिया गया है और महिला उद्यमों द्वारा खरीद की हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है।

अप्रैल 2025 तक 30,000 से अधिक स्टार्टअप ने जीईएम के ज़रिए 38,500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। इसके अलावा, 1.81 लाख उद्यम-सत्यापित महिला उद्यमियों ने जीईएम पोर्टल पर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए हैं।

**बड़ी बचत –** इन बदलावों से कुछ खास आकार के ऑर्डरों के लिए 33 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक की बचत हुई है। यह उल्लेखनीय कमी देश के आम नागरिकों के हित में व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस) और जीवन-यापन में आसानी (ईज ऑफ लिविंग) को बढ़ाने के मोदी सरकार के मिशन के अनुरूप एक स्वागत योग्य बदलाव है।

विश्व बैंक द्वारा किए गए एक स्वतंत्र मूल्यांकन से यह पता चला है कि जीईएम पर खरीदार औसत कीमत पर लगभग 9.75 प्रतिशत की बचत करते हैं। इससे करदाताओं के पैसे का उपयोग करके की जाने वाली सार्वजनिक खरीद में अनुमानित रूप से 1,15,000 करोड़ रुपये की भारी बचत हुई है। जीईएम पर खरीद ने सरकारी कंपनी एनटीपीसी को 20,000 करोड़ रुपये के अनुबंध में रिवर्स नीलामी का उपयोग करके 2,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की। जीईएम ने रक्षा उपकरणों, टीकों, ड्रोन और बीमा जैसी सेवाओं की पारदर्शी एवं किफायती खरीद में भी मदद की है।

छोटे उद्यमों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए, जीईएम ने हाल ही में अपने लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी की है। 10 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 0.30 प्रतिशत का कम लेनदेन शुल्क लगेगा, जबकि 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 3 लाख रुपये का सीमित शुल्क लगेगा - जोकि पहले के 72.50 लाख रुपये के शुल्क से काफी कम है।

**प्रौद्योगिकी, एआई –** एक ठोस तकनीकी बुनियादी ढांचे से लैस, यह प्लेटफॉर्म विभिन्न तकनीकी उपायों का उपयोग करके व्यापार करने के नए एवं आसान तरीके पेश करते हुए लगातार विकसित होता जा रहा है। जीईएम ने 'जीईएम एआई' नामक एक एआई-संचालित चैटबॉट का समावेश किया है - यह संवादात्मक विश्लेषण और व्यावसायिक बुद्धिमत्ता में प्रशिक्षित एक उपकरण है। यह स्मार्ट चैटबॉट आठ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है और जीईएम पोर्टल पर व्यापार करने में आसानी को और बढ़ाने के लिए वॉयस कमांड कार्यक्षमता सहित नवीनतम तकनीकों से लैस है।

जीईएम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) विक्रेताओं के लिए वित्तपोषण संबंधी उत्पाद भी प्रदान करता है। यह पात्र खरीद आर्डरों के लिए 10 मिनट से भी कम समय में गिरवी-मुक्त वित्तपोषण प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म ने जीईएम सहाय 2.0 पेश किया है, जो 10 लाख रुपये तक के ऋण को हासिल करने के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करता है। इस प्लेटफॉर्म को और अधिक समावेशी एवं प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु पहले की अपेक्षा अधिक पहलों एवं तकनीकी उपायों पर काम चल रहा है।

जीईएम पोर्टल भारत के आर्थिक विकास और प्रधानमंत्री मोदी के प्रगति संबंधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में सक्रिय है। यह समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को सशक्त बनाने एवं उनका उत्थान करने तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अतिरिक्त प्रयास करेगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगा कि करदाताओं के पैसे का कुशलतापूर्वक उपयोग प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की खरीद के लिए किया जाए।

**– पीयूष गोयल**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### कथित सेनाअधिकारी झांसा देकर स्कूटर सहित हजारों लेकर फरार

चंडीगढ़। नगर स्थित हवाई अड्डे के निकट लोटे का टैंडर भरने आए एक व्यक्ति को सेना के दो कथित कर्मचारियों द्वारा हजारों रुपए व स्कूटर को लेकर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालड़ू के व्यापारी मदनलाल नगर स्थित हवाई अड्डे पर कचरे की नीलामी में भाग लेने आया था। जहां उसे सेना के दो व्यक्ति मिले जिनमें से एक अपने आपको मेजर वी.के. शर्मा व दूसरे ने अपना नाम सुबेदार कर्म सिंह बताया। जिन्होंने उसके हक में टेंडर खोलने का आश्वासन दिया जिस पर उसने उन दोनों को टेंडर की निर्धारित धनराशि 12 हजार छः सौ रुपए नकद उन्हें दे दी। मदनलाल का कहना है कि उक्त दोनों व्यक्तियों ने उसे दफ्तर में बोचर देने की बात कही जिस पर उसने अपना स्कूटर भी उन्हें दे दिया और कहा कि वह अपने आप दफ्तर पहुंच जाएगा। लेकिन दफ्तर जाकर देखा न तो उसे स्कूटर मिला और न ही आदमी मिले। मदनलाल की शिकायत पर नगर पुलिस ने उक्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 406के अधीन केस दर्ज करके कार्रवाई शुरु कर दी है।

### पंजाब में 6 आतंकवादी मरे, एक ने आत्महत्या की

चंडीगढ़। बीती रात पंजाब में पुलिस के साथ विभिन्न स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में छह आतंकवादी मारे गए जबकि एक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। बरनाला के गांव धुनारु के समीप हुई मुठभेड़ में केसीएफ का सूचीबद्ध आतंकवादी लछमन सिंह व एक अज्ञात आतंकवादी मारे गए। संगरूर जिला के गांव बलवर के समीप हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। घटनास्थल से भारी मात्रा में असला अरामद हुआ। इसी दौरान जगराओ अन्तर्गत गांव कोठे पुणे में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में रणजीत सिंह उर्फ गुड्डू व रायकोट के समीप गांव शहबाजपुर में एक आतंकवादी अवतार सिंह उर्फ पप्पू मारा गया। जिससे एक 303 पिस्तौल व एक स्कूटर बरामद किया गया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1217: पहले बैरन युद्ध के अंतिम भूमि युद्ध में, विलियम द मार्शल ने फ्रांस के राजकुमार लुई को इंग्लैंड से बाहर निकाल दिया।

1217: लिंकन की लड़ाई में, फर्स्ट बैरन्स वॉर की अंतिम भूमि लड़ाई, विलियम मार्शल ने फ्रांस के राजकुमार लुइस को ऑर्गलैंड से बाहर निकाल दिया।

1609: थॉमस थोरपे ने शेक्सपियर के आग्नेयनेट्स (शीर्षक पृष्ठ चित्र) की पहली प्रतियां, संभवतः विलियम शेक्सपियर के अनजाने के बिना प्रकाशित कीं।

1609: विलियम शेक्सपियर की कविताओं के पहले संग्रह का लंदन में प्रकाशन हुआ।

1784: पेरिस में ग्रेट ब्रिटेन और डच गणराज्य के साम्राज्य के बीच औपचारिक रूप से चौथे एंग्लो-डच युद्ध समाप्त होने के बीच एक संधि पर हस्ताक्षर किए गए।

1825: चार्ल्स एक्स फ्रांस के राजा बने।

1864: वर्जीनिया के वेयर बॉटम चर्च में लड़ाई से 1,400 मारे गए।

1867: रानी विक्टोरिया द्वारा रचित कला और विज्ञान फाउंडेशन के रॉयल अल्बर्ट हॉल का उद्घाटन किया गया।

1873: वस्त्र निर्माता लेवी स्ट्रॉस और दर्जी जैकब डेविस ने डेनिम चौगा की जेब को मजबूत करने के लिए तांबे की रिवर का उपयोग करने के लिए एक पेटेंट प्राप्त किया, जिससे उनकी कंपनी नीली जींस की अपनी लाइन का निर्माण शुरू कर सके।

1873: सैन फ्रैंसिस्कों के बिजनेसमैन लेवी स्ट्रॉस और दर्जी जेकब डेविस को जीन्स का पेटेंट दिया गया।

1875: सत्रह देशों के प्रतिनिधियों ने मेट्रेकोनवेंशन पर हस्ताक्षर किए, जो समन्वय मेटर्नोलॉजी के उद्देश्य से और विषयगत प्रणाली के विकास के समन्वय के लिए एक संस्थान की स्थापना की।

1882: ट्रिपल एलायंस जर्मन साम्राज्य, ऑस्ट्रिया-हंगरी और इटली के साम्राज्य के बीच बनाया गया था।

1882: गोत्थार्ड रेल सुरंग एंट्री स्विट्जरलैंड और इटली को खोला गया।

1902: क्यूबा को संयुक्त राज्य अमेरिका से आजादी मिली।

1902: टॉमस एस्ट्राडा पाल्मा देश के पहले राष्ट्रपति बने।

1923स्टेनली बाल्डविन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।

1926: रेलवे श्रम अधिनियम पारित किया गया।

1927: जेद्दा की संधि के द्वारा, यूनाइटेड किंगडम ने राजा इब्न सऊद की हेज और नज्द पर अधिकता को मान्यता दी, जो बाद में सऊदी अरब में विलय हो गया।

1927: बोइंग 40 ए कंपनी द्वारा निर्मित पहला यात्री एयरलाइन पहली बार उड़ाया गया।

## बोल ब्यूटीफुल

**मालिनी पार्थसारथी:** शशि थरूर को लेकर कांग्रेस की क्षुद्रता निराशा करने वाली है। थरूर की क्षमताओं में सरकार के भरोसे की तो उसे सराहना करनी चाहिए थी। एक राष्ट्रीय लक्ष्य के लिए सभी दलों को साधने की सरकार की पहल में भी कांग्रेस अपनी आदत से बाज नहीं आई। इस समय राष्ट्रवाद ही सबसे बड़ी आवश्यकता है और इस समय हम कुछ भी होने से पहले भारतीय है।



**कृष्णा:** जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री तमाम देशों और उनके नेताओं का अपने को बचाने के लिए शुक्रिया अदा करते फिर रहे है, तब फिर वहां की जनता किस जीत का जश्न मना रही है?

**केजेएस ढिल्लो:** जब आपका राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व अग्रिम मोर्चे से नेतृत्व प्रदान करे तो हौसले का सातवें आसमान पर होना बहुत स्वाभाविक है।

## आईआईटी रोपड़, एएनएनएएम.आई और आईसीएआर- आईआईएसएस ने मिलाया हाथ

# एआई आधारित मृदा स्वास्थ्य मानचित्रण को मिलेगा नया आयाम

दैनिक अर्थ प्रकाश

**रोपड़/चंडीगढ़।** सोमवार को आईआईटी रोपड़ में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ( आईआईटी) रोपड़ के कृषि के लिए एआई उत्कृष्टता केंद्र एएनएनएएम.एआई और आईसीएआर-भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईआईएसएस) भोपाल के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस सहयोग का उद्देश्य एआई-सक्षम मृदा स्वास्थ्य मानचित्रण उपकरणों के विकास को तेज़ करना, 'डिजिटल मृदा ट्विन' ढांचा बनाना और टिकाऊ और लचीली कृषि के लिए सटीक पोषक तत्व और उर्वरक प्रबंधन दृष्टिकोण विकसित करना है।



आईआईटी रोपड़ में प्रोफेसर राजीव आहूजा, निदेशक, आईआईटी रोपड़ और डॉ. मनोरंजन मोहंती, निदेशक, आईसीएआर-आईआईएसएस द्वारा डॉ. जितेंद्र कुमार, डीन आरएंडडी, आईआईटी रोपड़ सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए; डॉ. पुष्पेंद्र पाल सिंह, डीन कॉर्पोरेट, एलुमनाई, प्लेसमेंट एंड स्ट्रैटेजीज (सीएपीएस), आईआईटी रोपड़; डॉ. राधिका त्रिखा, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, आईहब अवध, डॉ. निशांत सिन्हा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, आईसीएआर-आईआईएसएस, डॉ. मुकेश के सैनी और डॉ. सुमन कुमार, अपनी-अपनी टीमों के साथ। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. मनोरंजन मोहंती ने कहा, 'यह सहयोग संसाधन उपयोग दक्षता में सुधार, भूमि क्षरण को उलटने और राष्ट्रीय और वैश्विक प्राथमिकताओं के अनुरूप स्मार्ट कृषि प्रथाओं को लागू करने में मदद करेगा।'

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य मृदा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए पारस्परिक लाभ के क्षेत्रों में आईआईटी रोपड़ और आईसीएआर-आईआईएसएस के बीच वैज्ञानिक और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना है, जो मृदा स्वास्थ्य और सटीक पोषक तत्व प्रबंधन समाधान, मृदा स्वास्थ्य मानचित्रण उपकरण, एक 'डिजिटल मृदा ट्विन' ढांचा, कम लागत वाले मृदा संवेदन उपकरण और मृदा क्षरण के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली से संबंधित चुनौतियों पर केंद्रित क्षेत्र-तैनाती योग्य और डेटा-संचालित समाधान विकसित करके है। साझेदारी संयुक्त अनुसंधान, प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण, क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास में सहयोग को भी बढ़ावा देगी।

आईआईटी रोपड़ में स्थित एएनएनएएम.आईए भारत का कृषि के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उत्कृष्टता का पहला केंद्र है, जिसे शिक्षा मंत्रालय की 990 करोड़ की राष्ट्रीय पहल के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया था, जहाँ एआई देश के प्रमुख क्षेत्रों में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्र का उद्देश्य एआई, एलओटी और रिमोट सेंसिंग सहित अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके कृषि क्षेत्र में उत्पादकता, स्थिरता और जलवायु लचीलापन को लक्षित करना है। पारंपरिक ज्ञान को वास्तविक समय के डेटा के साथ जोड़कर, एएनएनएएम.एआई ऐसे समाधान तैयार कर रहा है जो संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने, फसल की पैदावार की भविष्यवाणी करने, मिट्टी के स्वास्थ्य को पुनर्जीवित करने और सटीक सलाह देने में सहायता कर सकते हैं। एएनएनएएम.एआई शिक्षाविदों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के लिए एक अनूठा अवसर/स्थान प्रदान करता है, और इसका उद्देश्य ऐसे स्केलेबल समाधान बनाना है जो अभिनव, डेटा-संचालित हों और खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को संबोधित करें।

# ग्यासपुर गांव में लिंगानुपात सुधार के लिए चलाया जागरूकता कार्यक्रम अभियान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत जिले में लिंगानुपात सुधार के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिस गाँव में लिंगानुपात जिले में अपेक्षाकृत कम है उन गांव में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस श्रृंखला सोमवार को ग्यासपुर गाँव में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला लोकसम्पर्क विभाग की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



सीडीपीओ निर्मला देवी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बताया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रमुख रुप से लिंगानुपात सुधार के लिए सामाजिक रूढ़ियों और पुरानी मानसिकताओं को बदलना बेहद आवश्यक है। 'बेटा-बेटी एक समान' की सोच के प्रति जनसाधारण वर्ग में जागरूकता पैदा करना आवश्यक है। गांव के माथे से कम लिंगानुपात का कलंक हटाने में सभी ग्रामवासियों को सहभागी बनना आवश्यक है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान के दौरान लोक संपर्क विभाग की टीम के सदस्य कुलदीप ने जागरूकता के लिए ग्रामीणों से कहा कि जमीनी स्तर पर आशा वर्कर लिंगानुपात सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकती है। क्योंकि गर्भवती स्त्रियों का संपूर्ण रिकॉर्ड ग्राम स्तर पर आशा वर्कर के पास होता है। यदि किसी भी स्थान पर लिंग जांच जैसी अवैध गतिविधि की जानकारी मिले, तो इसकी सूचना तुरंत महिला सुपरवाइजर व सीडीपीओ के माध्यम से जिला प्रशासन को दें, ताकि इस प्रकार के मामलों में शामिल दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके।

लोक संपर्क विभाग के कलाकार राजीव द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई।

मन मत मरवो मात-पिता थारा प्यार देखना चाहूं लेकर जन्म जगत में संसार देखना चाहूं सूँ।


पैदा होकर देखूंगी कौन मेरे लाड लडावे गा चाचा ताऊ बाबू दादा कोण मैनें खिलवेगा।

मनै मार क के सुख होगा सच बताओ आप पिता कई जन्म तक उतरे कोना इस हत्या का पाप-पिता।

जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने वीडियो वैन के माध्यम से ग्रामीणों को लिंगानुपात सुधार और बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया ।

# टूरिस्ट पहाड़ों पर बिना डरे आएं : सीएम सुक्खू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि टूरिस्ट बेझिझक पहाड़ों पर आ सकते हैं। प्रदेश में किसी भी प्रकार की अनहोनी न तो भारत-पाक में तनाव के दौरान हुई और न ही भविष्य में होने देंगे। इसलिए टूरिस्ट बिना डरे व घबराए पहाड़ों की सैर कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा, हिमाचल टूरिस्ट के स्वागत को तैयार है। इसलिए बच्चे, बूढ़े और नव विवाहित जोड़े पर्यटन स्थलों पर घूमने आ सकते हैं। टूरिस्ट हिमाचल की ताजा आबोहवा का आनंद उठा सकते हैं।

**पर्यटन स्थलों पर सुहावना मौसम :** प्रदेश में इन दिनों सुहावना मौसम बना हुआ है। देश के मैदानी इलाकों में 40 डिग्री से ज्यादा तापमान चल रहा है। वहीं प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर 20 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान चल रहा है। शिमला का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री, कुफरी का 21.7 डिग्री, नारकंडा का 21.4 डिग्री और मनाली का 27.2 डिग्री सेल्सियस चल रहा है।

वहीं देश के ज्यादातर हिस्सों में इन दिनों 40 डिग्री से अधिक तापमान चल रहा है। ऐसे में पर्यटक हिमाचल के पहाड़ों पर पहुंचकर सुहावने मौसम का आनंद उठा सकते हैं।

### भारत-पाक में तनाव के बीच कैंसिल की बुकिंग

भारत-पाक में तनाव के बीच बड़ी संख्या में टूरिस्ट ने एडवांस बुकिंग कैंसिल करवा दी थी। इससे अभी भी कम टूरिस्ट ही पहाड़ों पर पहुंच रहा है। शिमला के होटेलियर इंद्रजीत ने बताया कि आमतौर पर मई के पहले सप्ताह से ही टूरिस्ट आना शुरू होता था, लेकिन इस बार काफी कम टूरिस्ट ही आ रहा है।

# ईंटों से भरे ट्रक पर गिरा बरगद का पेड़, 2 की मौत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नगरोटा बगवां।** सोमवार प्रातः आए भयंकर तूफान नें तहसील बड़ोह की पंचायत खावा में ईंटों से भरे ट्रक पर बरगद का पेड़ गिर जाने से ट्रक में बैठे दो व्यक्तियों की मौत हो गई। दोनों ट्रक चालक बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान संजीव कुमार 42 पुत्र राजकुमार निवासी गांव देहरा तथा टेक चन्द 48 पुत्र दीवान चन्द निवासी गांव कंडोग तहसील बड़ोह के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार दोनों चालक ट्रक ईंटें लेकर खावा गए थे तथा उन्होंने ट्रक एक बरगद के पेड़ के नीचे खड़ा किया था अचानक भयंकर तूफान से बरगद का प्राचीन पेड़ ट्रक के ऊपर गिर पड़ा जिससे दोनों ट्रक के कैबिन में दब गए। पेड़ गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। पंचायत प्रधान मनोज कुमार नें तुरंत इसकी सूचना बड़ोह पुलिस चौकी को दी।

डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा, एसएचओ नगरोटा बगवां नवनीत सैणी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं एसडीएम मुनीष शर्मा ने तुरंत प्रशासन को अलर्ट कर दिया और तथा वह भी मौके पर पहुंच गए। एसडीआरएफ टीम व स्वास्थ्य विभाग की टीम भी बीएमओ डॉ. रुबि भारद्वाज के नेतृत्व में मौके पर पहुंच गईं। वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग कर्मियों ने 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के उपरांत कटर व जेसीबी की मदद से भारी भरकम बरगद के पेड़ को काट कर ट्रक के कैबिन में फंसे दोनों के शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम हेतु टांडा मैडीकल कॉलेज भेज दिया।

## अंग्रेजों की लाई 12 पेड़ों की प्रजातियों का 100 साल बाद चला पता, दस्तावेजों में शामिल किया

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और इसके आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में अंग्रेजों की ओर से करीब 100 साल पहले लाई गई 12 पेड़ों की प्रजातियां गुमनामी में उगती रहीं। अब पता चलने पर हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला और वन्य प्राणी विंग ने इनका दस्तावेजीकरण किया है। इसके चलते शिमला और आसपास चिह्नित लकड़ी वाले पेड़ों की प्रजातियां 138 से बढ़कर 150 हो गई हैं। इन 12 प्रजातियों को शिमला स्थित पश्चिमी हिमालयन टेंपरेट आर्बोरेटम में प्रदर्शन के लिए रखा गया है, जबकि यहां पर 138 प्रजातियों को संरक्षण के लिए जुटाया जा रहा है।

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान पंथाघाटी शिमला के वैज्ञानिक डॉ. विनीत जिश्टू ने बताया कि हेनरी कॉलेट की 1902 में लिखी पुस्तक कॉलेट फ्लोरा सिमलेंसिस में लकड़ी वाले पेड़ों की 138 प्रजातियों का उल्लेख किया गया है। इस पुस्तक में जिन पेड़ों का उल्लेख नहीं है और जो पिछले 100 साल से शिमला व इसके आसपास के क्षेत्रों में उगाए जा रहे हैं, ऐसे पेड़ों की करीब 12 प्रजातियों को चिह्नित कर लिया गया है। अब यहां उगने वाले पेड़ों की 150 प्रजातियां हो गई हैं। इनमें से ज्यादातर प्रजातियों को शिमला में बनाए गए आर्बोरेटम में रखा जा चुका है।

# राज्य में विकास परियोजनाओं को तेजी से क्रियान्वित कर रही प्रदेश सरकार: विक्रमादित्य



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज यहां कहा कि लोक निर्माण और शहरी विकास विभागों के तहत विकासात्मक परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए व्यापक रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि शहरी विकास विभाग, पीडब्ल्यूडी और नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, इंजीनियरों और कार्यकारी अधिकारियों के साथ हाल ही में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चरण-4 के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अपलोड करने में देश में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि राज्य 1500 किलोमीटर सड़क निर्माण के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसके लिए स्थानीय समुदायों और पंचायतों से पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि समय पर भूमि की उपलब्धता और स्थानीय सहयोग के अभाव में लक्ष्य को 400 से 500 कि.मी. तक हासिल किया जा सकता है।

वन विभाग की मंजूरी में देरी और विभाग के नाम पर भूमि का पंजीकरण न होने जैसी प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभागों के साथ एक संयुक्त बैठक की योजना बनाई जा रही है। स्थानीय प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन की भागीदारी से भूमि की पहचान और अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

परियोजनाओं के कार्यान्वयन में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग के डिवीजनों को लाल, पीला, हरा और गैर-निष्पादित, चार वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ आरोप पत्र तय करने और ब्लैक लिस्ट में डालने सहित सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि शहरी विकास विभाग के तहत शहरी चुनौती निधि के तहत 1200 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रस्तावित है जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के माध्यम से 25 प्रतिशत धनराशि तथा शेष राशि बैंकों और बाजार के माध्यम से जुटाई जाएगी। इसके अंतर्गत स्वच्छता, जल निकासी, पार्किंग सुविधाएं और शहरी बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता में शामिल हैं।

मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को विशेष श्रेणी राज्य का दर्जा प्रदान करने के लिए वह शीघ्र ही केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट करेंगे। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले के तीन महीनों के भीतर विकासात्मक परियोजनाओं को पूरा करना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने निर्वाचित प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, नागरिकों और ठेकेदारों से विकास को गति देने में सरकार का सहयोग करने का आह्वान किया जिनमें प्रदेश के विशेष रूप से कुल्लू, सिरमौर, चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों के दुर्गम क्षेत्र शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा में भूकंप के झटके

**चंबा (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश चंबा में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.3 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, जमीन के भीतर इसकी गहराई 5 किलोमीटर रही। यह झटके सुबह 10 बजकर 44 मिनट पर महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि चंबा में दो बार धरती कांपी है। इससे किसी भी प्रकार के जान व माल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिन लोगों ने झटके महसूस किए, वह घरों से बाहर निकल आए। हालांकि झटकों की तीव्रता कम होने की वजह से ज्यादातर लोग इन्हें महसूस नहीं कर पाए। चंबा जिला के अधिकांश क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील यानी जोन 5 में आते है। इसलिए यहां बार-बार भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।

### छात्रा ने 12वीं में फेल होने पर की आत्महत्या

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल की राजधानी शिमला में एक छात्रा ने 12वीं कक्षा में दूसरी बार फेल होने पर सुसाइड कर दिया। पुलिस की अब तक की जांच में पता चला है कि छात्रा लगातार दूसरी बार फेल होने का सदमा बर्दाशत नहीं कर पाई। इससे उसने गहरी खाई में कूदकर आत्महत्या कर दी। पुलिस ने न्यू शिमला थाना में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि बीते शनिवार को ही हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित किया था। रिजल्ट देखकर बीते कल छात्रा ने आत्महत्या कर ली। मृतक युवती सिरमौर जिला की रहने वाली थी और वह शिमला में किराए के कमरे में अपने परिवार के साथ रहती थी। मृतका की पहचान दीक्षा निवासी गोरवा गांव सिरमौर के तौर पर हुई है। मृतक छात्रा के पिता शिमला में मजदूरी करते हैं। पुलिस के अनुसार, मृतक छात्रा दीक्षा ने मैहली से शोघी बाईपास सड़क पर बडागांव के पास स्थित पुल से नाले में छलांग लगाई, जिसमें उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना न्यू शिमला की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग महिला के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**हमीरपुर (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर में बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म का शर्मनाक मामला सामने आया है। दुष्कर्म के आरोप इलाके के ही ट्रैक्टर चालक पर लगे हैं। युवक पर महिला की निर्मम पिटाई का भी आरोप है। आरोपी महिला को लिफ्ट देने के बहाने जबरन जंगल में ले गया। इस दौरान उसने तेज रफ्तार से स्कूटी चलाई, जिसके चलते हादसा भी हो गया। महिला ने जब उसका विरोध किया तो उसने बुजुर्ग के साथ मारपीट की और दुष्कर्म किया। महिला जालंधर से अपने घर लौट रही थी। वह शनिवार रात को 9ः00 बजे के करीब भोटा क्षेत्र में बस से उतरी। बुजुर्ग ने घर जाने के लिए टैक्सी चालकों से बातचीत की, लेकिन चालकों की ओर से 800 रुपये किराया मांगा गया। महिला के पास पैसे कम थे, ऐसे में वहीं पर मौजूद युवक ने महिला को लिफ्ट देने की बात कही। आरोपी ने कहा कि वह भी उनके घर की ओर जा रहा है। ऐसे में महिला उसके साथ स्कूटी पर बैठ गई। कुछ ही दूरी तय करने के बाद आरोपी ने स्कूटी को तेजी से भगाना शुरू कर दिया। आरोपी ने शराब भी पी हुई थी। इसके चलते स्कूटी गिर गई। इसके बाद उसने महिला को जबरन जंगल में ले जाकर उसके साथ मारपीट की और दुष्कर्म किया। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद वहां से भाग गया। इसके बाद महिला ने किसी तरह से लोगों की मदद से परिजनों को सूचित किया। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई।

## बस में यात्री से ऐसे बरामद की 576 ग्राम चरस

**बरमाणा (अप्रस)।** बरमाणा थाना पुलिस ने रविवार को अलसु पुल के पास नाकाबंदी के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी का मामला पकड़ा है। पुलिस टीम ने मनाली से लुधियाना जा रही पंजाब रोडवेज की बस नंबर पीबीक्यू-5439 को जांच के लिए रोका। बस में सवार एक यात्री की तलाशी के दौरान उसके पास से 576.72 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान 40 वर्षीय खेमराज डांगी पुत्र बारत कुमार डांगी निवासी गांव बुद्ध शांति पालिका नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े तार कहां-कहां तक जुड़े हैं, इस बारे में जांच जारी है।

# 4 साल से फरार, नशा तस्कर पुलिस ने गिरफ्तार किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मनाली।** हिमाचल की कुल्लू पुलिस ने हरियाणा के रोहतक से एक फरार अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रामपाल (48) पर दिसंबर 2019 में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज हुआ था।

रामपाल रोहतक जिले की मेहम तहसील के गांव भारण का रहने वाला है। पुलिस ने उसे रोहतक की सीआईए स्टाफ वन की मदद से सोमवार को रोहतक के ओल्ड आईटीआई के पास से गिरफ्तार किया है।

कुल्लू के एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने बताया कि कुल्लू कोर्ट के विशेष न्यायधीश-द्वितीय ने 18 नवंबर 2024 को रामपाल को फरार अपराधी घोषित किया था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था।

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी अपराधी को पुलिस द्वारा बख्शा नहीं जाएगा । नशे के खिलाफ पुलिस प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मुस्तैदी से काम कर रही है।

# एसजेवीएन ने मिनी मैराथन के माध्यम से 'नशा मुक्त भारत-स्वस्थ भारत' एवं 'स्वच्छता' का संदेश दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** एसजेवीएन ने 38वें स्थापना दिवस समारोह का आरंभ शिमला स्थित अपने कारपोरेट मुख्यालय द्वारा मिनी मैराथन के आयोजन के साथ किया। यह कार्यक्रम नशा मुक्त और स्वस्थ भारत के राष्ट्रीय उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए 'नशा मुक्त भारत-स्वस्थ भारत' थीम पर आयोजित किया गया। मैराथन का उद्देश्य स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता के बारे में जागरूकता का प्रसार करना भी रहा, जिसे एसजेवीएन द्वारा 16 से 31 मई, 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर अपने समस्त कार्यालयों में मनाया जा रहा है। श्री अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक),एसजेवीएन ने मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसजेवीएन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, श्री अजय कुमार शर्मा ने मिनी मैराथन में उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता के प्रति प्रशंसा व्यक्त की तथा स्वस्थ एवं नशा-मुक्त जीवन शैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समस्त कर्मियों एवं परिजनों को स्वास्थ्य के क्रम को अपनाए रखने एवं 'नशा मुक्त भारत-स्वस्थ भारत' के विजन को सक्रिय रूप से सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया। संयुक्त प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यक्रम एसजेवीएन कर्मियों, उनके परिजनों एवं कारपोरेट मुख्यालय में तैनात आउटसोर्स कार्मिकों की उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता हेतु पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न आयु समूहों की नौ विभिन्न श्रेणियों में आयोजित किया गया । मैराथन छोटा शिमला से शुरू होकर, प्रतिष्ठित माल रोड एवं चौड़ा मैदान से होते हुए होटल पीटरहॉफ में समाप्त हुई। मिनी मैराथन के साथ-साथ, कई फन गेम्स का भी आयोजन किया गया, जिससे दिन में उत्सव का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें श्री अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक) ने मिनी मैराथन के विजेताओं को सम्मानित किया।

# संघ के जिला प्रधान बने जय लाल जलपाईक

आम राय न बन पाने पर वोटिंग से हुआ फैसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सोलन के जिला स्तरीय त्रिवार्षिक चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (ब्वॉयज) सुबाथू में संपन्न हुए। इसमें जय लाल जलपाईक को अध्यक्ष चुना गया। जिला महासचिव के पद पर हेमंत कुमार शर्मा को चुना गया। इस अवसर पर आब्जर्वर के रूप में डॉ प्रदीप शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र सुबाथू ने अपना दायित्व निभाया।

**जिलाभर से आए डेलीगेट्स ने लिया चुनाव में भाग...**

नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई जिसमें आपसी सहमति बनाने का प्रयास किया गया, लेकिनआपसी सहमति न बनने की वजह से चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए भगत जगोता, जय लाल जलपाइक तथा दीपक ओझा ने अपना नामांकन भरा। दोपहर तीन बजे के बाद चुनाव शुरू हुआ, जिसमें लगभग 200 से अधिक डेलिगेट्स ने भाग लिया। यह डेलिगेट्स अपने-अपने स्कूलों से चुनकर आए थे। इस समय जिला सोलन में कुल 146 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं जहां से डेलिगेट्स भाग लेने आए थे। चुनाव प्रक्रिया से पहले जनरल हाउस का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुरानी कार्यकारिणी ने अपने पिछले साढ़े तीन वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और पिछले तीन वर्ष के दौरान किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर बहुत से प्रवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया।

### कितने वोट मिले...

इस चुनाव में जय लाल जलपाइक को विजयी घोषित किया गया। जय लाल जलपाईक को 99 वोट मिले, भगत जगोता को 64 वोट मिले, और दीपक ओझा को 20 वोट मिले। जय लाल जलपाइक ने भगत जगोता को 35 वोटो से हराया। जय लाल जलपाईक ने उन्हें जिला सोलन का अध्यक्ष चुने जाने पर प्रवक्ता साहब सिंह का धन्यवाद किया और कहा कि वे वे प्रवक्ता साथियों की हित के लिए हमेशा खड़े रहेंगे तथा प्रवक्ता संघ की समस्याओं को सरकार के समक्ष और विभाग के समक्ष उठाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# हिमाचल में तूफान का कहर, 2 की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में तेज तूफान से एक बड़ा वटवृक्ष ईंटों से लदे ट्रक पर गिर गया। इससे ड्राइवर और कंडक्टर की मौत हो गई। मौके जेसीबी की मदद से पेड़ को चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हटाया जा सका। नगरोटा बगवां में और भी कई क्षेत्रों में तूफान से तबाही हुई है।

वहीं कांगड़ा के दूसरे क्षेत्रों में भी सुबह के वक्त तूफान से खूब तबाही हुई है। बिजली के खंबों और विद्युत लाइन को भी नुकसान पहुंचा है। मंडी जिला में भी तूफान से खूब तबाही हुई है। मौसम विभाग अगले आज भारी बारिश के साथ साथ आंधी-तूफान और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

वहीं चंबा के दुर्गम क्षेत्र पांगी के चशक बटोरी में आज सुबह ताजा बर्फबारी हुई। भरमौर से विधायक डॉ. जनक राज ने आज सुबह ताजा बर्फबारी का वीडियो खुद मीडिया को शेयर किया।

### 40 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगी हवा

प्रदेश में पहले ही ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में आज 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान चलेगा। इसे देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने को कहा गया है। अगले कल भी कुछेक क्षेत्रों में हल्की बारिश, आंधी तूफान चल सकता है। परसों से प्रदेशभर में मौसम साफ होने का पूर्वानुमान है।

**मंडी में गाड़ी पर गिरा पेड़ :** मंडी के पड्डल मैदान के पास भी गाड़ी पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। तूफान के चलते मंडी और कुल्लू नेशनल हाईवे पर स्थित हिमाचल दर्शन फ़ोटो गैलरी को भी काफी नुकसान हुआ है। वहीं प्रदेश में आज (19 मई) को भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि व आंधी चलने के चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश के 5 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और अन्य सात जिलों में यलो अलर्ट दिया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी के बीच कांगड़ा में सुबह 5 पांच बजे बारिश के साथ तेज तूफान आया। शिमला में भी मौसम बदल गया है।

## युवा पर्वतारोहियों पूर्वी हिमालय की इस चोटी पर फहराया तिरंगा

**शिमला (अप्रस)।** भारत की अग्रणी पर्वतारोहण संस्था व्हाइट एक्सपीडिशन ने पूर्वी हिमालय की दुर्गम और प्रतिष्ठित चोटी माऊंट थिनचेनखांग 6010 मीटर पर सफल चढ़ाई कर एक नया इतिहास रच दिया है। यह चोटी कंचनजंगा नैशनल पार्क के भीतर स्थित है और तकनीकी चुनौतियों से भरपूर मानी जाती है। टीम ने 8 मई को युक्सोम से अभियान की शुरूआत की और लगभग 45 किमी की कठिन ट्रैकिंग करते हुए 4 दिन में बेस कैंप पर पहुंची। 14 मई की रात 11 बजे फाइनल समिट पुश शुरू हुआ और 15 मई की सुबह 8.40 बजे टीम ने सफलतापूर्वक चोटी पर तिरंगा फहराया। अभियान का नेतृत्व अनुभवी पर्वतारोही राहुल उर्फ रिकी माऊंटेनियर ने किया। सह-नेता निकिता ने महिला नेतृत्व की मिसाल पेश की। अभियान में आरोन शेरपा और थिनलेस ग्यात्सो लद्दाखी गाइड ने तकनीकी और मार्गदर्शन सहयोग दिया। टीम के अन्य सदस्यों में पहली बार 6000 मीटर से ऊपर स्वप्ना, हर्षित और रेवंत शामिल रहे।

# 4 माह में वितरित की 15.27 करोड़ रुपये की खाद्य सामग्री: अमरजीत सिंह

डीसी ने की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करें, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर करें कड़ी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक सोमवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान खाद्य सामग्री और रसोई गैस के वितरण तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग से संबंधित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि इन चार महीनों के दौरान जिला के कुल 1,49,539 राशन कार्डों के 5,34,135 उपभोक्ताओं को 316 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से कुल 15.27 करोड़ रुपये से अधिक की खाद्य सामग्री वितरित की गई।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि फील्ड में नियमित रूप से निरीक्षण किए जाने चाहिए तथा खाद्य वस्तुओं की अधिक से अधिक सैंपलिंग होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि गत चार महीनों के दौरान विभाग के अधिकारियों ने 378 निरीक्षण किए, जिनमें से एक मामले में अनियमितता पाई गई। इसके अलावा विभिन्न खाद्य वस्तुओं के 30 सैंपल भी लिए गए, जिनमें से एक सैंपल ठीक नहीं पाया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग के मामलों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उचित मूल्य की नई दुकानें खोलने के प्रस्तावों को लेकर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। समिति ने विभाग के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले आवेदनों को मंजूरी प्रदान करने का निर्णय लिया।

बैठक में जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शिव राम ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी और समिति के अन्य सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# 'लाशों पर राजनीति कर रही है बीजेपी-कंग ने मजीठा मामले पर सुनील जाखड़ को घेरा'

जाखड़ का दोहरा चरित्र बेनकाब- कांग्रेस सरकार में थे चुप, अब बीजेपी को खुश करने के लिए हो रहे मुखर: कंग

मिथेनॉल की ख़रीद बिक्री पर अंकुश लगाने में केंद्र सरकार नाकाम- आप ने बीजेपी को दी सीधी चुनौती



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने भाजपा के पंजाब अध्यक्ष सुनील जाखड़ पर मजीठा में जहरीली शराब से हुई दुखद मौतों पर राजनीति करने का आरोप लगाया। कंग ने जाखड़ की आलोचना करते हुए कहा कि घटना के मूल कारण जानने के बजाय वह राजनीतिक लाभ के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।

कंग ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के भीतर खुद को स्थापित करने के लिए जाखड़ लाशों की राजनीति करने पर उतर आए हैं। अपनी पार्टी के भीतर उनकी स्थिति इतनी कमजोर है कि वे गंभीर समाधान के बजाय फूहड़ बयानबाजी का सहारा ले रहे हैं।

कंग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने इस मामले में त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की है। छह घंटे के भीतर ठेकेदारों, आबकारी अधिकारियों और पुलिस कर्मियों सहित कई पदाधिकारियों को जवाबदेह ठहराया गया। 16 गिरफ्तारियां की गई हैं जिसमें अपराधियों को दिल्ली से भी पकड़ा गया है। मुख्यमंत्री मान का निर्देश बिल्कुल स्पष्ट है कि इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

मेथनॉल की उपलब्धता पर प्रकाश डालते हुए कंग ने कहा कि इसकी आपूर्ति को विनियमित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, जो पूरे भारत में चिंताजनक रूप से सुलभ है। उन्होंने कहा, 'मेथनॉल केवल पंजाब का मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय है। ऐसे खतरनाक पदार्थों की उपलब्धता पर सख्ती से नियंत्रण किया जाना चाहिए।' कंग ने कहा कि पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पहले भी केंद्र सरकार को पत्र लिखकर मेथनॉल की बिक्री और वितरण को विनियमित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश और राष्ट्रीय नीति बनाने की अपील की थी।

### तरनतारन में नकली शराब से चली गई थी 154 लोगों की जान, गर्ग ने जाखड़ पर निशाना साधा



आप के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नील गर्ग ने सुनील जाखड़ पर निशाना साधते हुए कहा कि जाखड़ 2020 में कांग्रेस सरकार के दौरान वह पार्टी के प्रधान थे, जब तरनतारन में नकली शराब से 154 लोगों की जान चली गई थी। उस समय उनका नैतिक आक्रोश कहां था? उस समय आम आदमी पार्टी ने ही पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। आज, जाखड़ मेथनॉल विनियमन में केंद्र सरकार की भूमिका को सुविधाजनक रूप से नजरअंदाज कर रहे हैं और इसके बजाय एक त्रासदी का राजनीतिकरण कर रहे हैं।' गर्ग ने कहा कि यदि जाखड़ वास्तव में इस मुद्दे के प्रति गंभीर हैं, तो उन्हें भाजपा के नेतृत्व वाली अपनी केंद्र सरकार से अपील करना चाहिए कि वह मेथनॉल के प्रति सख्त नियम बनाने के लिए पंजाब की मांग को प्राथमिकता दे और इस बड़े मुद्दे का ठोस समाधान करे।

### पंजाब सरकार ने धान के सीजन के दौरान बिजली की निर्विघ्न आपूर्ति के लिए की तैयारियां मुकम्मल

# हरभजन सिंह ईटीओ ने धान के सीजन के लिए बिजली की निर्विघ्न आपूर्ति के शेड्यूल का ऐलान

धान के सीजन के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं और उद्योगों को भी मिलेगी निर्विघ्न बिजली आपूर्ति



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने धान के सीजन के दौरान किसानों को बिजली की निर्विघ्न आपूर्ति के लिए तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। यह जानकारी आज यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पंजाब के बिजली मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य में धान की सीधी बिजाई (डी.एस.आर. विधि) को प्रोत्साहित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिसके मद्देनजर इस बार धान की सीधी बुवाई के लिए पिछले वर्षों की तुलना में पहले ही समय सारणी जारी कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि एक किलो चावल पैदा करने के लिए 3800 लीटर पानी लगता है जबकि डी.एस.आर. विधि के माध्यम से 400-500 लीटर प्रति किलो चावल पानी की बचत की जा सकती है। इसके अलावा राज्य सरकार डी.एस.आर. विधि के माध्यम से धान की बिजाई करने वाले किसानों को 1500 रुपये प्रति एकड़ सब्सिडी देती है। बिजली मंत्री ने बताया कि धान के सीजन के दौरान 8 घंटे बिजली की निर्विघ्न आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और जरूरत पड़ने पर यह समय बढ़ाया भी जा सकता है। उन्होंने बताया कि राज्य के मौजूदा 15 बिजली यूनिटों में से 14 बिजली यूनिट अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्यरत हैं और एक यूनिट भी अगले तीन दिनों में काम करना शुरू कर देगा। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष राज्य में बिजली की पीक डिमांड 16058 मेगावाट रही थी, जिसके मद्देनजर इस साल 17000 मेगावाट का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा बिजली संयंत्रों के पास 30 दिन का कोयले का भंडार मौजूद है और राज्य में ट्रांसमिशन को भी बेहतर बनाया गया है। बिजली मंत्री ने कहा कि राज्य में धान की बिजाई और धान की सीधी बिजाई (डी.एस.आर.) चरणबद्ध तरीके से और निर्धारित शेड्यूल के अनुसार की जाएगी। 15 मई से 31 मई, 2025 तक धान की सीधी बिजाई करने की अनुमति है। 1 जून से, अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगते क्षेत्रों और नहर सिंचाई वाले क्षेत्रों में बिजाई की अनुमति होगी, जिसमें फरीदकोट, बठिंडा, फिरोजपुर, श्री मुक्तसर साहिब और फाजिल्का शामिल हैं। 5 जून से, गुरदासपुर, पठानकोट, तरनतारन, अमृतसर, रूपनगर, एसएएस नगर (मोहाली), फतेहगढ़ साहिब और होशियारपुर में बिजाई शुरू की जा सकती है। बाकी जिले जैसे- लुधियाना, मलेरकोटला, मानसा, मोगा, पटियाला, संगरूर, बरनाला, कपूरथला, जालंधर और शहीद भगत सिंह नगर में 9 जून से बिजाई शुरू हो जाएगी।

# मोहिंदर भगत ने बागवानी योजनाओं का बारीकी से निरीक्षण, किसानों की आय बढ़ाने पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** पंजाब के बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने बागवानी विभाग द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। कैबिनेट मंत्री आज बागवानी अधिकारियों के साथ पंजाब सिविल सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान किसान कल्याण संबंधी योजनाओं को लागू करने की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लाभार्थियों तक इन योजनाओं का लाभ बिना किसी देरी के पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार फसली विविधता और आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि किसानों की आय और बढ़े और पारंपरिक खेती पर निर्भरता कम हो।

श्री मोहिंदर भगत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण संबंधी योजनाओं को पूरी तरह से लागू करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

### नशे के खिलाफ 'आप' मंत्रियों-विधायकों की 'नशा मुक्ति यात्रा' दूसरे दिन भी जारी

# 250 से ज्यादा गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों ने अपने-अपने हलकों के तीन गांवों का किया दौरा, हजारों की संख्या में आमलोग कार्यक्रमों में शामिल हुए

अथ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** पंजाब से नशे को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा घोषित ÷नशा मुक्ति यात्रा÷ लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। पार्टी के कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों ने अपने-अपने हलकों के तीन गांवों में यात्रा निकाली और कई जगहों पर नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रमों में लोगों को संबोधित किया। यात्रा में स्थानीय आप नेता-कार्यकर्ता के अलावा हजारों की संख्या में आम लोगों ने भाग लिया। लोगों ने नशे के खिलाफ यात्रा आयोजित करने के लिए पंजाब सरकार एवं आम आदमी पार्टी की सराहना की।

सोमवार को %युद्ध नशयां विरूद्ध% मुहिम के तहत आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों ने अपने हलका इंचार्जों के साथ मिलकर 250 से ज्यादा गांवों में ÷नशा मुक्ति यात्रा÷ निकाली और लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया।

यात्रा के दौरान आप नेता स्थानीय लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही युद्ध नशयां विरुद्ध अभियान का समर्थन करने एवं नशे से पीड़ित व्यक्तियों को जल्द रिहैबिलिटेशन सेंटर में भर्ती कराने की अपील की।

कई जगहों पर विधायकों और मंत्रियों ने लोगों को नशा न करने, नशा तस्करों का बहिष्कार करने एवं उसे किसी भी तरह की सामाजिक सहायता, खासकर उसके खिलाफ हुए मुकदमे में जमानत नहीं कराने की शपथ भी दिलाई।

गांवों के लोगों में यात्रा के प्रति काफी उत्साह भी देखने को मिल रहा है। लोग खुद नशा मुक्ति यात्रा में शामिल हो रहे हैं और सरकार के इस मुहिम का खुले तौर पर सराहना कर रहे हैं। यात्रा के दौरान कैबिनेट मंत्रियों की मौजूदगी में कई पंचायतों ने अपने गांव के नशा मुक्त होने की भी घोषणा की। मंत्री ने ऐसे पंचायतों को सरकार द्वारा सम्मानित करने और अतिरिक्त आर्थिक मदद देने का भरोसा दिया।

नशा मुक्ति यात्रा का मकसद लोगों को व्यक्तिगत रूप से इस अभियान से जोड़ना और नशे को जड़ से खत्म करने में उनका सहयोग प्राप्त करना है। पिछले दिनों अपने भाषण में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा भी था कि कोई भी अभियान तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसमें आम लोगों की भागीदारी न हो। इसलिए आप नेता ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच कर उन्हें नशे के खिलाफ सरकार की मुहिम का समर्थन करने की अपील कर रहे हैं।

## बसपा 22 मई को पूरे प्रदेश में रोष प्रदर्शन करेगी: जगजीत छडबड़



**बनूड़, 19 मई (अप्रस)।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने मजीठा हलके में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले में राज्य सरकार के खिलाफ पूरे राज्य में प्रदर्शन करने का फैसला किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बसपा पंजाब के महासचिव जगजीत सिंह छडबड़ ने बताया कि बसपा की ओर से पंजाब अध्यक्ष डॉ. अवतार सिंह करीमपुरी के नेतृत्व में पंजाब बचाओ मुहिम के तहत 22 मई को जिला स्तर पर ये प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 78 साल हो गए हैं और राज्य में कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा की सरकारें रही है। लोगों ने इनके विकल्प के तौर पर आप सरकार को मौका दिया है। इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है और राज्य के लोग लगातार नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सरकार नशा ख़त्म करने के मुद्दे पर राज्य में सत्ता में आई थी, लेकिन अभी तक नशा ख़त्म नहीं हो पाया है और लोग लगातार मर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान भी नशीली दवाओं से संबंधित इसी तरह की मौतें हुई थीं। इस मामले में जहां आप सरकार विफल साबित हुई है, वहीं कांग्रेस और अकाली-भाजपा सरकारें भी बुरी तरह असफल साबित हुई हैं। उन्होंने सभी पंजाबियों से इस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की, ताकि राज्य को इस तबाही के दौर से बाहर निकाल युवाओं को बचाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## ट्रैफ़िक नियमों का उल्लंघन करने वालों से विनम्रता से पेश आने पर ट्रैफ़िक पुलिस कर्मचारियों का सम्मान

बटाला ट्रैफ़िक टीम ने चालान करने की जगह ड्राइवरों को किया जागरूक, आगे से चालान करने की दी चेतावनी

एडीजीपी राय ने चार पुलिस कर्मचारियों को दिए प्रशंसा पत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** ट्रैफ़िक पुलिस का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) ट्रैफ़िक अमरदीप सिंह राय ने ट्रैफ़िक नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान करने की बजाय उनके प्रति विनम्र और जागरूक रवैया अपनाने पर बटाला के चार ट्रैफ़िक पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया।

सम्मानित किए गए पुलिस कर्मचारियों में इंचार्ज ट्रैफ़िक स्टाफ बटाला इंस्पेक्टर सुरिंदर सिंह, उनकी टीम के सदस्य एएसआई रणजीत सिंह, एएसआई सुखविंदर सिंह और होम गार्ड शमशेर सिंह शामिल हैं। एडीजीपी अमरदीप सिंह राय ने इन ट्रैफ़िक कर्मचारियों को उनके मिसाली व्यवहार के लिए प्रशंसा पत्र (क्लास-1) और नकद इनाम भेंट किए। यह पहल उस समय सुर्खियों में आई, जब एक वायरल वीडियो सामने आई, जिसमें ट्रैफ़िक पुलिस कर्मचारी एक ऐसे व्यक्ति से बड़ी विनम्रता से बात कर रहे थे, जिसने अपनी कार सड़क के बीचों-बीच खड़ी कर दी थी। हैरानी की बात यह रही कि ड्राइवर का चालान करने की बजाय, अधिकारियों ने उसे बड़े शालीनता से ऐसी उल्लंघनाओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में समझाया और बताया कि कैसे लापरवाही से की गई पार्किंग घातक हादसों का कारण बन सकती है। उन्होंने ड्राइवर को इस बार चेतावनी देकर छोड़ दिया कि ऐसे अपराध बार बार बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे।

एडीजीपी अमरदीप सिंह राय ने टीम के व्यवहार की सराहना करते हुए कहा, 'मैं इन पुलिस कर्मचारियों द्वारा बड़ी हमदर्दी और समझदारी से मौके को संभालने के तरीके से प्रभावित हुआ हूँ। हम पंजाब भर के सभी ट्रैफ़िक कर्मचारियों को इसी तरह की दोस्ताना पहुंच अपनाने के लिए जागरूक करने की योजना बना रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोग जुर्माने के डर से नहीं, बल्कि जागरूकता से ट्रैफ़िक नियमों का पालन करें।'

इंस्पेक्टर सुरिंदर सिंह ने टीम की ओर से बोलते हुए इस सम्मान के लिए धन्यवाद किया और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य ड्राइवरों को उल्लंघनों के परिणाम समझाना है, ना कि सिर्फ़ उन्हें सज़ा देना।'

## नशीले पाउडर के साथ दो गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 19 मई।** बनूड़ थाने की पुलिस ने 20 ग्राम सफेद पाउडर सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रमुख इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि जांच अधिकारी एएसआई राम किशन पुलिस पार्टी सहित शरारती तत्वों व नशा तस्करों की तलाश में बनूड़ से राजपुरा को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त कर रहे थे।

गश्त के दौरान जब वे राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित फतेहपुर गढ़ी टी-प्वाइंट पर नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे, तो उन्होंने दो युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली। उनकी जेब से एक लिफाफे में 20 ग्राम सफेद नशीला पाउडर बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा तथा उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खन्ना में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 18 मई।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के तहत आतंकी ठिकानों पर सफल ऑपरेशन करने और आतंकियों को मार गिराने की ख़ुशी में खन्ना शहर में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में शहरवासी पहुंचे और भारतीय सेना के सफल ऑपरेशन पर हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर सभी पार्टियों के लोगों ने एक स्वर में भारत माता और हिंदुस्तानी फ़ौज के जयकारों के नारे लगाए और एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## गुरप्रीत सिंह विर्क पंजाब रोड़ ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन पटियाला के डायरेक्टर नियुक्त

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 19 मई।** पंजाब में आम आदमी पार्टी ने आज अपने कार्यकर्ताओं को चेयरमैनी सौंपी। इस दौरान विभिन्न विभागों में चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, डायरेक्टर व सदस्यों की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर डेराबस्सी हलके से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता गुरप्रीत सिंह विर्क को पंजाब रोड़ ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन पटियाला का डायरेक्टर नियुक्त किया गया। गुरप्रीत सिंह विर्क के डायरेक्टर बनने पर आज हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा आम आदमी पार्टी के जीरकपुर कार्यालय में उन्हें सिरोपा भेंट किया गया।

इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह विर्क ने आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत मान व हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का विशेष तौर पर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

### सुनील जाखड़ के नेतृत्व में बीजेपी का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला, अमृतसर शराब त्रासदी और आप की शराब माफिया से संबंधों की सीबीआई जांच की मांग की

# दिल्ली आबकारी नीति की सीबीआई जांच का दायरा बढ़ाकर अमृतसर शराब त्रासदी को शामिल करना चाहिए: जाखड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** पंजाब बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने सोमवार को दोहराया कि भगवंत मान की सरकार को आप के दिल्ली स्थित नेताओं ने पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है, जिससे राज्य में संवैधानिक संकट पैदा हो गया है। उन्होंने मांग की कि दिल्ली आबकारी नीति की सीबीआई जांच के दायरे को बढ़ाकर अमृतसर शराब त्रासदी की भी जांच की जाए। जाखड़ ने यह विचार राजभवन के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान व्यक्त किए, जहां उन्होंने बीजेपी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। अमृतसर शराब त्रासदी के मद्देनजर, जाखड़ ने राज्यपाल से त्रासदी और आप के शराब माफिया से संबंधों की सीबीआई जांच की मांग की।

सुनील जाखड़ के नेतृत्व में बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने आज दोपहर राज्यपाल से मुलाकात की और एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें पंजाब में आप नेतृत्व और शराब माफिया के बीच संबंधों की जांच की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि ईडी को इस गठजोड़ को उजागर करने के लिए गहन जांच करने को कहा जाए।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया, विधायक जंगी लाल महाजन, बीजेपी पंजाब के महासचिव परमिंदर बरार, बीजेपी पंजाब के महासचिव जगमोहन सिंह राजू, पंजाब बीजेपी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरपाल सिंह बोनी अजनाला, राजिंदर मोहन सिंह चिन्ना, राजबीर शर्मा, रंजम कामरा, विनीत जोशी और गेज्जा राम वाल्मीकि शामिल थे। इसे एक टालने योग्य त्रासदी करार देते हुए, प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आप द्वारा 2022 में पंजाब में दिल्ली आबकारी नीति की तर्ज पर लागू की गई शराब नीति के तहत वितरित कोटे की भी जांच होनी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि अवैध लाभ किसे और कितना मिला। यह जांच स्टॉक रजिस्टरों के निरीक्षण के माध्यम से की जा सकती है, जैसा कि ज्ञापन में कहा गया है।

पंजाब के शराब ठेकेदारों द्वारा जुलाई 2022 से प्रत्येक वर्ष अनुमत और उठाए गए विदेशी शराब कोटे की मात्रा की भी जांच की मांग की गई है। एक सवाल के जवाब में, जाखड़ ने कहा कि दिल्ली आबकारी नीति की सीबीआई जांच के तहत पंजाब में भी छापेमारी की गई थी और मांग की कि चल रही सीबीआई जांच को तेज करके जल्द पूरा किया जाए ताकि पंजाब के आप नेताओं की भूमिका को जनता के सामने लाया जा सके और दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाए। उन्होंने कहा, ÷एनसीबी को भी अवैध आय का पता लगाने के लिए शामिल किया जाना चाहिए और इस सीबीआई जांच के दायरे को बढ़ाकर अमृतसर शराब त्रासदी को शामिल करना चाहिए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि आप के दिल्ली स्थित नेताओं को चंडीगढ़ में आधिकारिक आवास किस पद और क्षमता के तहत दिए गए हैं और उनकी सरकारी बैठकों में उपस्थिति की भी जांच हो। एक अन्य संबंधित मामले में, प्रतिनिधिमंडल ने हरप्रीत सिंह उर्फ हैरी के रहस्यमय ढंग से गायब होने की जांच की मांग की, जिसे एफआईआर नंबर 120, धारा 302 और 120-बी आईपीसी, दिनांक 12/12/15, थाना बहाववाला में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, साथ ही एक शराब ठेकेदार भी शामिल था। हैरी के खिलाफ एफआईआर नंबर 116/23, एनडीपीएस धाराओं में थाना नथाना, बठिंडा में पाकिस्तान के ड्रुस्ड्ढ की मदद से तस्करी की गई हेरोइन की बड़ी खेप के लिए दर्ज की गई थी। हैरी हर्निया ऑपरेशन के लिए जमानत मिलने के बाद रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। ज्ञापन में पंजाब में आप के तीन साल के शासनकाल के दौरान विधायकों, मंत्रियों और उनके प्रथम रिश्तेदारों की संपत्तियों में असामान्य वृद्धि की जांच की मांग भी उठाई गई।

# गन्नौर क्षेत्र के विकास व जनकल्याण के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे: देवेंद्र कादियान

जनता दरबार में 200 से ज्यादा शिकायतें, कई समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

तेवड़ी गांव के लोगों ने रामगढ़ माइनर की मोरी चालू करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाया। दरबार में गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, पीएमएवाई, स्वास्थ्य सुविधा और रजिस्ट्री से जुड़ी समस्याएं रखीं। अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। बाकी मामलों को तय समय में निपटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

बजाना खुर्द गांव के रामकंवार ने बताया कि उसके ट्यूबवैल का बिजली कनेक्शन 18 साल पुराना है। यह खेत से करीब सात एकड़ दूर है और दो बार सड़क पार करता है। पहले यहां पुराना क्रेशर था, उसी से तार जोड़े गए थे। अब तार पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। विधायक ने मौके पर मौजूद निगम एक्सईएन अश्वनी कौशिक को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। भगत फूल सिंह महिला महाविद्यालय खानपुर कलां के कर्मचारियों ने शिकायत दी कि वे 2004 से पहले गुरुकुल के समय से स्थाई कर्मचारी हैं। विश्वविद्यालय बनने के बाद सीएम की घोषणा के अनुसार सेल्फ फाइनेंस के 190 कर्मचारियों की पोस्ट सैंक्शन की गई थी। इनमें से कुछ को पुरानी पेंशन दी गई, जबकि कुछ को यह कहकर छोड़ दिया गया कि उस समय उनका सीपीएफ नहीं कटा था। तेवड़ी गांव के लोगों ने रामगढ़ माइनर की मोरी चालू करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मोरी बंद होने से 200 एकड़ जमीन नहरी पानी से वंचित है। तहसील से जुड़ी जमीन की निशानदेही और रजिस्ट्री को लेकर भी कई शिकायतें आईं। विधायक ने तहसीलदार और नायब तहसीलदार को फोन कर निर्देश दिए कि लोगों को बेवजह परेशान न किया जाए। कागजात सही हों तो काम तुरंत निपटाया जाए। कोई कमी हो तो स्पष्ट बताया जाए, चक्कर न कटवाए।

जनता दरबार में सबसे ज्यादा शिकायतें बिजली तार बदलने, पोल शिफ्टिंग और ट्रांसफार्मर से जुड़ी रहीं। विधायक कादियान ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोगों को इधर-उधर भटकना न पड़े, इसके लिए हर सोमवार को जनता दरबार लगाया जा रहा है। वे सुबह से शाम तक बैठकर जनसुनवाई करते हैं। अब बिजली, पानी और नगरपालिका से जुड़ी समस्याएं ज्यादा आने लगी हैं, इसलिए इन विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी दरबार में मौजूद रहते हैं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कीरतपुर, खण्ड पिंजौर जिला पचंकूला के जोहड की मछली पालन हेतू 10 वर्ष के लिए अनुसूचित जाति के लिए बोली दिनांक 03.06.2025 को दिन के 10:00 बजे महिला सांस्कृतिक केन्द्र में की जायेगी। बोली दाता को बोली देने के पहले मु० 5000/- रूपये बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जायेगी।

दिनांक 19.05.2025 तरसेम सिंह, सरंपच ग्राम पंचायत कीरतपुर, खण्ड पिंजौर जिला पंचकूला, 9729176564

AP-1330

**सार्वजनिक सूचना**

मैं सुमित्रा देवी (आ० नं. 9818 3065 4665) पत्नी स्व० राम कुमार निवासी रामबीर कालोनी अपोलो रोड जींद जिला जींद अपने हल्फ से ब्यान करती हूँ कि मेरे पति स्व० राम कुमार का देहान्त दिनांक 10-12-2009 को हो चुकी है। मेरे पति स्वर्गीय राम कुमार की मृत्यु के उपरांत उनके हम निम्नलिखित कानूनन वारिस हैं-1. सुमित्रा देवी (पत्नी) 2. संजीव (पुत्र) 3. संदीप (पुत्र) 4. स्नेहलता (पुत्री) हमारे इलावा ओर कोई वारिश नही है अगर कोई वारिश पाया गया तो उसकी जिम्मेवारी मेरी होगी।

शपथकार सुमित्रा देवी

AP-1330

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कर्णपुर खण्ड पिंजौर जिला पचंकूला के जोहड की मछली पालन हेतू 10 वर्ष के लिए अनुसूचित जाति के लिए बोली दिनाक 03.06.2025 को दिन के 2:00 बजे एस०सी० चौपाल में की जायेगी। बोली दाता को बोली देने के पहले मु० 5000/- रूपये बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी बाकी शर्ते मौके पर बता दी जायेगी।

दिनांक 19.05.2025 जय राम, सरंपच ग्राम पंचायत कर्णपुर, खण्ड पिंजौर जिला पंचकूला, 9996169845

AP-1330

**बेदखली सूचना**

मैं निर्मला विधवा कली राम निवासी वार्ड नं. 5 बरवाला जिला हिसार (हरियाणा)-125121 प्रमाणित शपथ पत्र से यह ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का मोहन व उसकी धर्मपत्नी अन्जू मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैंने अपने इस लड़के मोहन व उसकी धर्मपत्नी अन्जू को अपनी तमाम चल व अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा यह लड़का मोहन व उसकी धर्मपत्नी अन्जू किसी भी प्रकार का कोई लेन देन करते हैं या कोई गलत कार्य करते है तो वे दोनों स्वयं जिम्मेवार होगे। अब मेरा व मेरे समस्त परिवार का उपरोक्त मेरे इस लड़के मोहन व उसकी धर्मपत्नी अन्जू से किसी प्रकार का कोई ताल्लुक वास्ता ना रहा है।

AP-1337

jnqk scn

Am jnq n sicq klq j d h ik Dilbagh Singh S/o Bakhtawar Singh R/oVillage Todar Majra, SAS Nagar dl mq imql 04.12.2018 n h gel sl[ ijn d nm pr iek vhlkl rijstrsn n: PB65Q0069 rijstrf h[ hx ies vhlkl dl m lkl dl qbdl l lel ahn dl pqnl Sher Kaur Sandhu W/o Dilbagh Singh R/o Village Todar Majra, SAS Nagar n ies dPqr ivK Ap l el klq h[ ies lel jkr ieh vhlkl Sr kr sD d nm q tr sPr krn ivc iks n kel ieqr j hv q ah 15 idn d Adr-Adr ies dPqr n sicq kr[

rljnl tr sprt AiDk rl As.e.As. ngr[

AP-1319

**मानवयुक्त एलसी गेटों पर ट्रांसफार्मर की आपूर्ति**

ई-निविदा सूचना संख्या: TRD/LMG/08 of 2025-26; दिनांक: 15-05-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। निविदा संख्या: EL-TRD-NFR-LMG-OHEMOD-38; कार्य का नाम: लामडिंग मंडल के अंतर्गत 08 मानवयुक्त नॉन-इंटरलॉकिंग एलसी गेटों के स्थानों (सीएस-20, सीएस-23, सीएस-27, सीएस-32, 8बीके, केबी-5, केबी-6, केबी-7) पर 10 केवीए सहायक ट्रांसफार्मर की आपूर्ति का प्रावधान। विज्ञापित मूल्य: ₹26,24,803.05/-; अग्रिम राशि: ₹52,500/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 09-06-2025 को 15:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

सीनियर डीईई/टीआरडी, लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-1343

**सार्वजनिक सूचना**

विषय: स्व. श्री. सुभाष चन्द्र सहगल पुत्र स्व. श्री. सी.एल. सहगल की मृत्यु के बाद मकान नं. 1099, LIG, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, अम्बाला कैंट., हरियाणा। श्री नितेश सहगल पुत्र स्व. श्री. सुभाष चन्द्र सहगल निवासी मकान नं.बी-37, 1208/5, गली नं.6, भाई हिम्मत सिंह नगर, डुगरी, बसंत एवेन्यू, लुधियाना, हाल निवासी मकान न.484, सैक्टर-25, पंचकूला, हरियाणा के नाम में हस्तांतरित करने बारे।

सामान्य जनता एंव सभी संबद्ध व्यक्तियों की जानकारी के लिये अधिसूचित किया जाता है कि मकान नं. 1099, LIG, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, अम्बाला कैंट., हरियाणा जो कि इस कार्यालय रिकार्ड अनुसार स्व. श्री. सुभाष चन्द्र सहगल पुत्र स्व. श्री. सी.एल. सहगल के नाम पर दर्ज है।

आवेदक द्वारा यह बताया गया है कि स्व. श्री. सुभाष चन्द्र सहगल पुत्र स्व. श्री. सी.एल. सहगल जो कि इस सम्पति के मालिक थे कि 21-07-2008 को उनकी मृत्यु हो गई है अब श्री नितेश सहगल पुत्र स्व. श्री. सुभाष चन्द्र सहगल ने कथित सम्पति को स्व. श्री. सुभाष चन्द्र सहगल पुत्र स्व. श्री. सी.एल. सहगल की मृत्यु के बाद कथित सम्पति को अपने नाम में हस्तांतरित करने के लिये दावा/आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति को श्री नितेश सहगल पुत्र स्व. श्री. सुभाष चन्द्र सहगल निवासी मकान नं.बी-37, 1208/5, गली नं.6, भाई हिम्मत सिंह नगर, डुगरी, बसंत एवेन्यू, लुधियाना, हाल निवासी मकान न.484, सैक्टर-25, पंचकूला, हरियाणा के पक्ष में हस्तांतरण सम्बन्धी कोई एतराज है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को आवेदक के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

सम्पदा प्रबंधक हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

AP-1330

**सार्वजनिक सूचना**

श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष।

विषय: स्व. रेशम सिंह लाल्ली की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3035, सेक्टर 19-डी, चंडीगढ़ (आरपी8323) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री रेशम सिंह लाल्ली 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3035, सेक्टर 19-डी, चंडीगढ़ के स्वामी/लीजी है।

सुरिंदर कौर लाल्ली, नरिंदर जोहल द्वारा सूचित किया गया है कि श्री रेशम सिंह लाल्ली की 08.05.2023 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामी/लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) नरिंदर जोहल-पुत्री, (2) सुरिंदर कौर लाल्ली-पत्नी, (3) जसविंदर सिंह लाल्ली-पुत्र, (4) राजिंदर सिंह लाल्ली-पुत्र

अब, सुरिंदर कौर लाल्ली, नरिंदर जोहल ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 07.05.2024 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्री रेशम सिंह लाल्ली द्वारा आयोजित 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3035, सेक्टर 19-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदाअधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्सेके हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/ नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है,जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित करदिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए

AP-1326

**Public Notice**

It hereby informs to general public at large that Gagandeep son of Kewal Krishan son of Kashmiri r/o Mandi Dabwali Tehsil Dabwali Distt.Sirsa has avail Secured loan from Capital Small Finance Bank ,have its branch office at Mandi Dabwali Haryana on their Residential Property As Per Sale Deed :- Area measuring 0k-3-2/3 Marla being 3-2/3/1266 share of 63K-6marla comprising in Khewat no. 26 Khatoni no. 35 to 37 Khasra no. 223 min (10-11) 223 min (21-2) 223 min (31-13) vide Sale deed no. 2024-25/74/1/868 dt. 22-10-2024 & Jamabandi for the year 2019-20 & Mutation no. 7987 situated at V. Chak Khark Singh wala @ Doomwali ,Tehsil Sangat , Distt. Bathinda . That the previous Original Original transfer deed no. 2023-24/74/1/974 dt. 27-12-2023 SR Sanagat Infevour Of Rahul Dhaliwal son of Ajay Kumar son of Vijay Kumar has been lost. A Police Report has also been registered in this regard vide No. 132650022500469 in online portal of Haryana Police. If anybody found the said lost document, then may contact to undersigned and anybody having claim or claiming any prior rights or interest in any manner in this property or has raised Objection by depositing the aforesaid document to any person / bank / corporation /financial institution may approach the undersigned and submit objection within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of period of this no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law.

Amit Kumar Mehta , ADVOCATE ,DABWALI, Chamber no.30, Ph.no. -93554-77007

AP-1327

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री रविन कुमार कश्यप पुत्र श्री प्रकाश चंद निवासी जीएल 37, टीडीआई सिटी, टीडीआई बिजनेस टावर के पास, सेक्टर 118, एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब, चंडीगढ़ के कजहेड़ी गांव की रेड लाइन के भीतर स्थित रिहायशी मकान नंबर 426 के वर्तमान मालिक/विक्रेता हैं और श्री सुनील कुमार चौरसिया पुत्र श्री ब्रह्म देव निवासी मकान नंबर 154, कजहेड़ी, सेक्टर 52, चंडीगढ़, चंडीगढ़ के कजहेड़ी गांव की रेड लाइन के भीतर स्थित रिहायशी मकान नंबर 426 के प्रस्तावित मालिक/ख़रीदार हैं और ट्रूहो स फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड), सेक्टर-22, चंडीगढ़ से उक्त संपत्ति खरीदने के लिए प्रस्ताव ला रहे हैं।

उक्त संपत्ति के पिछले बिक्री विलेख, पंजीकरण सं या 184, दिनांक 29-04-1998, जो उप रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में पंजीकृत थे, खो गए हैं और इस संबंध में एक एफआईआर/डीडीआर भी पंजीकृत करवाई गई है, जिसका विवरण इस प्रकार है:- डीडीआर संख्या 2025/015834 दिनांक 16-05-2025, पुलिस स्टेशन सेक्टर 36, चंडीगढ़। कोई भी व्यक्ति जो इस संपत्ति पर किसी भी तरह से पूर्व अधिकार या हित का दावा करता है या दावा करता है या जिसने किसी व्यक्ति/ बैंक/निगम/वित्तीय संस्थान को उपरोक्त दस्तावेज जमा करके ऋण लिया है, वह इस सार्वजनिक नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी या पुलिस स्टेशन, सेक्टर-36, चंडीगढ़ से संपर्क कर सकता है और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है।

इस नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति पर किसी का कोई दावा नहीं है और आगे कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसा दावा झूठा, फर्जी, तुच्छ, धोखाधड़ी वाला और निराधार माना जाएगा और अवैध होगा। यह भी माना जाएगा कि किसी को भी उक्त संपत्ति को टूहोम्स फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड), सेक्टर-22, चंडीगढ़ के पास गिरवी रखने पर कोई आपत्ति नहीं है।

अंकुर ऋषि, एडवोकेट एससीओ नंबर 87, पहली मंजिल, रॉयल एस्टेट, लोहगढ़, चंडीगढ़-अंबाला हाईवे, जीरकपुर, जिला-एसएएस नगर, पंजाब, फोन: 99141-38484

AP-1326

**सार्वजनिक सूचना**

श्री नवीन दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष।

विषय:- स्वर्गीय श्री सुरिंदर कुमार की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट नंबर 128-ए, सेक्टर 30-बी, चंडीगढ़ (एएच 128ए/30बी) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री सुरिंदर कुमार 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट नंबर 128-ए, सेक्टर 30-बी, चंडीगढ़ के मालिक/पट्टेदार हैं।

राहुल लामसर, कुलजीत कौर द्वारा सूचित किया गया है कि श्री सुरिंदर कुमार का निधन 29/10/2021 को हो गया और उन्होंने मृतक मालिक/लीज के नि नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| क्र.सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | कुलजीत कौर | पत्नी |
| 2. | राहुल लमसर | पुत्र |

अब, राहुल लमसर, कुलजीत कौर ने स्वर्गीय श्री सुरिंदर कुमार द्वारा धारित 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक, उनके पक्ष में, बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर, आवासीय साइट संख्या 128-ए, सेक्टर 30-बी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए

AP-1325

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि अमृत सिंह पुत्र मंजीत सिंह निवासी मकान नंबर 147, गांव कु ब्रा, सेक्टर-68, मोहाली और भूपिंदर सिंह पुत्र अजमेर सिंह निवासी मकान नंबर 553, गांव कु ब्रा, सेक्टर-68, मोहाली, मकान नंबर 288, वार्ड नंबर 1, मोहल्ला गुरुआं दी माजरी, तहसील खरड़, जिला एसएएस नगर में स्थित संपत्ति के वर्तमान मालिक/विक्रेता हैं और श्रीमती बॉबी पत्नी श्री दिनेश तामार निवासी मकान नंबर 319, सेक्टर-56, मोहाली, मकान नंबर 288, वार्ड नंबर 1, मोहल्ला गुरुआं दी माजरी, तहसील खरड़, जिला एसएएस नगर में स्थित संपत्ति की प्रस्तावित मालिक/ख़रीदार हैं और वे रोहा हाउसिंग फ़ाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड एससीओ-21-22 एफएफ सेक्टर-19 चंडीगढ़ से उक्त संपत्ति खरीदने के लिए ऋण ले रहे हैं।

उप रजिस्ट्रार, खरड़ के कार्यालय में पंजीकृत पंजीकरण संख्या 1827 दिनांक 19/10/2000 वाली उक्त संपत्ति के पिछले बिक्री विलेख खो गए हैं और इस संबंध में एक एफआईआरआईडीडीआर भी पंजीकृत करवाई गई है जिसका विवरण है- डीडीआर संख्या 1526आईएसएएस दिनांक 16/05/2025 पुलिस स्टेशन खरड़। कोई भी व्यक्ति जो इस संपत्ति पर किसी भी तरह से कोई पूर्व अधिकार या हित का दावा करता है या दावा करता है या जिसने उपरोक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति/बैंक/निगम/वित्तीय संस्थान में जमा करके ऋण लिया है, वह इस सार्वजनिक नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क कर सकता है और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है। इस नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति पर किसी का कोई दावा नहीं है और आगे कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसा दावा झूठा, फर्जी, तुच्छ, धोखाधड़ी वाला और निराधार माना जाएगा और अवैध होगा। यह भी माना जाएगा कि किसी को भी उपरोक्त संपत्ति को रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के पास गिरवी रखने पर कोई आपत्ति नहीं है।

अंकुर ऋषि, एडवोकेट, एससीओ नंबर 87, पहली मंजिल, रॉयल एस्टेट, लोहगढ़, चंडीगढ़-अंबाला हाईवे, जीरकपुर, जिला-एसएएस नगर, पंजाब, फोन- 99141-38484

AP-1324

**सिलीगुड़ी जंक्शन में रेट्रो फिटमेंट**

ई-निविदा सूचना संख्या : 94-SGUD-Waterless-2025, दिनांक: 13-05-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। कार्य का नाम : तीन फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में 20 जलरहित मूत्रालयों का रेट्रो फिटमेंट। निविदा मूल्य: ₹93,22,000/-; अग्रिम राशि: ₹1,86,500/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 03-06-2025 को 15:00 बजे और खोलने की 15:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

सीनियर डीएमई/डीजल/सिलीगुड़ी जंक्शन

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-1342

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, शर्मा मेघा अश्नीकुमार पुत्री श्री अश्नीकुमार ब्रह्मानंद शर्मा, निवासी ए-1, आशीष मंगल सोसायटी, नीलकंठ महादेव रोड, साबरमती, अहमदाबाद, गुजरात घोषणा करती हूँ कि मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट और पैन कार्ड में मेरा नाम शर्मा मेघा अश्नीकुमार के रूप में दर्ज है। गलती से आधार कार्ड में मेरा नाम शर्मा मेघा और विवाह प्रमाण पत्र में मेरा नाम मेघा शर्मा दर्ज हो गया है। हांडा परिवार में विवाह के बाद मैं अपना नाम बदलना चाहती हूँ और अपने नाम के आगे 'हांडा' लगाना चाहती हूँ। अब से मुझे मेघा हांडा पत्नी अक्षय हांडा के रूप में जाना जाए, निवासी एच.नं.331, सेक्टर 38-ए, चंडीगढ़। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

AP-1311

**सार्वजनिक सूचना**

सार्वजनिक सूचना श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष।

विषय:- कर्ता की मृत्यु के आधार पर 25.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 1550-पी, सेक्टर 38-बी, चंडीगढ़ के संबंध में हरमिंदर राज सिंह (एचयूएफ) एचयूएफ के नए कर्ता को नोट करने के संबंध में।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री शिविंदर प्रताप सिंह पुत्र हरमिंदर राज सिंह, आवासीय साइट संख्या 1550-पी, सेक्टर 38-बी, चंडीगढ़ के हरमिंदर राज सिंह (एचयूएफ) एचयूएफ के 25.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक कर्ता हैं।

शिविंदर प्रताप सिंह द्वारा सूचित किया गया है कि श्री हरमिंदर राज सिंह की मृत्यु 29/11/2009 को हो गई। उन्होंने यह भी सूचित किया है कि नि नलिखित उक्त एचयूएफ के सहदायिक हैं:-

सहदायिकों का नाम

शिविंदर प्रताप सिंह

ईशाम चंद्रा

अब, उक्त एचयूएफ के नए कर्ता के श्री हरमिंदर राज सिंह कर्ता के निधन पर, 25.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक, आवासीय साइट नंबर 1550-पी, सेक्टर 38-बी, चंडीगढ़ के संबंध में हरमिंदर राज सिंह (एचयूएफ) एचयूएफ के नए कर्ता के रूप में शिविंदर प्रताप सिंह का नाम दर्ज करने के लिए संयुक्त रूप से आवेदन किया है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में हरमिंदर राज सिंह (एचयूएफ) एचयूएफ के नए कर्ता द्वारा उक्त हिस्से को नोट करने पर कोई आपत्ति है, तो वह इसे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/ सकती/सकते है, अन्यथा सभी सहदायिकों के अनुरोध को तदनुसार स्वीकार कर लिया जाएगा और बाद में किसी भी तरह के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए

AP-1323

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98140-19928 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**ऋण**

Equitas Small Finance Bank Solution Limited (1995 से आपके सेवा में)

सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईट भट्ठा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन

50000 - 95 लाख तक घर बैठे 72 घंटे मे पाएं

सरकारी कर्मचारी, महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट 2 % ब्याज सालाना 40 % की छूट

70 लाख संतुष्ट ग्राहक

नोट : नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और खराब सिबिल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध

9335436289, 9064554675

**सार्वजनिक सूचना**

I, Ravi Thakur am father of No 2506309F Nk Gaurav Thakur presently residing at Vill- Sohari, PO- Lathiani, Teh- Bangana, Dist- Una (HP), have changed my name from Ravi Thakur to Ravi Kumar vide Affidavit dated 17-05-25 before Executive Magistrate Nahan

I, Saroj Devi mother of No 2506309F Nk Gaurav Thakur presently residing at Vill- Sohari, PO- Lathiani, Teh- Bangana, Dist- Una (HP), have changed my name from Saroj Devi to Saroj Kumari vide Affidavit dated 17-05-25 before Executive Magistrate Nahan

I, Kalpana Wife of No 4084764A Hav Santosh presently residing at Vill – Gangoli, PO – Bhundkhal, Teh – Dhumakot , Dist. – Pauri Garhwal (UK), have changed my name from Kalpana to Kalpana Rawat vide Affidavit dated 17-05-25 before Executive Magistrate Nahan

I, Sushila Devi am mother of No 4084764A Hav Santosh presently residing at Vill – Gangoli, PO – Bhundkhal, Teh – Dhumakot Dist – Pauri Garhwal (UK), have changed my name from Sushila Devi to Shushila Devi vide Affidavit dated 17-05-25 before Executive Magistrate Nahan

एपी-1310

मैं, R S Goyal पुत्र Babu Ram Goyal निवासी #1018, सेक्टर-7 पंचकुला हरियाणा मैंने अपना नाम बदलकर Ram Saran Goyal रख लिया है।

मैं, Naresh Kumar Mahajan पुत्र Late Sh. Budhamal Mahajan निवासी #299 MDC सेक्टर-4 पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम बदलकर Naresh Kumar रख लिया है। भविष्य में मुझे Naresh Kumar के नाम से जाना जाए।

मैं, दमन कौर ग्रेवाल पत्नी कुंवर आफताब सिंह संधू निवासी # 1529, सेक्टर 38-B, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर दमन कौर संधू रख लिया है।

एपी-1312

मेरा नाम दीपक धवन सपुत्र धर्मवीर धवन है, सभी को सूचित किया जाता है मुझे इसी नाम से सम्बोधित किया जाए।

एपी-1314

मैं, विनीत खुल्लर पुत्र महेंद्र खुल्लर निवासी Q-01/27 फस्ट फ्लोर डी एल एफ फेज 2 गुरु ग्राम हरियाणा हल्फिया व्यान करता हू कि मैंने अपना नाम विनीत से बदल कर विनीत खुल्लर कर लिया है। मुझे भविष्य मे विनीत खुल्लर के नाम से जाना जाय।

एपी-1315

मैं, सोनम चोसजांग, एफ/ओ स्टैनज़िन चोसजांग, R/o हुंदर नुबरा, लेह, यूटी लद्दाख मैं घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी के दस्तावेजों में मेरा नाम सोनम चोसजांग के रूप में दर्ज है, लेकिन मेरे सेना के दस्तावेज़ में मेरा नाम सोनम छेवजांग के रूप में दर्ज है, मेरा सही नाम सोनम चोसजांग है और इसे सभी उद्देश्यों के लिए माना जाना चाहिए।

एपी-1316

मैं, अनिल कुमार पुत्र श्री विजय सिंह निवासी डाकघर देवामानल, तहसील नौहराधार, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश बयान करता हूं कि मेरे पुत्र उज्जयंत सिंह ठाकुर के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम अनिल पुंडीर दर्ज है, जबकि अन्य सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम अनिल कुमार दर्ज है। अनिल कुमार मेरा सही नाम है। बेटे के स्कूल रिकॉर्ड व अन्य दस्तावेजों में इसे दुरूस्त किया जाएं। सभी संबंधित नोट करें।

एपी-1317

मैं, राजेश आहूजा, पुत्र सुभाष चंद्र आहूजा, निवासी #36, मॉडर्न एन्क्लेव, पोस्ट ऑफिस के पास, बलटाना, जिला एसएएस नगर (मोहाली) ने अपना नाम बदलकर राजेश कुमार आहूजा रख लिया है।

मैं, राजेश कुमार आहूजा, पुत्र सुभाष चंद्र आहूजा, निवासी #36, मॉडर्न एन्क्लेव, पोस्ट ऑफिस के पास, बलटाना, जिला एसएएस नगर (मोहाली) ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम शेफाली से बदलकर शिफाली आहूजा रख लिया है।

एपी-1318

मैं, नवीन गर्ग पुत्र श्री माम चन्द निवासी मकान न. 543, सैक्टर-32, अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपने नाबालिक पुत्र का नाम तनिष्क से तनिष्क गर्ग रख लिया है।

एपी-1320

मैं, रिज़ाकत अली पुत्र स्वर्गीय रफीक अहमद (Rafik Ahmed) निवासी 1401, फेस 2 रामदरबार चंडीगढ़ घोषणा करता हूं कि मेरे दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम गलती से रफीक अहमद Rafeeq Ahmed लिख दिया गया है। उनका सही नाम रफीक अहमद Rafik Ahmed है।

मैं, अब्दुल मलिक पुत्र स्वर्गीय रफीक अहमद (Rafik Ahmed) निवासी 1401, फेज 2, रामदरबार चंडीगढ़ घोषणा करता हूं कि मेरे दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम गलती से रफीक अहमद Rafeeq Ahmed लिख दिया गया है। उनका वास्तविक नाम रफीक अहमद Rafik Ahmed है।

एपी-1321

मैं, सुनीता देवी पत्नी जगदीश शर्मा निवासी # 834, गांव हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर नूतन शर्मा रख लिया है।

एपी-1322

मैं, रेखा गोयल पत्नी श्री कुलदीप मंगला निवासी फ्लैट नंबर 4बी/1003, सनसिटी परिक्रमा सोसायटी, सेक्टर-20, पंचकुला, हरियाणा ने अपना नाम रेखा गोयल से बदलकर रेखा मंगला कर दिया है।

मैं, दीप कुमार पुत्र हंसराज निवासी 272,17, गूरु नानक कालोनी, तहसील पिहेवा, जिला कुरुक्षेत्र बयान करता हूँ कि दीपक कुमार और दीप कुमार दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है और मुझे इन दोनों नामों से जाना जाए।

मैं, विक्रम वर्मा पुत्र नन्द लाल वर्मा निवासी 155/13, गुरुद्वारा रोड, केशव विहार पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र, ने अपनी नाबालिक बेटी का नाम रुही से बदलकर रुही वर्मा रख लिया है।

मैं, नवनीत कुमार सेठी पुत्र चमन लाल निवासी मकान नं. 2296 फर्स्ट फ्लोर, फेज 10, मोहाली पंजाब, ने अपना नाम नवनीत कुमार सेठी से बदलकर नवनीत सेठी कर लिया है।

एपी-1327

मैं, वेद प्रकाश कनौजिया पुत्र अमीर चंद निवासी मकान नंबर 3114 सेक्टर 19-डी चंडीगढ़ ने अपना नाम वेद प्रकाश से बदलकर वेद प्रकाश कनौजिया रख लिया है।

एपी-1328

मैं,अलका रानी पत्नी राम गोपाल वासी मकान नं. 149, वार्ड.नं. 21, ओल्ड मॉडल टोहाना, जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर अलका रखा है।

मैं, हरजिंदर सिंह पुत्र दर्शन सिंह वासी गांव Kahal पत्ती. Chhajli जिला संगरूर ने अपना नाम बदलकर हरजिंदर और उपनाम सिंह रखा है।

मैं, सतपाल पुत्र निहाल सिंह वासी मकान नं. 612, गांव Bhuthan कलां जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर सतपाल सिंह रखा है।

मैं, Nirmal Batra पत्नी जुगल किशोर बत्रा वासी मकान नं. 244, सैक्टर 20 हुडा सिरसा ने अपना नाम बदलकर Nirmla Devi रखा है।

मैं, अमरनाथ पुत्र छज्जू राम वासी गांव Mohna जिला कैथल ने अपना नाम बदलकर अमरनाथ शर्मा रखा है।

मै, मीना थापा पुत्री श्री अशोक कुमार निवासी बजाज इम्प्लेमेंट्स कुंजपुरा रोड नजदीक आई. टी. आई जिला करनाल हरियाणा ने अपना नाम मीना थापा से बदल कर मीना देवी रख लिया है।

मैं, Sarabjit Kaur पत्नी मेजर सिंह वासी गांव गांव व् डाक. Khundan तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Sarbjeet Kaur रखा है।

मैं, राजिंदर सिंह माम चंद वासी मकान नं. 97, गली नं.1, विकास नगर, फुसगढ़ रोड, करनाल ने अपना नाम बदलकर राजिंदर कुमार से राजिंदर सिंह रखा है सभी कार्यो के लिए।

मैं, Laxmi Bai पत्नी सतनाम सिंह वासी गांव व् डाक हरोली तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Luxmi Devi रखा है।

मैं, Dhiraj Phukan पुत्र Mihir Dev Phukan वासी मकान नं.डी2/4, 1st फ्लोर, DLF वैली, चंडीमंदिर, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर Dhiraj Dev Phukan रखा है।

एपी-1329

मैं, सन्दीप पुत्र श्री रामकिशन निवासी ग्राम शिमली तहसील व जिला रोहतक ब्यान करता हूं कि मेरी लड़की के आधार कार्ड में मेरी लड़की का नाम पूर्वी दर्ज है। जबकि मेरी लड़की के स्कूल रिकार्ड में नाम नेहा दर्ज है। अब मैं मेरी लड़की के आधार कार्ड में मेरी लड़की का नाम पूर्वी के स्थान पर नेहा दर्ज करवाना चाहता हूं। और अब मैं घोषणा करता हूं कि मेरी लड़की को नेहा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

मैं, सुदेश पत्नी श्री कृष्ण निवासी सेहरी, खरखौदा तहसील खरखौदा जिला सोनीपत ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का संजीव किसी गलत संगत में रहकर मेरे गलत व्यवहार करने लग गया जिसको लेकर मैंने उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल किया था। लेकिन अब मेरे कहने सुनने से ठीक कम करता है। और मेरे साथ अच्छा व्यवहार करता है तो इसलिए अब मैं उससे बेदखल वापिस लेती हूं और अपनी चल अचल संपत्ति में उसका हिस्सा करती हूं।

एपी-1331

मैं, ईशान पुत्र संजय गर्ग, निवासी मकान नंबर 3319, सेक्टर 23-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम ईशान से बदलकर ईशान गर्ग रख लिया है।

मैं, रमा पत्नी सुरिंदर कुमार मकान नंबर 222 सेक्टर 32-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम रमा से बदलकर रमा गुप्ता रख लिया है।

एपी-1326

मैं, संजू चौधरी पुत्री महावीर प्रसाद, निवासी 12/146, न्यू कैम्पस, सी.सी.एस. एच.ए.यू., हिसार, तहसील और जिला हिसार, हरियाणा (भारत) पिन-125001 घोषणा करती हूं कि मैं अपने सभी दस्तावेजों में अपना नाम संजू चौधरी से संजुम चौधरी में परिवर्तित करना चाहती हूं।

एपी-1333

I, Joginder Kumar Dehru S/o Dhanna Ram R/o B/120, Civil Line, Phase-II, Fazilka 152123 Pb, have changed name from Joginder Kumar to Joginder Kumar Dehru.

I, Parven Kumar S/o Sh. Mahavir Mangla, R/o #House No. 282 A, Ground Floor, Gali No. 5, Preet Colony, Zirakpur, Distt. SAS Nagar, Punjab. That I have changed my name from Parven Kumar to Parveen Kumar

एपी-1334

मैं, भगवानी (Bhagwani) सैन्य संख्या- 18022982एम रैंक- सेपर नाम- जितेन्द्र प्रजापति की मां हूं वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- लिटेहना ग्रांट, लिटेहना गोंडा, दुर्जनपुर, उत्तर प्रदेश, 271303 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम भगवानी (Bhagwani) से बदलकर भगवानी (Bhagavani) रख लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901736, दिनांक- 19/05/2025

मैं, श्रीराम प्रजापति, सैन्य संख्या- 18022982एम रैंक- सेपर नाम- जितेन्द्र प्रजापति का पिता हु वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है, स्थायी पता- लिटेहना ग्रान्ट, लिटेहना, गोंडा, उत्तर प्रदेश-271303 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम श्रीराम प्रजापति से बदलकर श्री राम कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901738, दिनांक- 19/05/2025

मैं, कमल सिंह सैन्य संख्या- 8038134A रैंक-नायक (जीडी) नाम-जितेन्द्र बघेला का पिता हुं स्थायी पता- मकान न79, झिन कॉलोनी, वार्ड न 07 अकोदिया, पोस्ट- अकोदिया, जिला- शाजापुर, मध्य प्रदेश-465223 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम कमल सिंह से बदलकर कमल सिंह राजपूत रख लिया है। शपथ पत्र नं. 48AA 901735, दिनांक-19/05/2025

मैं, राजकुंवर देवी, सैन्य संख्या- 8038134A रैंक-नायक (जीडी) नाम- जितेन्द्र बघेला की मां हूं स्थायी पता- मकान नं. 79, झिन कॉलोनी, वार्ड न 07 अकोदिया, पोस्ट- अकोदिया, जिला- शाजापुर, मध्य प्रदेश-465223 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम राजकुंवर देवी से बदलकर राजकुंवर बाई राजपूत कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-48एए 901732, दिनांक-19/05/2025

एपी-1336

I Aman Ahuja S/o Ajay Ahuja R/o House No-C-94, Sector-23, TDI Connaught Estate, Panipat, Haryana-132103, have changed my name to Amman Ahuja.

मैं, निशा रानी पत्नी जगमोहन गर्ग निवासी वार्ड न. 5 पुरानी अनाज मंडी असंध जिला करनाल ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम निशा गोयल से बदलकर निशा रानी रख लिया है।

एपी-1338

I hitherto known as SHUBHAM NEGI Son of NAIN SINGH NEGI Resident of House No. 544, Dashmesh Nagar, Naya Gaon, SAS Nagar (Mohali), Punjab Pin Code 160103, India have changed my name and shall hereafter be known as AGRIM NEGI .

I Sunita Devi Spouse of Service No 263414-L EX HONY FLY OFFR LATE SOHAN LAL RAJPUT SON OF JASWANT RAI Residing at House No 2071/1, Sector 47-C, Chandigarh Pin code-160047 have changed my name from SUNITA DEVI to SUNITA DEVI RAJPUT vide affidavit dated 19.05.2025 before NOTARY CHANDIGARH.

I Service No. 27419-N Ex WG CDR Abhishek Bansal Son of Bharat Bhushan Bansal Residing at House No. 2206, Sector 31-C, Chandigarh Pin Code-160030 and Permanent R/o House No. 153, Sector 13, Kurukshetra Haryana Pin Code 136118 have changed my daughter name from Kashish to Kashish Bansal vide affidavit dated 19.05.2025 before Notary Chandigarh.

एपी-1326

मैं, होशियार सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी गांव सोथा जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम होशियार सिंह से बदलकर होशियार (नाम) सिंह (उपनाम) रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

एपी-1339

मैं, Gurmeet Kour पत्नी मोहिंदर सिंह गाँव झिन्वेरहेड़ी, पिहेवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Gurmeet Kaur कर लिया है

मैं, Rajwinder Kaur पत्नी लखविंदर सिंह निवासी गाँव मुर्तजापुर, पिहेवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Rajvinder Kaur रख लिया है।

एपी-1341

**नाम परिवर्तन**

मैं नणू देवी (46) पत्नी श्री तुले राम निवासी गांव जुआणी, डाकघर नेउली तहसील व जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश की हूँ। जन्म प्रमाण और पंचायत रिकॉर्ड में मेरा नाम नणू देवी दर्ज है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम देवकला दर्ज है। अब मैं आधार कार्ड में भी देवकला से नाम परिवर्तन कर नणू देवी करवाना चाहती हूँ। आज से मुझे नणू देवी नाम से ही पुकारा जाए।

**बेदखली सूचना**

मैं, रामबली राय पुत्र श्री गोबिन्द राय निवासी मकान नं. 612, दीवान नगर, मॉडल टाउन पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरे लड़के नरेन्द्र व उसकी पत्नी करिश्मा मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ लेन-देन करने वाला स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नही होगी।

एपी-1313

हम जटहू दास पुत्र श्री रामेश्वर दास व गीता देवी पत्नी श्री जटहू दास निवासी मकान न.349 बी, गली न. 05, उत्तम कालोनी, करनाल बयान करते हैं कि हमारा पुत्र उमेश व उसकी पत्नी अंजली हमारे कहने-सुनने से बाहर है। हम उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे कानूनी, गैर-कानूनी कार्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मैं, संतरों विधवा श्री रामपाल निवासी गांव बसताड़ा तहसील घरोंडा, जिला करनाल बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। वह अपने लेन-देन,अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

एपी-1320

मैं, मीना (आ.नं. 512830526872) पत्नी मदन लाल निवासी गांव पूण्डरी, तहसील व जिला कैथल, हरियाणा अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र अरविन्द कुमार व मेरी पुत्रवधु रेखा रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मै अपने पुत्र अरविन्द कुमार व पुत्रवधु रेखा रानी को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ।आज के बाद कोई भी उनके साथ कोई कानूनी व गैर कानूनी कार्य या लेन देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा इसमे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-1330

मैं, जिया लाल पुत्र श्री राम जीत निवासी मकान नं. 231-बी, स्मॉल फ्लैट्स धनास चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा अंकित कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

एपी-1326

हम, वजीर सिंह पुत्र श्री चरण सिंह व बाला देवी पत्नी वजीर सिंह निवासीगण गांव अहिरका तहसील व जिला जीन्द के स्थाई निवासी हैं। हमारा पुत्र सुनील और उसकी पत्नी आरतीहमारे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं हम दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। जो कोई भी व्यक्ति इन दोनों से किसी प्रकार का लेन देन व व्यवहार रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे बाकी परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-1332

मैं, अनिल कुमार पुत्र श्री लाजपत निवासी बुट्टा कॉलोनी उप तहसील निसिंग जिला करनाल निम्न ब्यान करता हूं कि गौरव कुमार उर्फ जॉनी मेरा सगा लड़का है जो मेरे कहे सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूं वा उसके साथ लेन-देन करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेवार होगा इसमें मेरे वा मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

एपी-1335

मैं, जोगेंद्र कामत पुत्र छोटकेन कामत निवासी गांव बड़ा बरना वार्ड नंबर 1, जिला सरसा (बिहार) अब न्यू मेहर सिंह कॉलोनी पटियाला में रहता हूं और घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा नारायण कामत और उसकी पत्नी काजल देवी मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें हमारी चल और अचल संपत्ति से अलग करता हूं। इससे निपटने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेदार है। मैं उनके साथ किसी भी तरह के लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं हूं।

एपी-1338

हम कमल पुत्र श्री गोकल चंद व माला देवी पत्नी कमल निवासी रामनगर ससौली यमुनानगर कि हमारा लड़का अमित उसकी धर्मपत्नी रीना व उनके बच्चे रोहन व लक्ष्य जो कि हमारे कहने सुनने से बाहर हैं हम इन्हें अपनी चला चल संपत्ति से बेदखल करते हैं इनसे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा ना कि हम वह हमारा परिवार।

मैं, मेवा रानी पत्नी श्री रणजीत सिंह निवासी गांव कलापुर तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर कि मेरा लड़का रिशम जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं इससे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा ना कि मैं व मेरा परिवार।

एपी-1340

मैं, परविन्द्र कौर पत्नी जोगिन्द्र सिंह गाँव झिवरेहडी तहसील पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र मेरा पुत्र गुरदीप सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण मैं इसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हु। भविष्य में इसके द्वारा किये गए लेन व अनैतिक कार्य के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होगा।

एपी-1341

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# हरियाणा में अनुपालन बोझ कम, एमएसएमई को मिली नई उड़ान

## हर जिले में मिनी-औद्योगिक पार्क और सीएफसी स्थापित करेगी सरकार, 'इन्वेस्ट हरियाणा' पोर्टल से कारोबारियों को मिल रही सुविधाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 मई।** हरियाणा सरकार ने शासन को सुव्यवस्थित करने, एमएसएमई विकास को गति देने और कारोबार करने में सहुलियत ब?ाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, टियर 2 और टियर 3 शहरों के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आज यहां हुई बैठक के दौरान चौथे मुख्य सचिव सम्मेलन के कार्य बिंदुओं की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि हरियाणा ने 14 प्रमुख केंद्रीय और राज्य कानूनों के तहत 446 अप्रचलित अनुपालन अपेक्षाओं को समाप्त किया है। इसके अलावा, 27 छोटे अपराधों को अपराध मुक्त किया गया है। सभी परिवर्तनों को राष्ट्रीय एकीकरण के लिए डीपीआईआईटी पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा अपने कानूनी ढांचे को जन विश्वास विधेयक के साथ संरेखित किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य इस वर्ष के अंत तक 231 अधिनियमों में अतिरिक्त 50 प्रावधानों को अपराधमुक्त करना है। अब तक, 838 कारोबार-संबंधी और 271 नागरिक-संबंधी अनुपालनों को सरल बनाया गया है।

बुनियादी ढांचे की योजना को एक डिजिटल ढांचे के तहत लाने के उद्देश्य से, हरियाणा ने अनिवार्य किया है कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की सभी परियोजनाओं को पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के माध्यम से मंजूरी दी जाए। ये परियोजनाएँ अब मुख्यमंत्री द्वारा अंतिम अनुमोदन से पहले नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप, तकनीकी सहायता इकाई और सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह वाली त्रि-स्तरीय जांच प्रक्रिया से गुजरेंगी।

बैठक में बताया गया कि अपनी 'कलस्टर प्लग एंड प्ले' स्कीम के माध्यम से, हरियाणा ने 164.54 करोड़ की संयुक्त अनुदान सहायता के साथ 33 औद्योगिक पार्क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। फ्लैटेड फैक्ट्रियों के माध्यम से तेजी से उद्यम स्थापित करने में सक्षम बनाने वाली इस योजना को जून 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, पद्मा पहल के तहत प्रदेश के सभी 143 खंडों में मिनी-औद्योगिक पार्क स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। तीन पार्क निर्माणाधीन हैं, जिनमें से चालू वित्त वर्ष में सात को पूरा करने तथा 18 और को मंजूरी देने का लक्ष्य है।

'इन्वेस्ट हरियाणा' पोर्टल व्यवसायों के लिए एक महत्वपूर्ण इंटरफेस बन चुका है, जो 29 विभागों में 140 सेवाएँ प्रदान करता है। इस वर्ष 20 और जिला-स्तरीय सेवाएँ जोड़ी जाएँगी। वर्ष 2025 के अंत तक सिंगल विंडो सिस्टम में बड़े बदलाव की योजना है, जिसमें रीयल-टाइम डैशबोर्ड, प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स और एआई-आधारित चैटबॉट शामिल हैं। वर्कफ्लो ऑटोमेशन और पारदर्शी ट्रैकिंग के चलते वर्ष 2022 से क्लीयरेंस का समय 24 दिन से घटकर 12 दिन हो गया है।

राज्य स्टार्टअप नीति 2022 के तहत हरियाणा में 8,800 से अधिक डीपीआईआईटी-पंजीकृत स्टार्टअप हो चुके हैं, जिनमें से 45 प्रतिशत का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। राज्य सरकार द्वारा, विशेष रूप से गुरुग्राम में इनोवेशन और स्टार्टअप हब जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाकर इनक्यूबेशन, मेंटरिंग और सीड फंडिंग में सहायता की जा रही है। इस साल टियर 2 और 3 शहरों में दस नए इनक्यूबेशन सेंटर शुरू किए जाएंगे।

हरियाणा ने मिनी कलस्टर विकास योजना के तहत 30 सांझा सुविधा केन्द्र (सीएफसी) स्थापित किए हैं, जो उन्नत मशीनरी और निर्यात सुविधा तक सांझा पहुँच प्रदान करते हैं। अकेले सिरसा और रेवाड़ी में कलस्टरों ने हजारों रोजगार सृजित किए हैं। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 तक हर जिले में 50 और सीएफसी तथा एक पद्मा पार्क स्थापित करना है।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कुल 105 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को अक्षय ऊर्जा प्रशिक्षण केंद्रों में बदल दिया गया है। इन संस्थानों में 4,400 से अधिक प्रशिक्षुओं को सौर तथा हरित प्रौद्योगिकियों में कुशल बनाया जा रहा है। इसके अलावा, हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के माध्यम से महिला उद्यमियों को 7 प्रतिशत ब्याज छूट के साथ 5 लाख रुपये तक का ऋृण दिया जाता है।

# आतंकवाद को खत्म करने के लिए सामुहिक प्रयास जरूरी: नरवाल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 19 मई।** भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में टीम सुमित नरवाल की ओर से जुंडला से चिड़ाव मोड़ तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। सैंकड़ों की संख्या में युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर वंदे मातरम और भारत माता की जय के जोरदार जयकारे लगा रहे थे। खास बात यह रही कि पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के दादा हवा सिंह, पिता राजेश नरवाल, माता आशा नरवाल चाचा राकेश नरवाल तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुआ। आयोजक सुमित नरवाल और विनय नरवाल के दादा हवा सिंह ने तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, एडवोकेट अरविंद निटू मान विशेष रूप से मौजूद रहे। चिड़ाव मोड़ पर टीम सुमित नरवाल द्वारा बनाए गए शहीदी स्मारक पर तिरंगा यात्रा का समापन हुआ, जहां वीर सपूत लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के चित्र व करनाल जिला के आज तक हुए सभी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। शहीद जवानों को याद किया गया। विनय नरवाल अमर रहे के जोरदार नारे लगाए गए। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी याद में दो मिनट का मोन रखा गया। इसके बाद राष्ट्रीय गान गया गया। इस मौके पर विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने कहा कि चिड़ाव मोड़ पर बना यह शहीदी स्मारक युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। शहीदी स्मारक की दीवार पर प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए करनाल जिला के जवानों के नाम अंकित किए गए हैं, जिसके लिए टीम सुमित नरवाल बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि हर जिले में ऐसे शहीदी स्मारक स्थापित किए जाने चाहिए। इससे युवाओं को शहीदों के बारे में जानने का अवसर मिलेगा और उनमें देश प्रेम की भावना जागृत होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की विचारधारा को सबको मिलकर खत्म करना होगा। इसके लिए लोगों को जागरूक और सचेत किया जाना जरूरी है।

## न्यूज ब्रीफ

### दशमेश विद्या मंदिर के छात्रों ने कराटे में जीता स्वर्ण




**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** दशमेश विद्या मंदिर के छात्रों ने पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी अपना वर्चस्व क़ायम किया हुआ है इसी तथ्य को साबित करते हुए जिला स्तर पर 23वीं जिला कराटे प्रतियोगिता 2025-26, दो दिवसीय 17 व 18 मई को अखंड गीता धाम शासवत सेवा आश्रम सेक्टर आठ कुरुक्षेत्र में आयोजित कराई गई। जिसमें कुल 15 प्रतिभागी थे इसमें से कुछ सरकारी नर्सरी और अकादमी व स्कूलों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में दशमेश विद्या मंदिर के 37 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें विद्यालय ने कुल 23 पदक प्राप्त करते हुए ओवर आल दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसमें 10 गोल्ड मेडल, आठ सिलवर व पाँच ब्रांज मेडल शामिल है इसकी सूचना देते हुए विद्यालय कोच श्री सूरज ने बताया कि जिन खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया वो आने वाले अगस्त माह में हरियाणा राज्य कराटे प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। विद्यालय पहुँचने पर विद्यालय प्रबंधक व प्राचार्य मोनिका सैनी ने बधाई दी और उनको आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### अनुपम शिक्षा निकेतन का 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** पटेल नगर स्थित अनुपम शिक्षा समिति के द्वारा संचालित अनुपम शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10ह्लद्ध का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ऊर्णिमा गौड़ ने बताया कि कक्षा दसवीं में से आकाश 441 नंबर, अंजलि 423 नंबर, भावना 433 नंबर, इशिका 412 नंबर, दिव्या शर्मा 421 नंबर, गरिमा सैनी 442 नंबर, अरमान सैनी 405 नंबर, आरती 389 नंबर, वैष्णवी 384 नंबर, राहुल 366 नंबर, यमन 356 नंबर, केशव 284, नमन 273, इकनुर 264 और रमनदीप ने 238 अंक प्राप्त करें। विद्यालय प्राचार्य ऊर्णिमा शर्मा ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाते हुए उज्वल भविष्य की शुभ कामना दी। इस अवसर पर छात्रों ने सभी अध्यापकों को बधाई व धन्यवाद किया। विद्यालय सेक्रेटरी आशुतोष गोड़ ने बताया कि विद्यालय स्टाफ, सभी विद्यार्थी तथा माता-पिता की मेहनत रंग लाई है। विद्यार्थियों ने जहां अपने माता-पिता का सर फकर से ऊंचा किया वहीं विद्यालय का नाम भी नाम रोशन किया है। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता को बधाई थी तथा माता-पिता का आभार जताया कि उन्होंने समय अनुसार विद्यालय के सभी नियमों का पालन किया तथा विद्यार्थियों को समय अनुसार विद्यालय भेजा। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के साथ पटेल नगर एवं न्यू कॉलोनी में एक रैली निकाली तथा सनातन धर्म मंदिर, हनुमान मंदिर एवं गुरुद्वारे में जाकर परमात्मा का धन्यवाद किया व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक नीना कमरा, नीलम रानी, दिव्यांशी, आंचल, कविता व वीरेंद्र प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

### भू माफिया ने काटी अवैध कालोनियां, ग्रीनलैंड का रकबा हुआ कम

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** शहर में अवैध कालोनियां काटने से ग्रीनलैंड का हो रहा है रकबा कम इस बात की चिंता को लेकर एक किसानो की मीटिंग हुई जिसमें अन्नदाता किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष सज्जन इनदाछोइ और मजदूर यूनियन लेवर प्रधान कृष्ण कुमार और अन्य किसान संगठनों के प्रतिनिधित्व करने वाले किसानों ने शहर टोहाना में लगभग बीते एक वर्ष में ही सैकड़ो एकड़ भूमि भू माफिया ने अवैध कालोनियां काट कर उपजाऊ भूमि का रकबा काफी कम कर दिया है यदि इस तरह अवैध या अप्रूव्ड कॉलोनियां शहर में काटती रही तो 1 दिन लोगों को अनाज की भारी किल्लत का सामना करना पड़ेगा इसलिए इन भू माफिया से उपजाऊ जमीन हमारी धरती माता को इनके पंजे से छुटकारा दिलाना पड़ेगा और जल्दी ही एक आंदोलन हमारी धरती माता को बचाने के लिए हरियाणा लेवल पर करना पड़ेगा जिसका केंद्र बिंदु हमारा शहर टोहाना होगा अब कोई भी कॉलोनी नहीं काटने दी जाएगी हमारी उपजाऊ धरती का रकबा कम नहीं होने दिया जाएगा आपका अपना अन्नदाता किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष सज्जन इनदाछोइ।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में एडमिशन प्रक्रिया का शुभारंभ

**शहजादपुर (अप्रस)।** राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ आज से शुरू किया गया है। इस अवसर पर सेंट्रलाइज्ड एडमिशन पोर्टल को शुरू किया गया, जिसके माध्यम से छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने इस अवसर को खास बनाते हुए महाविद्यालय प्रांगण में एक दशहरी आम का पौधा रोपित किया। उन्होंने इसे नवीन शैक्षणिक सत्र की हरियाली और नवचेतना का प्रतीक बताया। डॉ. भारती ने समस्त स्टाफ सदस्यों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित करें, जिससे संस्थान की प्रगति और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा सके। उल्लेखनीय है कि राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर में वर्तमान में बी.ए., बी.कॉम., बी.कॉम. वोकेशनल और बी.एससी. संकायों की शिक्षा उपलब्ध है। महाविद्यालय क्षेत्र की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

## एसडी कन्या महाविद्यालय की चार छात्राओं ने टॉप 10 में बनाई जगह




अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 19 मई।** एस.डी. कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने राज्य स्तर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है। छात्रा निधि ने 495 अंक लेकर तीसरा, यशिका ने 494 अंक लेकर चौथा, नेहा ने 490 अंक लेकर आठवां और रिया ने 489 अंक लेकर नौवां स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय में छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें पगड़ी पहनाकर व फूलमालाओं से सम्मानित किया गया और रोड शो भी निकाला गया। विद्यालय प्रबंधक समिति ने निधि को रुपये 21,000 नकद पुरस्कार देने की घोषणा की, वहीं निधि और यशिका को एस.डी. महिला महाविद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। प्रधानाचार्या नीना गुप्ता ने बताया कि कुल 139 छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से 79 छात्राएं मेरिट में आईं, शेष सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। उन्होंने विद्यालय संस्थापक स्व. लाला गौरी शंकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी सोच आज सफलता के रूप में दिख रही है। 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं- संस्कृत - 13 छात्राएं, संगीत - 18 छात्राएं, गणित - 4 छात्राएं, अंग्रेज़ी - 2 छात्राएं।

इस अवसर पर विद्यालय समिति के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल, महासचिव जियालाल गोयल, कोषाध्यक्ष धर्मवीर गर्ग और समस्त स्टाफ ने छात्राओं, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी।

## 1 किलो 50 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर काबू

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने बरसत रोड भैसवाल मोड़ से विक्रम उर्फ टोनी निवासी बिचपड़ी को 1 किलो 50 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भैसवाल मोड़ पर नाकाबंदी की। वहां एक युवक प्लास्टिक थैली लिए आता दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन टीम ने तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विक्रम उर्फ टोनी बताया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ योगिंद्र मान की मौजूदगी में तलाशी लेने पर थैली से गांजा बरामद हुआ, जिसका वजन 1 किलो 50 ग्राम निकला। आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और यूपी के शामली से 2 किलो गांजा 16 हजार रुपये में खरीद कर लाया था। कुछ गांजा खुद पी गया और बाकी बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## हरियाणा मॉडर्न स्कूल का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, छात्रों ने बढ़ाया मान

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 19 मई।** हरियाणा मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़ागांव के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी शानदार परीक्षा परिणाम देकर स्कूल, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल का 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सविता रानी ने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पित अध्यापकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि हर साल की तरह इस साल भी विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जो स्कूल के लिए गौरव की बात है।

12वीं कक्षा में आरती, वीनू रघुवंशी, समन्ना बीबी, निक्की, रिशिता, तनीषा कंबोज, नेहा और सूरज ने मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर स्कूल का नाम ऊंचा किया।

10वीं कक्षा में आकाशिता, मुस्कान, जानवी, वर्षा, प्रिंस, आशीष और रितिका ने भी बेहतरीन अंक प्राप्त किए और स्कूल को गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधक नरेश कुमार गुप्ता ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा एक अमूल्य निधि है, जो केवल अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ये परिणाम भविष्य में इन विद्यार्थियों के लिए सफलता की मजबूत नींव साबित होंगे।

परिणाम के दिन जैसे ही विद्यार्थियों को अपनी सफलता का पता चला, वे विद्यालय पहुंचकर अपने अध्यापकों व सहपाठियों के साथ खुशी मनाने लगे। इस अवसर पर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक दलबीर सिंह, हरपाल सिंह, रीना देवी, कविता, अंजली राणा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। पूरे विद्यालय में जश्न का माहौल रहा और सभी ने मिलकर इस उपलब्धि का उत्सव मनाया।

## हुडा कर्मचारियों का अल्टीमेटम, 15 दिन में मांगें न मानीं तो प्रदेशव्यापी हड़ताल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 19 मई।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की राज्य व जिला कमेटी की बैठक सोनीपत कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश महासचिव आर.के. नागर ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि 15 दिन के भीतर कर्मचारियों की लंबित मांगें पूरी नहीं की गईं, तो जून माह की शुरुआत से पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

प्रमुख मांगों में अप्रैल माह का वेतन जारी करना, कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों की एक वर्ष की सेवा स्वीकृति तथा सेवा सुरक्षा की ज्वाइनिंग कराना शामिल है। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने की स्थिति में पहले धरना प्रदर्शन, फिर प्रदेशभर में एचएसवीपी की जल एवं सीवर व्यवस्था ठप कर हड़ताल की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार व अधिकारियों की होगी।

सभा में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री को 3 महीनों में 5 बार डेलीगेशन मिल चुका है और 10 अप्रैल को हुई वार्ता की कार्यवाही 12 मई को जारी की गई, लेकिन उसमें कोई ठोस समाधान नहीं दिया गया।

अन्य मांगों में भ्रष्टाचार, गलत प्रमोशन, पे-फिक्सेशन की गड़बड़ी, जातिगत गालियां, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करना, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करना, और रुपये 26,000 न्यूनतम वेतन लागू करना शामिल हैं।

सभा का संचालन विजेंद्र कुमार शर्मा व महावीर नागर ने किया। इस अवसर पर सुरेश रोहिल्ला, टीनू मदान, समेश कुमार, ध्रुव कुमार, कुलदीप सिंह, योगेश शर्मा समेत कई कर्मचारी नेता उपस्थित रहे। मंच ने स्पष्ट किया कि अब आर-पार की लड़ाई होगी और तैयारियां आज से शुरू कर दी गई हैं।

## पेयजल के सदुपयोग को लेकर चला जागरूकता अभियान

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव भूरेवाला में पेयजल के सदुपयोग को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान कार्यकारी अभियंता अनिल कुमार चौहान के निर्देशानुसार और उपमंडल अभियंता अंकुश सहगल के मार्गदर्शन में किया गया। अभियंता अंकुश सहगल ने बताया कि गर्मी के मौसम में पेयजल की किल्लत को देखते हुए लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान सरपंच, पंच और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों के साथ गांव का दौरा किया गया। इस दौरान 45 अवैध कनेक्शन मौके पर बंद करवाए गए और खाली प्लॉटों में लगे कनेक्शन हटवाए गए। खुले नलों पर टूंटियां लगवाकर जल की बर्बादी रोकी गई। टीम ने गांव का सर्वे कर लोगों को पेयजल की गुणवत्ता और उसमें क्लोरीन की मात्रा के बारे में भी जानकारी दी। गांव में मुनादी कर चेतावनी दी गई कि भविष्य में अवैध कनेक्शन पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## एवरग्रे हाई स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्रों ने रचा इतिहास

अर्थ प्रकाश/विनीत गर्ग

**कैथल, 19 मई।** एवरग्रे हाई स्कूल ने इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुल 35 छात्रों में से 15 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि 22 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय प्राचार्य श्री रजत सिंगला ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा,

'यह सफलता केवल अंकों की नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की जीत है।'

श्री सिंगला ने आगे कहा कि हर विद्यार्थी में अपार संभावनाएं होती हैं और सही मार्गदर्शन से वे असंभव को भी संभव बना सकते हैं।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों की लगन, जिज्ञासा और निरंतर प्रयास की प्रशंसा करते हुए बताया कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी विशेष ध्यान देता है।

अभिभावकों ने भी स्कूल प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय ने बच्चों को एक प्रेरणादायक, सुरक्षित और अनुशासित वातावरण प्रदान किया, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सके।

विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की है कि शीघ्र ही एक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनकी मेहनत को सम्मानित किया जाएगा।

## दो नशा तस्कर 816 नशीले कैप्सूलों सहित गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन

**यमुनानगर, 19 मई।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की अंबाला यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 816 नशीले कैप्सूलों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के डीजी ओ.पी. सिंह और एसपी मोहित हांडा के दिशा-निर्देशों पर यह कार्रवाई थाना सदर यमुनानगर क्षेत्र में की गई।

उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह ने जानकारी दी कि उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम को पांसरा फाटक के पास खुफिया सूचना मिली थी कि गोलनी गांव निवासी कमलजीत उर्फ गुंठा नशीले कैप्सूल लेकर आ रहा है। पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 816 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह कैप्सूल संदीप शर्मा उर्फ सिल्लू के कहने पर लाया था।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदीप शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया है। यूनिट इंचार्ज निरीक्षक महरूफ अली ने बताया कि बाकी आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम तैयार है। जनता से अपील की गई है कि वे नशे की सूचना टोल फ्री नंबर 1933, पोर्टल www.ncbmanas.gov.in या 90508-91508 पर दें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## खेल पत्रकारिता में करियर की संभावनाएं विषय पर हुआ वेबिनार का आयोजन

# स्पोर्ट्स जर्नलिज्म में करियर की है अपार संभावनाएं: डा. जयपाल

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 19 मई।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से खेल पत्रकारिता में करियर की संभावनाएं विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) से सहायक प्रोफेसर डा. जयपाल मुख्य वक्ता रहे। कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष शालिनी छाबड़ा व जनसंचार विभाग अध्यक्ष परमेश कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग की प्राध्यापिका नेहा ठाकुर ने सहयोग दिया। डा. जयपाल ने कहा कि खेल पत्रकारिता की पढ़ाई करने के बाद विद्यार्थी खेल की बारीकियों को समझ बेहतर तरीके से रिपोर्टिंग कर सकेंगे। खेल के नियम, खिलाड़ी के तकनीकी कौशल, खेल की रणनीतियां और खेल की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का अच्छी तरह से ज्ञान होना चाहिए। खेल पत्रकार को प्रभावी ढंग से लेखन और संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए। उन्हें खेल की घटनाओं, मैच के परिणामों, और खिलाड़ियों की विशेषताओं को स्पष्ट और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करना आना चाहिए। डा. जयपाल ने कहा कि खेल न केवल राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक समरसता का प्रतीक हैं, बल्कि यह युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त माध्यम भी हैं। खेल पत्रकारिता में हो रहे तकनीकी और माध्यमगत परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया आज प्रिंट, रेडियो और टेलीविजन से आगे बढ?र डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया, यूट्यूब चैनल्स, पॉडकास्ट्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विश्लेषण तक विस्तारित हो चुका है। इन माध्यमों में कार्य करने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण, लेखन कौशल, तकनीकी समझ और व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण अनिवार्य हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेलों की प्रभावी कवरेज के लिए विजुअल कम्युनिकेशन जैसे वीडियो, ग्राफिक्स और ऑडियो के कुशल प्रयोग की आवश्यकता है, जिसे प्रशिक्षित मीडिया पेशेवर ही अंजाम दे सकते हैं। विभाग अध्यक्ष परमेश कुमार ने कहा कि खेल पत्रकारिता में करियर की अपार संभावनाएं है। खेल पत्रकारिता में रचनात्मकता और उत्साह की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। खेल के प्रति प्रेम और उत्साह के साथ-साथ, पत्रकार अपने लेखन और प्रस्तुतियों में रचनात्मकता का उपयोग करके पाठकों को आकर्षित कर सकता है। खेल पत्रकारिता में समय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पत्रकार को खेल की घटनाओं के बारे में तत्काल रिपोर्टिंग करने की क्षमता होनी चाहिए। इसके साथ ही, उन्हें सूचना की सटीकता और विश्वसनीयता बनाये रखने की जिम्मेदारी होती है।





# डिवाइडिंग को क्रॉस करते वक्त कार को मारी टक्कर, कई बार पलटी, एएसआई की मौत

पंचकूला पुलिस लाइन में डयूटी से घर लौटते वक्त एएसआई की गाड़ी के साथ हादसा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में दौड़ रहे तेज रफ्तार पहियों ने एक बार फिर जान ले ली। सेक्टर 27 में रविवार की रात एक तेज रफ्तार कार के चालक ने सेक्टर 26/27 की डिवाइडिंग को क्रॉस करते वक्त एएसआई अनिल कुमार (44) की कार को जोरदार टक्कर मारी, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क पर कई बार पलटने के बाद पेड़ से टकरा गई। इस भयंकर हादसे में एएसआई को गंभीर चोटें लगी। उन्हें ओजस अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की जांच में सामने आया कि एएसआई अनिल कुमार के साथ यह हादसा रात करीब 10 बजे पुलिस लाइन मोगिनंद डयूटी पर जाते वक्त हुआ। मृतक अनिल कुमार के बेटे अनीश ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब 10.10 बजे खाना खाने के बाद सैर करता हुआ ओम अस्पताल सेक्टर 27 के पास पहुंचा। उसी समय



एनएच-7 की तरफ से सेक्टर 26/27 को जाने वाली सड़क पर एक सफेद रंग की वोल्वो कार नंबर सीएच01टी-4444 का चालक तेज रफ्तार में आ रहा था। चालक ने अचानक गाड़ी सेक्टर 27 की डिवाइडिंग की तरफ मोड़ ली और तब क्रॉस कर रही उसके पिता की सफेद रंग की वरना गाड़ी एच03जैड-1234 को बायीं साइड में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वरना गाड़ी सड़क पर पलटते हुए डिवाइडर पर पेड़ से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। उसके पिता लहूलुहान हालत में गाड़ी में फंसे हुए थे। अनीश ने बताया कि उसने अपने पिता को घायल हालत में देखकर लोगों की मदद से नजदीक ओजस अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां उनकी मृत्यु हो गई।

### आरोपी चालक की हुई पहचान

सड़क हादसे में शामिल वोल्वो गाड़ी के चालक की पुलिस ने पहचान कर ली है। शिकायतकर्ता अनीश ने बताया कि हादसे के दौरान उसने तेज रफ्तार वोल्वो कार से टक्कर मारने वाले चालक का नाम पूछा तब उसने खुद का नाम अशोक कुमार बताया जो करनाल के गांव गुड़ा घरोंडा का रहने वाला है। हालांकि आरोपी, हादसा होते ही भीड़ की आड़ में गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। चंडीमंदिर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। सोमवार को शव परिवार को सौंपा जा रहा था। पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी।

## न्यूज ब्रीफ

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्री प्लेसमेंट जॉब फेयर का 20 मई को होगा आयोजन

**कालका (जग्गी)।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कालका एट बिटना में 20 मई 2025 को प्री प्लेसमेंट जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि नगर परिषद कालका के चेयरमैन, कृष्ण लाल लांबा मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कालका एट बिटना के प्रधानाचार्य मनदीप बैनिवाल ने बताया कि इस रोजगार मेले में क्षेत्र की नामी गिरामी कंपनिया जैसे- गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, स्वराज इंजन लिमिटेड, माइलस्टोन प्राइवेट लिमिटेड, फेडरल-मोगुल बियरिंग्स इंडिया लिमिटेड, क्रिसोम टूलिंग कंपनी, स्काईव्यू फेनेस्ट्रेशन कालका, एमटी ऑटोक्राफ्ट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, सुकाटा ट्रैक्टर पार्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, स्काईलाइट इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, पायरोटेक मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड, राजा गियर्स प्राइवेट लिमिटेड आदि भाग लेंगी। उन्होने 12वीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण और जुलाई 2025 में आईटीआई पासआउट होने वाले छात्रों से मेले में भाग ज्यादा से ज्यादा आकर रोजगार के अवसर प्राप्त करने की अपील की।

### बीकेएम की वैशनवी, तनवी और जाह्नवी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में छाईं



**पंचकूला (अप्रस)।** सेक्टर 9 स्थित बीकेएम विश्वास स्कूल पंचकूला के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्कूल का परिणाम शतप्रतिशत रहा है। विद्यार्थियों ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्टूडेंट वैशनवी शर्मा ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। तनवी ने 87.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और जाह्नवी ने 80.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### घर से चोरी हुए 32 लाख की नकदी जेवर

**पंचकूला (अप्रस)।** शहर के सेक्टर 26 में बीती 28 अप्रैल को चोरी



हुए गहने और नकदी को लेकर शिकायतकर्ता ने उनके घर से चोरी हुए 32 लाख के गहने और नकदी के बारे जांच कर चोरों को पकड़ने की मांग की है। सेक्टर 26 के मकान नम्बर 1227 में रह रहे हरिंदर अरोड़ा ने दावा किया है कि उनके घर से चोरों ने 32 लाख रुपए तक के नकदी और जेवर चोरी किए थे। मगर पुलिस ने 8 लाख रुपए की चोरी होने की एफआईआर दर्ज कर उनकी चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि 28 अप्रैल को हम फैमिली फंक्शन में शामिल होने पंचकूला में ही अपने मकान से निकले। ज़ब वापिस 10 सवा दस बजे घर पहुंचे तो ताले टूटे मिले । जब चेक किया तो 26 तोले सोना, छः लाख कैश, दस चांदी के सिक्के, दस मूल्यवान गाड़ियां गायब थे। पुलिस को सूचना दी गई लेकिन मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने हमारे से चोरी हुए सामान की लिस्ट लेने के बाद भी पांच लाख कैश और कुछ जेवरात कुल आठ लाख की प्राथीमिकी दर्ज की। उधर, जांचकर्ता पुलिस अधिकारी का कहना था कि सारा मामला कानून के दायरे में ही दर्ज किया गया है, एफआईआर में अपनी तरफ से कुछ नहीं लिख सकते।

# शराब के ठेके को लेकर वार्ड नंबर 11 के लोगों ने किया रोष प्रदर्शन, ठेके को हटाने की की मांग

ठेके के अहाते के कारण पड़ता है गंद, आने जाने वाले लोगों को होती है परेशानी

पंचायत की शामलात जमीन पर बना हुआ है ठेका: स्थानीय निवासी

अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर ।** पीरमुछल्ला गांव व उसके पास पड़ते शिव नगर सोसायटी के लोग रोड़ किनारे खुल्ले ठेके से बेहद परेशान है। जिसे लेकर सोमवार को सोसायटी निवासियों ने ठेके के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया और प्रसाशन से ठेके को बंद करने की मांग की। रोष प्रदर्शन कर रहे वार्ड पार्षद गुरजीत कौर पूनिया, उनके पति गुरसेवक सिंह पूनिया, रमेश कुमार, काजल, सावित्री देवी ,ईश्वर दहिया, राजेंद्र रंगा, प्रमोद, धर्मेंद्र, प्रवीण कुमारी ,रूबल, सुभाष गुप्ता, प्रीति, राहुल, जसप्रीत सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह व अन्य ने बताया की यह ठेका करीब चार साल पहले बना था, उससे समय उसका विरोध किया गया था। उस समय तो ठेका बिलकुल ही सोसायटी की मेन एंट्री पर लगाया जा रहा था। रोष प्रदर्शन के बाद उसकी जगह बदलकर रोड़ पर कर दिया था। जिसके बाद दुबारा से लोगों ने रोष प्रदर्शन किया तो ठेका थोड़ा आगे खिसका दिया था।

अब नई परेशानी यह आ रही है के ठेके के साथ अब अहाता भी चालू कर दिया गया है। जिसका रोड़ पर गाड़ियां खड़ी हो जाती है और लोग गाड़ियों में बैठकर शराब पीते है। पास ही खाली पड़ी जगह में पेशाब करते है और वहां शराब पीकर लोग झगड़ा भी करते हैं। जबकि पीरमुछल्ला गांव, शिव नगर सहित अन्य दर्जनों सोसायटीयों को यहीं रास्ता लगता है। शराब के नशे यहां बैठे लोग वहां से निकलने वाली महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। जिस कारण कई बार झगड़ा हो चूका है और लोग घायल भी हो चुके है। सोसायटी के नजदीक ठेके वालों द्वारा इतनी गंदगी फैली रखी है के लोगों को वहां से निकला तो दूर आसपास घरों में रहना मुश्किल हो गया है। जिस के चलते वह प्रसाशन से मांग करते हैं के इस ठेके को जल्द से जल्द यहां से हटाया जाए।



### पंचायत की शामलात जमीन पर बना हुआ ठेका

प्रोटेस्ट कर रहे लोगों ने बताया कि यह ठेका पंचायत की शामलात जमीन पर बना हुआ है। जिसकी ना तो नगर परिषद द्वारा कोई पर्ची काटी जाती है और ना ही इसको पंचायती जमीन से हटाया जा रहा है। जबकि वह इसकी लिखित शिकायत कर रहे हैं। लोगों ने कहा की क्या ठेके वाले इतने ताकतवर है कि पंचायती जमीन पर कब्जा करके बैठे हुए हैं और उसका किराया भी नहीं दे रहे। लोगों ने कहा के यह जगह सरकार की है तो तुरंत प्रभाव से इस ठेके को यहां से हटाया जाए।



एक तरफ तो सरकार नशे के खिलाफ है वहीं दूसरी तरफ रिहायशी इलाकों के पास शराब के ठेके खोलकर आम जनता को परेशान किया जा रहा है। प्रशासन से अपील की जल्द से जल्द ठेके और अहाते को यहां से हटाया जाए। शाम के समय जब महिलाएं सैर के लिए निकलती हैं उस समय उनको परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नए चौक से लेकर मिड डाउन तक जो भी मीट की रेहडियां लगती है उन्हें भी तुरंत प्रभाव से वहां से हटवाया जाए। पुलिस की पेट्रोलिंग को सुनिश्चित किया जाए।

**गुरजीत कौर पूनिया पार्षद वार्ड नंबर 11**

मैं चैक करवा लेता हूं, यदि वह पंचायती जमीन पर है तो वह भी चैक करवा लिया जाएगा। पर्ची रिकार्ड चैक करने के बाद ही पता चल पाएगी। बाकी लोगों की मांग पर ध्यान जरूर दिया जाएगा।

**जगजीत सिंह जज, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर।**

### सड़क पर धूल उड़ाने वाले वाहन का 10,000 का काटा चालान

**पंचकूला (अप्रस)।** अवैध खनन और बिना अनुमति संचालित स्टोन क्रशरों को लेकर मिल रही शिकायतों के आधार पर हरियाणा मानव अधिकार आयोग के निर्देशानुसार पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के दिशा निर्देशों पर सूरजपुर क्षेत्र में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सूरजपुर यातायात प्रभारी सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। अभियान के दौरान अवैध खनन में शामिल वाहनों के साथ-साथ अन्य भारी वाहनों की भी गहन जांच की गई।

# ड्रिंक एंड ड्राइव पर पुलिस सख्त, तीन दिन में काटे 102 चालान जिसमें 2 वाहन इंपाउंड

एसीपी की अपील शराब पीकर वाहन न चलाएं, यातायात नियमों की पालना करे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के निर्देशो पर लगातार पंचकूला शहर के प्रमुख स्थानों पर ड्रिंक एंड ड्राइव के विशेष नाके लगाए जा रहे है। एसीपी शुक्रपाल सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों में सभी नाकों पर करीब 1600 से अधिक वाहन चालकों की जांच की। इनमें से 102 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाने का दोषी पाया गया। इन चालकों के विरुद्ध तुरंत चालान की कार्रवाई की गई। जिसमें में 2 वाहनों को इंपाउंड भी किया गया। पुलिस ने बताया कि भारी मात्रा में शराब का सेवन किया था। पुलिस द्वारा ना सिर्फ छोटे वाहनों बल्कि भारी वाहनों जैसे ट्रक चालकों का भी एल्कोसेंसर की सहायता से चैक किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाना है। ऐसे मे पंचकूला पुलिस द्वारा इस प्रकार की सख्त कार्रवाई करके न केवल नियमो को उल्लंघन करने वालो को सबक सिखाया जा रहा है बल्कि आम जनता को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

# गुरप्रीत सिंह विर्क पेप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के निदेशक नियुक्त, विधायक रंधावा ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**डेराबस्सी।** राज्य में आम आदमी पार्टी को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बड़े पैमाने पर जिम्मेदारियां सौंपी हैं। यह निर्णय राज्य में कुशल एवं प्रभावी शासन सुनिश्चित करने के लिए लिया गया। सीएम मान ने विभिन्न विभागों में अध्यक्ष, निदेशक, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की है। सरकार ने इसकी सूची भी जारी कर दी है, जिसके तहत 5 अध्यक्ष, 17 निदेशक, 2 उपाध्यक्ष और 7 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष, निदेशक, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इनमें विधायक रंधावा के करीबी गुरप्रीत सिंह विर्क को पेप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन का निदेशक नियुक्त किया गया है। विधायक रंधावा ने गुरप्रीत सिंह विर्क को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान देती रहेगी। भविष्य में भी स्वयंसेवकों को योग्यता के आधार पर पद मिलेंगे। विधायक रंधावा ने गुरप्रीत सिंह वीरक की प्रशंसा करते हुए उन्हें पार्टी का मेहनती और जुझारू कार्यकर्ता बताया। विधायक रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रति प्रदेश के लोगों के सच्चे प्यार और विश्वास के कारण ही पार्टी सत्ता में है और पंजाब के बहुत ही ईमानदार और बुद्धिमान मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह जी मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार आम लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार में पद की तुलना पैसे से नहीं की जाती बल्कि आम घरों से आने वाले मेहनती और नेक सोच वाले कार्यकर्ताओं को बिना किसी सिफारिश के पद दिए जा रहे हैं।







# मोदी सरकार का मूलमंत्र है विकास और सुशासन: कृष्ण पाल गुर्जर

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।।** भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज बल्लभगढ़ के प्राचीन ऐतिहासिक पथवारी मंदिर के प्रांगण में लगभग 6 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले सत्संग भवन की आधारशिला रखी। उनके साथ बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा और बल्लभगढ़ से भाजपा के जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह छोकर मौजूद रहे।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रगति की राह पर चल रहा है और जनता के सहयोग से इसी प्रकार चलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा की 2014 से पहले और आज बल्लभगढ़ क्षेत्र में बड़ते विकास के बीच का अंतर जनता सब साड़ देख सकते है। उन्होंने कहा कि विधायक मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में बल्लभगढ़ निर्वाचन क्षेत्र ने विगत वर्षों में रिकॉर्ड तोड़ विकास यात्राएं देखी हैं–चाहे वह स्मार्ट सड़कों का विस्तार हो, पीने के पानी के बूस्टर पम्पों का निर्माण, महिला-महाविद्यालय का अपग्रेडेशन, आईटी-आई आधारित कौशल केंद्रों की स्थापना और सत्संग भवन उसी स्वर्णिम श्रृंखला की अगली कड़ी है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में कोई आतंकवादी घुसकर किसी घटना को अंजाम देता है तो मोदी सरकार ने सेना को खुली छूट दे देती है। हमारी सेना आतंकवादियों को घर में घुसकर मारती है। ऐसा पहले की सरकारों में नही होता था। आतंकवादी आते थे और हमला करके चले जाते है और सरकार चुप बैठी रहती थी।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि वर्षो 2014 से पहले आमजन छोटे-बड़े कार्यक्रम करने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसको मौजूदा सरकार ने ध्यान में रखते हुए अब पथवारी मंदिर में सत्संग भवन के निर्माण की नीव रखी है जिससे भविष्य में यहा सत्संग, भागवत कथा, जैसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम के आलवा जनहित में सुख दुःख के कार्यक्रम बिना किसी परेशानी के किए जा सकेंगे।

बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि यह क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त रहेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हम निरंतर अपनी विधानसभा में विकास कार्य कर रहे है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाते हुए बताया की आने वाले समय में फरीदाबाद भारत के नक्शे पर अलग से अपनी जगह बनाएगा जोकि फरीदाबाद में रह रहे लोगों के लिए एक गौरव का क्षण होगा, साथ ही उन्होंने कहा की पुरे हरियाणा में कनेक्टिविटी के मामले में फरीदाबाद और पलवल का कोई मुकाबला नहीं है।

## मजदूर की बेटी पर हमला, परिवार को भी पीटा

**गन्नौर (अप्रस)।** शिकायत में गांव बांय निवासी मजदूर अमर सिंह ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है।

15 मई को वह काम से सोनीपत गए थे। उसकी बेटी खुशी घर पर अकेली थी। जब उनकी बेटी खुशी घर से अपनी भाभी के घर जा रही थी। तभी विकास, कर्ण, अजय, अनिकेत, सोनू और मनोज समेत कुछ अन्य लोगों ने उसे रास्ते में रोककर अपने घर के अंदर खींच लिया। वहां खुशी के सिर पर दराती और डंडों से हमला किया गया। जब अमर सिंह और उसके बेटे विशाल व अनुज पहुंचे, तो उन पर भी हमला किया गया।

जिससे वह सभी घायल हो गए। हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर पुलिस ने उक्त सभी हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# सन्नी भाटी ने वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य का नाम किया रोशन

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के तहत बिहार के राजगीर में आयोजित नेशनल वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गांव छांयसा के खिलाड़ी सन्नी भाटी स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने सबसे अधिक 270 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। सोमवार को गांव छायंसा में खिलाड़ी का सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खले राज्य मंत्री गौरव गौतम ने खिलाड़ी सन्नी को सम्मानित किया।

गांव छांयसा निवासी खिलाड़ी सन्नी भाटी के पिता अजीत भाटी खेतीबाड़ी करते हैं। सन्नी के कोच जसवंत सिंह उन्हें अभ्यास कराते हैं। सन्नी भाटी ने बताया कि वह पिछले पांच साल से निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। इससे पहले वे हिमाचल, पटियाला, नूंह, अंबाला में आयोजित प्रतियोगिता में पदक हासिल कर चुके हैं। राज्य स्तर पर तीन साल से स्वर्ण पदक हासिल कर रहे हैं। अब वे जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आयोजित प्रतियोगिता में विजेता हुए और नेशनल प्रतियोगिता के लिए उनका चयन हुआ। बिहार के राजगीर स्थित स्पोर्ट्स कंपलेक्स में चार से 15 मई तक आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने हिस्सा लिया। 14 मई को हुए फाइनल मुकाबले में उन्होंने 270 किलोग्राम भार उठाकर प्रथम स्थान हासिल किया। जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी द्वितीय रहे। सन्नी ने बताया कि वे ओलंपिक में मेडल प्राप्त कर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।

सम्मान समारोह में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सन्नी ने स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। इनसे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सरकार निरंतर खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई हुई है। इस अवसर पर पिंटू भाटी, धर्मजीत मास्टर, राहुल भाटी, लोकेश रावत, लखमी अधाना, दीपक डागर, भूपेंद्र सोतई, पदम महाशय, सतपाल भाटी, रामू प्रधान, ताराचंद सरपंच मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सामाजिक संस्था के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त हुए नेत्रदान



अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल

**रोहतक।** सामान्य अस्पताल ,नेत्र विभाग को आज एक नेत्रदान की प्राप्ति हुई निखिल कुमार ने पूर्व नेत्र आधिकारी नीरज कुमार दुआ के माध्यम से पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा संपर्क किया और अपनी माता जी की आंखों को दान करने की इच्छा जाहिर की ।उन्होंने तुरंत नेत्र विभाग इंचार्ज डॉक्टर अश्विनी नगर से संपर्क किया। जिन्होंने टीम गठित कर नेत्र अधिकारी अमित बंसल ,डॉ मनोज एवं सुमित कुमार सहायक को नेत्र प्राप्ति के लिए भेजा पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने शिवाजी कॉलोनी उनके आवास पर जाकर टीम के के साथ नेत्रों को प्राप्त कर नेत्र बैंक मेडिकल कॉलेज में जमा करवाया ।पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा बताया कि पहले भी सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से नेत्रों की प्राप्ति होती रही है और हम आगे भी सामाजिक संस्थानों से आवाहन करते हैं कि वह नेत्रदान में विभाग का सहयोग करें उनकी रसम क्रिया पर विभाग उनका विशेष प्रशंशा पत्र एवं शोक संदेश भेजेगा।

## सेक्टर 39 ईडब्ल्यूएस स्कीम के तहत रद्द हुई 360 की अलॉटमेंट के लाभार्थियों को मिलेगा ब्याज सहित रिफंड: वसीम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद।** वर्ष 2014 में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के बीपीएल कार्ड धारकों को ई.डबल्यू.एस. कोटे के तहत जिला फरीदाबाद के सेक्टर 39 में हरियाणा हाउसिंग बोर्ड सोसायटी के 360 फ्लैट आवंटित किये गये थे। यह सभी अलॉटमेंट वर्ष 2023 में रद्द कर दी गयी थी। सभी फ्लैट के लाभार्थियों को यह राशि अब ब्याज सहित वापस की जाएगी।

हरियाणा हाउसिंग बोर्ड सोसाइटी के एस्टेट मैनेजर वसीम अहमद ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2014 में हरियाणा के विभिन्न जिलों के जिन भी लाभार्थियों ने उक्त स्कीम के लिए आवेदन किया गया था और निर्माण कार्य सिरे न च?ने के कारण वर्ष 2023 में यह स्किम रद्द कर दी जा चुकी है। हाउसिंग बोर्ड पीएमएस पोर्टल के माध्यम से उक्त लाभार्थियों को रिफंड देने के प्रयास में जुटा है इसके लिए लाभार्थियों से संपर्क भी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में रद्द हुए आवंटन के लिए सभी 360 फ्लैट के लाभार्थियों को उनके द्वारा किये गये भुगतान की राशि ब्याज सहित वापस की जाएगी। इसके लिए लाभार्थी को फरीदाबाद के सेक्टर-7 स्थित हाउसिंग बोर्ड सोसायटी के कार्यालय में बैंक की डिटेल एवं सम्बंधित सभी दस्तावेजों के साथ लिखित आवेदन करना होगा। हाउसिंग बोर्ड सोसायटी का प्रयास है कि उन सभी लाभार्थियों को जल्द से जल्द उनके द्वारा भुगतान की गयी राशि उन्हें वापिस प्राप्त हो।

उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध अगर लाभार्थी हरियाणा हाउसिंग बोर्ड सोसाइटी कार्यालय में अपने बैंक की डिटेल के साथ सभी दस्तावेज लेकर किसी भी कार्य दिवस पर जाकर रिफंड के लिए आवेदन कर सकता है। इस सम्बन्ध में हाउसिंग बोर्ड सोसाइटी द्वारा उसकी सम्पूर्ण सहायता की जाएगी।

## डर और लालच है साइबर अपराध की वजह, जागरूकता है इससे बचाव: नरेश सागवाल



अर्थ प्रकाश /अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** आज के डिजिटल युग में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साइबर अपराधी आपके डर और विश्वास का दुरुपयोग कर आपसे ठगी करने का प्रयास करते हैं। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह खुद को किसी बड़ी एजेंसी का अधिकारी ही क्यों न बताए, उसकी बातों पर बिना पुष्टि किए भरोसा न करें। यदि किसी भी प्रकार की शंका हो, तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें। आपकी सजगता ही इन अपराधियों को विफल कर सकती है। आइए, हम सब मिलकर एक सुरक्षित और साइबर अपराध मुक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ें÷ ये कहना है पुलिस प्रवक्ता नरेश सागवाल का। वे फीनिक्स क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित साइबर जागरूकता कैंप में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सेक्टर 13 में स्थित सीनियर सिटीजन फोरम के हाल में फिनिक्स क्लब द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैंप में पहुंचने पर फीनिक्स क्लब के प्रधान डॉ. राजेश वधवा, प्रोजेक्ट निदेशक नरेश सिंगला, कीर्ति खोसला, ओपी गुलियानी, पवन मित्तल सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत किया।

## जजपा संगठन को मजबूती दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गन्नौर।** जजपा संगठन को मजबूती दिलाने के लिए जजपा के जिलाध्यक्ष गुमड़ अगवानपुर गांव में जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा के नेतृत्व में अभियान चलाया। कार्यक्रम में पहुंचने पर जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त हलकाध्यक्ष सियान्नद त्यागी का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी संगठन की मजबूती एवं विस्तार संबंधी विमर्श करने के साथ-साथ पिछले दिनों पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णयों से अवगत करवाया। सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से कहा कि पार्टी हाईकमान का जो भी निर्णय होगा उसका सभी सम्मान करेंगे और दी गई किसी भी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व उत्साह से निभाएंगे। हलकाध्यक्ष सियान्नद त्यागी ने कहा कि सभी मिलकर संगठन को पहले से भी अधिक मजबूत बनाएंगे। इस बैठक में पार्टी प्रभारियों ने सभी कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे और उन्हें आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रेस प्रवक्ता सुधीर धनखड़, सतपाल पहल, चांद सिंह,बीरेंद्र शेखपुरा, कर्मबीर, रामचंद्र सरपंच अगवानपुर, अरविंद त्यागी, सुभाष चंद,अमरीश कुमार,अजय सुनील आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज लगेगी बिजली अदालत, दे सकते हैं शिकायत

**सिरसा (अप्रस)।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सिरसा के सब अर्बन उपमंडल कार्यालय (बरनाला रोड) में बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता व ऑपरेशन सर्कल राजेन्द्र सभरवाल ने बताया कि इस बिजली अदालत में उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाएगी और उनका समाधान मौके पर किया जाएगा। उपभोक्ता अपनी गलत या अधिक बिलिंग, वोल्टेज में कमी या बार-बार उतार-चढ़ाव, बार-बार बिजली आपूर्ति में रुकावट, खराब मीटर को बदलने में हो रही देरी जैसी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं।

### सेना के सम्मान में लगाया रक्तदान शिवर



**बराडा (जयबीर राणा थंबड)।** प्रयास समाज सेवा संस्थान द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में आज अग्रवाल धर्मशाला बराड़ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रयास प्रवक्ता एडवोकेट संदीप सैनी ने बताया कि प्रयास वरिष्ठ सदस्य जंगबीर राणा व रामचंद्र सैनी की अगुवाई में आज लगे 49वें रक्तदान शिविर में 72 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में डी एस पी बराड़ा सुरेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व एस एच ओ बराडा प्रमोद सिंह व बराड़ा चौंकी इंचार्ज विश्वबंधु ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में प्रयास प्रधान विशाल सिंगला,उपप्रधान कुलदीप ुप्ता,महासचिव सुनील जैन,डिम्पल राणा एवं प्रयास महिला सदस्य मोनिका कालडा,नीति जैन व कुसुम चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनकी होंसलाफजाई की। रक्तदान शिविर में साहिल मेहता,विजय गुप्ता,दिनेश शर्मा,दीपक पुंडीर,राकेश कौशिक व नरेश पंचाल का विशेष सहयोग रहा। संस्था की ओर से सभी रक्तदान करने वालो को प्रशंसा पत्र वितरित किए गए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार कबाड़ी की मौत

**गन्नौर (अप्रस)।** रामनगर-सनपेड़ा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार कबाड़ी की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में रामनगर निवासी दिलबाग ने बताया कि उसके पिता प्रेमचंद कबाड़ी का कार्य करते थे। सोमवार की सुबह उसके पिता साइकिल से रामनगर से सनपेडा की ओर कबाड़ लेने जा रहे थे। त्रिवेणी कंपनी से पहले सुरेंद्र के खेत के पास अज्ञात वाहन चालक ने उसके पिता को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही वह परिवार के बाकी सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और अपने पिता को गन्नौर के सिविल अस्पताल ले गए, जहां डांक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपित का जल्द पता लगाया जाएगा।

## महाराज अग्रसेन अस्पताल का हुआ भव्य शुभारंभ

अर्थ प्रकाश /रिप्पी जिन्दल



**रतिया ।** अग्रवाल सभा रतिया द्वारा रतिया में महाराजा अग्रसेन जी के नाम से महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल का शुभारंभ बहुत ही भव्य तरीके से किया गया। जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने बताया कि रतिया में महाराजा अग्रसेन जी के नाम से हॉस्पिटल का शुभारंभ आज मुख्य अतिथि रतिया के प्रमुख समाज सेवी व उत्तर भारत के मुख्य व्यवसायी प्रवीण गर्ग ने रिबन काट कर अपने कर कमलों से किया। प्रवीण गर्ग ने कहां की रतिया क्षेत्र चिकित्सा के मामले में काफी पिछड़ा हुआ था ।उन्होंने कहा कि उनका भी सपना था कि रतिया में एक भव्य अस्पताल हो जो कि आज पूरा हो गया है। यह एक शुरुआत है उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ ही समय में इसे एक अत्यआधुनिक भव्य विश्वस्तरीय अस्पताल बनाएंगे जिसमें सभी तरह की उच्च क्वालिटी की सुविधा इस क्षेत्र के लोगों को बिल्कुल कम दामों में मिलेगी । उन्होंने कहा कि जल्द ही एक वेंटिलेटर वाली एंबुलेंस की भी यहां उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में अस्पताल के ट्रस्टी बने ताकि हम आने वाले समय में अपने क्षेत्र में क्षेत्र वासियों को चकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के साथ हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवा सके। दिल्ली व हिसार के बड़े हॉस्पिटलों में अपनी सेवाएं दे चुके एमडी डॉक्टर कुणाल नारंग एमबीबीएस एमडी मेडिसिन ने कहा कि इस अस्पताल में

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा मिलेगी और इसके साथ ही हिसार की मंगलम डायग्नोस्टिक लैब की सुविधा भी इस अस्पताल में 24 घंटे बहुत कम दाम में उपलब्ध रहेगी । यह हॉस्पिटल रतिया में बड़ी नहर स्थित मिगलानी हॉस्पिटल वाली जगह पर महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर खोला गया है। जिसमे अति आधुनिक आईसीयू वेंटीलेटर, ईको, टीएमटी, डायलसिस,फार्मेसी आधुनिक डिजिटल एक्सरे , डिजिटल लैब के अलावा इसके साथ ही समय-समय पर अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा विजिटिंग ओपीडी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिसमें मरीज के इलाज का खर्चा बहुत ही कम दामों में उपलब्ध रहेगा।

इस अवसर पर डॉक्टर जी आर गुप्ता मंगलम लैब हिसार, निरिप्पन गोयल असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर हरियाणा सरकार, सिविल सर्जन डॉ कुल प्रतिभा, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ लाजवंती गोरी भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला,पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व अग्रवाल सभा के सभी सदस्य व काफी संख्या गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रामानुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल घडावठी ने किया एक और नया कीर्तिमान स्थापित



**रोहतक (सुकरमपाल)।** जिले के गांव घडावठी स्थिति रामानुजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का पिछले कई वर्षों की तरह स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। रामानुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विधार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं तथा 12वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक और नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। विद्यालय के डायरेक्टर कृष्ण सेहरावत ने बताया कि कक्षा दसवीं में 47 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की, विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र आकाश पुत्र सत्यनारायण ने 96त्न अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 12वीं का भी परीक्षा परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने का काम किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा निधि पुत्री संदीप कुमार ने 90 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

## जनता की बुनियादी समस्याओं से मुंह मोड़ रही है भाजपा सरकार: कुमारी सैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा लोकसभा क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर केवल भाषणबाजी और जुमलेबाजी कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा शहर की कई कलोनियों में बीते बीस दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो की स्थिति बनी हुई है। सड़को पर गंदा पानी भरा हुआ है और लगभग बीस हजार नागरिक गंदगी, बदबू और बीमारियों के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। प्रशासन की निष्क्रियता ने आम जन जीवन को नरकीय बना दिया है।

उन्होंने यह भी कहा कि सिरसा नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीनें खराब पड़ी हैं, जिससे रोजाना सैकड़ों मरीजों को निजी और महंगी जांच सेवाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की इस बदहाली ने सरकार के स्वास्थ्य का अधिकार जैसे दावों की सच्चाई सामने ला दी है। कैनाल कॉलोनी की गलियों में नाले का पानी महीनों से जमा है, क्योंकि गली का स्तर नीचे है। इस कारण पूरे क्षेत्र में मच्छर जनित बीमारियां फैल चुकी हैं और हर घर इसकी चपेट में है। यह स्थिति स्वच्छ भारत अभियान की हकीकत उजागर करती है। इसके अतिरिक्त डबवाली के चौटाला गांव में छह महीने पहले सड़क खुदी थी जो अब तक पूरी नहीं की गई। धूल, कीचड़ और असुविधा से परेशान लोग और व्यापारी प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे हैं।

सांसद कुमारी सैलजा ने सरकार से मांग की कि इन सभी समस्याओं का त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज़ बनकर सड़को पर उतरेगी और इन मुद्दों को हर मंच पर उठाएगी।

# राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालका के प्रांगण में एलुमिनाई सम्मेलन किया आयोजित

अर्थ प्रकाश ./जग्गी




**कालका।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालका के प्रांगण में एलुमिनाई सम्मेलन का आयोजित किया गया विदित हो कि इस सम्मेलन के लिए पिछले कई महीनो से तैयारी चल रही थी और इस सम्मेलन की प्रेरणा श्रीमती शक्ति रानी शर्मा विधायिका कालका ने दी थी। उसी को कार्यरूप देते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार आर्य ने व अल्युमिनाई की एग्जीक्यूटिव कमेटी ने इस कार्यक्रम को साकार रूप प्रधान किया। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय के पूर्व छात्रों ने विद्यालय में अपने बचपन के दिनों को याद किया। बहुत से पूर्व छात्र गुल्ली डंडा, बैट बॉल, पिट्ठू इत्यादि खेलते हुए दिखाई दिए तो कुछ डांस करते हुए दिखाई दिए। अल्युमिनाई के सभी सदस्यों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय के दिनों को याद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार आर्य ने आए हुए सभी पूर्व छात्रों का ढोल की थाप पर नृत्य करते हुए स्वागत किया। सभी गणमान्य पूर्व छात्रों का तिलक लगाकर विद्यालय प्रांगण में स्वागत अभिनंदन किया गया। आज के कार्यक्रम में श्रीमती शक्ति रानी शर्मा विधायिका कालका ने भी पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज की और एल्यूमिनी के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की और उन्हें कहा कि वह विद्यालय के साथ जुड़कर विद्यालय की उन्नति में पूरा सहयोग दें। डीएवी संस्थाओं के मैनेजर रविंद्र तलवार जो इस विद्यालय के पूर्व छात्र है उन्होंने इस कार्यक्रम में अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कालका में रहते हुए उन्होंने बहुत संघर्ष करके अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने जीवन और व्यक्तित्व का निर्माण किया उसी की बदौलत वे ट्राई सिटी के डीएवी स्कूल को दिशा प्रदान कर रहे हैं। शिवालिक विकास मंच के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विजय बंसल ने भी अपने स्कूल के पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने विद्यालय जीवन में बहुत शरारते की लेकिन बचपन में जो अनुभव हुए उन अनुभवों के आधार पर वे अपने व्यक्तित्व के साथ-साथ अपने बच्चों का जीवन निर्माण कर पाए ।

विद्यालय पहुंचे पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश भारत भूषण प्रसून ने कहा कि विद्यालय और अध्यापक ही किसी भी छात्र के जीवन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्होंने अपने कालका विद्यालय के जीवन को याद करते हुए बताया कि आज वे बहुत खुश नसीब है कि उन्हें अपने बैचमेट्स से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ और उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार आर्य व उनके स्टाफ का इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। आज के कार्यक्रम में इस विद्यालय के बहुत से रिटायर्ड प्रिंसिपल्स व अध्यापकों ने हिस्सा लिया और जमकर कार्यक्रम का आनंद लिया। बहुत से बुजुर्ग एवं युवा एक साथ नृत्य करते देखे गए। अमेरिका से आए रिटायर्ड मेजर जनरल एन के धार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे विद्यालय प्रबंधन के आभारी हैं कि उन्होंने आज इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजित करके उन्हें सम्मानित किया। रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी मनमोहन ने बताया कि उन्होंने जीवन में बहुत संघर्ष किया और उस संघर्ष का प्रशिक्षण और आत्मविश्वास उन्हें कालका के सरकारी विद्यालय से प्राप्त हुआ। एक अन्य पूर्व छात्र सुभाष सिंघल ने कहां की आज 70 वर्ष बाद उन्हें फिर से पिट्ठू व गुल्ली डंडा खेलने का अवसर अपने विद्यालय की चार दिवारी में फिर से मिला है और वह अपने आप को फिर से एक छात्र जैसा महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में भोजन एवं जलपान की अच्छी व्यवस्था की गई थी। बहुत से पूर्व छात्र यह कहते पाए गए कि इस प्रकार के सुंदर एवं विशाल आयोजन अब से पहले किसी स्कूल में नहीं देखे गए। विद्यालय के पूर्व अध्यापक एवं प्रिंसिपल बी एम वाली सभी छात्रों के आकर्षण का केंद्र रहे बहुत से पूर्व छात्र उन्हें दंडवत प्रणाम करते देखे गए। बी एम वाली तथा अन्य 75 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व अध्यापकों एवं छात्रों को पगड़ी पहनकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

# एसीसी टूर्नामेंट्स से भारतीय टीम के हटने की खबर का बीसीसीआई सचिव ने किया खंडन

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 19 मई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवाजित सैकिया ने कहा है कि एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) से जुड़े टूर्नामेंट्स में भारतीय टीम के भाग लेने के संबंध में किसी भी स्तर पर किसी भी तरह की चर्चा नहीं हुई है। इससे जुड़ी चल रही खबरें काल्पनिक हैं।

सोमवार को ऐसी कई खबरें आई कि भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव को देखते हुए बीसीसीआई एसीसी के आगामी टूर्नामेंट्स, वीमिन्स इमर्जिंग एशिया कप जो जून में होना है, और मेन्स एशिया कप जो सितंबर में होना है, से भारतीय टीम को बाहर रखने का निर्णय एसीसी को भेज सकती है।

एसीसी के मौजूदा अध्यक्ष पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी हैं, जो पाकिस्तान सरकार में आंतरिक सुरक्षा मंत्री भी हैं।

सैकिया ने आईएएनएस को दिए गए बयान में कहा, ÷आज सुबह से ही हमें कुछ ऐसी खबरें मिली हैं कि बीसीसीआई ने एशिया कप और महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है, जो दोनों ही एसीसी के इवेंट हैं। ऐसी खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। अभी तक बीसीसीआई ने एसीसी के आगामी इवेंट के बारे में कोई चर्चा नहीं की है और न ही कोई कदम उठाया है, एसीसी को कुछ भी लिखना तो दूर की बात है। इस समय हमारा ध्यान आईपीएल और उसके बाद होने वाली 5 टेस्ट मैचों की इंग्लैंड सीरीज पर है।÷

बीसीसीआई सचिव ने आईएएनएस को जारी एक बयान में कहा, ÷एशिया कप मामला या किसी अन्य एसीसी इवेंट का मुद्दा किसी भी स्तर पर चर्चा के लिए नहीं आया है, ऐसी कोई भी खबर या रिपोर्ट पूरी तरह से काल्पनिक हैं। बीसीसीआई जब भी एसीसी इवेंट पर कोई चर्चा करेगी या कोई अहम निर्णय लिया जाएगा तो इसकी घोषणा मीडिया के माध्यम से की जाएगी।÷

टी20 फॉर्मेट में होने वाले पुरुष एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत के पास है, टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर में होना है। भारत के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई, अफगानिस्तान, श्रीलंका, हांगकांग और ओमान टूर्नामेंट का हिस्सा हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप की मौजूदा चैंपियन है। साल 2023 में हुए 50 ओवर के पिछले एशिया कप का विजेता भारत रहा था। फाइनल में भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराया था। पिछले एडिशन का आधिकारिक मेजबान पाकिस्तान था, लेकिन बीसीसीआई ने भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। इसके बाद टूर्नामेंट का आयोजन हाईब्रिड मॉडल में हुआ था। भारतीय टीम ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे।

यही हाईब्रिड मॉडल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी लागू हुआ। आधिकारिक आयोजक पाकिस्तान था लेकिन भारतीय टीम ने अपने सभी मैच दुबई में खेले थे। भारत ने 9 मार्च को न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता था।

भारत के एसीसी आयोजनों से हटने की खबरें सामने आने के बाद, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन, राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता टीका राम जूली और जेडी(यू) नेता के.सी. त्यागी जैसे कई राजनीतिक हस्तियों ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ऐसे किसी भी आयोजन से हटने का स्वागत किया जिसमें पाकिस्तान की टीम शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### दसवीं कक्षा में कन्या स्कूल अलेवा ने पाया प्रदेश में दूसरा स्थान



**जींद (अप्रस)।** राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलेवा ने दसवीं कक्षा के परिणाम में प्रदेश स्तर पर सरकारी स्कूलों में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस स्कूल की तीन छात्राएं प्रदेश में पांचवें, सातवें और नौवें स्थान पर रही हैं। प्राचार्य बलजीत सिंह ने बताया कि दसवीं कक्षा की छात्रा अंशु ने 493 अंकर लेकर पूरे हरियाणा में पांचवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा गरिमा देवी ने 491 अंक लेकर सातवां और छात्रा अंतिम ने 489 अंक लेकर प्रदेशभर में नौवें स्थान पर रही हैं। इसके अलावा छात्रा जर्मन 473 अंक लेकर स्कूल में चौथे स्थान पर रही हैं। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा में कुल 45 छात्राएं थी। उनमें से 26 छात्राओं ने मेरिट हासिल की। वहीं 13 मई को घोषित हुए 12वीं कक्षा के परिणाम में कॉर्स संकाय की छात्रा स्वाति ने 475 अंक, अंतिम ने 467 अंक और संजना ने 451 अंक हासिल किए। इसी प्रकार आर्ट संकाय में छात्रा देवी ने 471 लेकर अलेवा खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सविना ने 468 अंक और शिक्षा ने 467 अंकों के साथ दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर सरपंच विनोद ने होनहार छात्राओं को स्मार्ट फोन और नकदी देकर सम्मानित किया।

### अग्निवीरों की शहादत को भी मिले शहीद का दर्जाः जगमग मटौर

**कैथल (अप्रस)।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगमग मटौर ने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अग्निवीर सैनिकों को भी शहीद का दर्जा मिलना चाहिए ताकि उनके परिजनों को सम्मान, सुरक्षा और सभी सरकारी लाभ मिल सकें। मटौर ने कहा कि सैनिक न तो किसी जाति के होते हैं, न ही किसी दल के, वे केवल देश के रक्षक होते हैं, इसलिए उनका सम्मान नेताओं से कहीं ज्यादा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सैनिकों को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना एक गंभीर अपमान है, जिसे देशवासी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने मांग की कि सभी सैनिकों को सरकारी योजनाओं का विशेष लाभ आवास, स्वास्थ्य सेवाएं, बच्चों की शिक्षा में आरक्षण और रोजगार में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनका कहना है कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों और उनके परिवारों को हर स्तर पर संपूर्ण सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। जगमग मटौर ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के कुछ नेता और मंत्री सेना के नाम पर वोट बटोरने की राजनीति कर रहे हैं और सेना अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि ऐसे राजनेताओं को तत्काल बर्खास्त किया जाए जो शहीदों के बलिदान को अपनी राजनीति की सीढ़ी बना रहे हैं।

### प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का किया सम्मान

**कैथल (अप्रस)।** आरकेएसडी स्टेडियम में बॉक्सिंग सेंटर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल नेशनल दिल्ली में स्वर्ण पदक विजेता रणदीप, भूमि, रचना और गौरव का प्रतियोगिता में भाग लेने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इसके इलावा गौरव ने यूथ नेशनल व खेलो इंडिया यूथ गेम पटना, बिहार मे कांस्य पदक जीतने पर स्वागत किया गया। बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह और विक्रम ढुल ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता मे अच्छा प्रदर्शन किया। इस मौके ओर प्रधान अश्वनी शोरवाला, नवनीत गोयल, गुरदीप भोला, राजरानी जिला खेल अधिकारी कैथल, सुरेश कुमार, प्रशांत, अनिल कुमार प्रेसिडेंट अवार्डी, जोगिंदर जूडो कोच, दीपक ने खिलाड़ियों को बधाई दी।


**बैंक ऑफ इंडिया ए प्लॉइज कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर-48/सी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों/आवेदकों ने वित्त विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सोसाइटी की प्रबंध समिति के समक्ष शेयर/ फ्लैट के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

| मूल आवंटी का नाम | आवेदक का नाम | संपत्ति |
|---|---|---|
| अंजू बाला | दीपक कुमार जोशी<br>जसप्रीत कौर | मकान नं. 2261, द्वितीय तल, श्रेणी बी, सेक्टर-48/सी चंडीगढ़ |

यदि किसी को भी सोसायटी के उपरोक्त फ्लैटों में स्वामित्व अधिकार या हित के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बाद में किसी भी तरह से कोई और दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**अध्यक्ष**



**संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग**

(गोवा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए) तीसरा और चौथा तल, प्लॉट नंबर, 55-56, उद्योग विहार, चरण- IV, सेक्टर -18, गुरुग्राम हरियाणा-122015 फोन नंबर 0124-4684705 secy.jercuts@gov.in, वेबसाइट: www.jercuts.gov.in

**संदर्भ संख्या ई-5011/2/2020-ई** **रिक्त पद परिपत्र** **दिनांक: 16/05/2025**

बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ), चंडीगढ़ में स्वतंत्र सदस्य के 01 (एक) पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। योग्यता, अनुभव, नौकरी की आवश्यकताएं, आयु, पारिश्रमिक आदि से संबंधित विस्तृत रिक्ति परिपत्र आयोग की वेबसाइट www.jercuts.gov.in पर उप-शीर्षक 'रिक्तियां' के अंतर्गत उपलब्ध है। इस आयोग में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 जून, 2025 है।

**प्रशासन-सह-लेखा अधिकारी, जेईआरसी**

CBC 34124/12/0011/2526


# जासूसी के आरोपी देवेन्द्र की रिमांड अवधि 23 मई तक बढ़ी

- देवेन्द्र के मोबाइल फोन से 300 जीबी डाटा रिकवर
- देवेन्द्र के पक्ष में आया सिख समाज और मस्तगढ़ गांव के लोग

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 19 मई।** जासूसी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी देवेंद्र सिंह को सोमवार तीन दिन का पुलिस रिमांड समाप्त होने पर एसीजेएम विरेन कादियान की अदालत में पेश किया गया। आज फिर पुलिस ने 7 दिन के पुलिस रिमांड की मांग की थी, न्यायालय ने उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। इधर एसपी आस्था मोदी ने कहा कि पूछताछ के दौरान देवेन्द्र के मोबाइल फोन से लगभग 300 जीबी डाटा रिकवर किया है जिसकी जांच चल रही है। उनके अनुसार आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने पटियाला डिफेंस एरिया की वीडियो पाकिस्तान भेजी थी। वह पाकिस्तान के चार खुफिया एजेंटों से व्हाट्स ऐप, वीडियो काल या वीडियो के माध्यम से सूचनाएं भेज रहा था जिसमें एक महिला का नाम भी शामिल। उसने पटियाला मिलिट्री कैंट की सूचनाएं भी शेयर की हैं। देवेंद्र सिंह अपने पास दो मोबाइल फोन रखता था।

**देवेंद्र सिंह के पक्ष में आया सिख समाज और मस्तगढ़ गांव के लोगः** इस मामले को लेकर गांव मस्तगढ़ के ग्रामीण एसपी से मिले। उन्होंने एसपी से अपील की कि मामले की सही जांच करके उचित कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी अन्य ग्रामीण को कोई परेशानी न झेलनी पड़े। साहिब सिंह संधू सिख समाज के नेता, अजीत सिंह, गांव मस्तगढ़ से आए लोगों के समूह के प्रतिनिधियों ने बताया कि देवेंद्र के बारे में लोगों द्वारा गलत प्रचार किया जा रहा है। इससे परिवार मानसिक रूप से परेशान हो रहा है। इससे समाज का दिल दुखी है। उनकी संगत पहले भी ननकाना साहिब जाती रही हैं, देवेंद्र भी ऐसे ही गया। इस मुद्दे को बड़ा बनाया जा रहा है। जो आरोप देवेंद्र पर लगे हैं, उसका परिवार ऐसा कर ही नहीं सकता। देवेंद्र बच्चा है, उस पर दबाव बनाकर ऐसा बुलवाया जा रहा है।

## इंस्पेक्टर इरम रिजवी की टीम को फिर बड़ी कामयाबी

# साइबर सैल पुलिस ने 56 लाख रुपये के शेयर बाजार घोटाले का पर्दाफाश कर 5 को किया काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शास्त्री

**चंडीगढ़, 19 मई।** यूटी पुलिस का अहम थाना माने जाने वाले साइबर क्राइम सैल की टीम को उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली। जब पुलिस ने 56 लाख रुपये के शेयर बाजार घोटाले का पर्दाफाश कर 5 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान जयपुर राजस्थान के रहने वाले मुकेश कुमार गुजर,रामजी लाल मीणा, विजय कुमार योगी,माधोपुर टाऊन राजस्थान के आदित्य कुमार जैन और तनिष्क मरमत उर्फ हनी के रूप में हुई है। पकड़े गए पांचों आरोपियों को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियों को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।रिमांड के दौरान पुलिस मामले को लेकर और भी कई अहम जानकारिया हासिल कर सकती है। पुलिस के अनुसार यह मामला चंडीगढ़ के सेक्टर 35 के निवासी के साथ फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म आईबीकेआर (इंटरएक्टिव ब्रोकर) में निवेश की आड़ में की गई 56.26 लाख रुपये की धोखाधड़ी से संबंधित है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2),338, 336(3), 340(2) और 61(2) के तहत 17 अप्रैल 2025 को मामला दर्ज है। जानकारी के अनुसार साइबर सेल पुलिस को टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला था कि शेयर बाजार घोटाले के आरोपी राजस्थान में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते साइबर सेल के डीएसपी ए वेंकटेश की सपरविजन में थाना साइबर सेल की प्रभारी इंस्पेक्टर इरम रिजवी की टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने शिकायतकर्ता को आईबीकेआर नामक एक धोखाधड़ी वाले ट्रेडिंग ऐप में निवेश करने के लिए लालच दिया। उच्च रिटर्न के बहाने उसे विभिन्न बैंक खातों में धन हस्तांतरित करने के लिए निर्देशित किया गया। एक बार पैसा जमा हो जाने के बाद, पीड़ित को सभी संचार से ब्लॉक कर दिया गया और व्हाट्सएप ग्रुप और एप्लिकेशन से हटा दिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी मुकेश कुमार गूजर को गिरफ्तार किया गया और उसने खुलासा किया कि उसने अपने पड़ोसी गाँव के एक व्यक्ति काला राम के कहने पर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किया गया बैंक खाता खोला।जो वर्तमान में जयपुर में एक पेट्रोल पंप पर काम करता है। उसने काला राम गुर्जर का पता लगाने में पुलिस की सहायता करने की इच्छा व्यक्त की है। जो आगे के सुरागों को उजागर करने और अन्य सह-षड्यंत्रकारियों की पहचान करने में महत्वपूर्ण हो सकता है। आरोपी रामजी लाल मीना को राजस्थान के चैनपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। उसने पैसे के बदले धोखाधड़ी करने वाले नेटवर्क को बैंक अकाउंट किट और सिम कार्ड सप्लाई करने की बात कबूल की।इसके अलावा, कार्रवाई योग्य सुरागों के बाद, विजय कुमार योगी, आदित्य कुमार जैन और तनिष्क मरमत उर्फ हनी को सवाई माधोपुर के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया। यह गिरोह राजस्थान, गुजरात में फैले एक अखिल भारतीय साइबर अपराध गिरोह का हिस्सा है। और दुबई स्थित ऑपरेटरों से संदिग्ध संबंध हैं। एक सहयोगी रूपेश शर्मा को पहले ही राजकोट साइबर क्राइम पुलिस, गुजरात द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है।

# 19 साल के युवक ने लगाया चिट्टे का टीका, ओवरडोज से मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खडूर साहिब, 19 मई।** एक तरफ पंजाब सरकार नशा मुक्त पंजाब मुहीम के तहत युद्ध स्तर पर अभियान चला रही है। वहीं दूसरी तरफ नशे के दलदल में फंसे युवा मौत के मुंह में समा रहे हैं। पंजाब के खडूर साहिब में 19 साल के युवक की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई।

खडूर साहिब के मुरादपुरा में सोमवार को करनबीर सिंह नामक युवक की मौत हो गई। मौत का कारण नशे का टीका लगाना बताया जा रहा है। परिवार का कहना है कि वे तब तक बेटे का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे, जब तक पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करती। उधर, पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपी गिरफ्त में होंगे।

तरनतारन शहर के क्षेत्र मुरादपुरा निवासी जगजीत सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी कमलजीत कौर लोगों के घरों में सफाई का काम करती है। उनके तीन बेटे करनबीर सिंह, हरजीत सिंह, गगनदीप सिंह हैं। 19 वर्षीय बड़े बेटे करनबीर सिंह ने मैट्रिक पास की, करीब साढ़े तीन वर्ष से वह गलत संगत का शिकार होकर नशे का आदी हो गया।

पिता जगजीत सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह वह सब्जी की रेहड़ी लेकर घर से निकला, तब पड़ोसियों ने आवाज देकर बताया कि करनबीर सिंह ने नशे का टीका लगा लिया है व बेहोश हो गया है। बिना देरी निजी डॉक्टर को बुलाया तो उन्होंने बताया कि गुप्तांग पर नशे का टीका लगाने से करनबीर की मौत हुई है। इससे घर में मातम पसर गया। करनबीर के माता-पिता व भाइयों का रो-रो कर बुरा हाल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष जाहिर किया व कहा कि करनबीर सिंह का तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे, जब तक पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती। थाना सिटी के प्रभारी रंजीत सिंह कहते हैं कि मामले की जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा।

# अटारी-वाघा और हुसैनीवाला बॉर्डर पर फिर आमने-सामने होंगे बीएसएफ जवान और पाक रेंजर्स

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर/फिरोजपुर, 19 मई।** भारत की तरफ से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब दोबारा से पड़ोसी मुल्क के साथ हालात सामान्य होने लगे हैं। ऐसे में अमृतसर स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर और फिरोजपुर के हुसैनीवाला बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी शुरू की जा रही है।

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति सामान्य होने पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बंद की गई रिट्रीट सेरेमनी दोबारा शुरू की जा रही है। मंगलवार को बीएसएफ जवानों और पाकिस्तानी रेंजर्स के बीच शाम साढ़े छह बजे रिट्रीट सेरेमनी होगी। पंजाब के अमृतसर स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर और फिरोजपुर के हुसैनीवाला और सादकी बॉर्डर पर एक बार फिर से रिट्रीट सेरेमनी देख सकेंगे। तीनों बॉर्डरों पर सात मई से रिट्रीट सेरेमनी को बंद कर दिया गया था। लगभग दो सप्ताह बाद फिर से इसे शुरू किया ज रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते दोनों देशों के बीच होने वाली रिट्रीट सेरेमनी के अलावा फेंसिंग पर लगे गेट भी बंद कर दिए गए थे। फिरोजपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में फेंसिंग पर लगे गेट किसानों के लिए खोल दिए गए हैं ताकि फेंसिंग पार जमीन पर खेती कर सके।

बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि हुसैनीवाला, सादकी और अटारी वाघा बॉर्डर पर मंगलवार शाम 6:30 बजे बीएसएफ जवानों और पाकिस्तान रेंजर्स के बीच रिट्रीट सेरेमनी शुरू होगी। सेरेमनी देखने के लिए आम पब्लिक भी अब आ सकेगी। इसके अलावा सरहद पर लगी फेंसिंग पर लगे गेट बंद कर दिए गए थे और और किसानों का भी फेंसिंग पर जाना बंद कर दिया था। अब दोनों देशों के बीच स्थिति सामान्य हो चुकी है। फेंसिंग पर लगे गेट किसानों के लिए खेती करने के लिए खोल दिए गए हैं।

बीएसएफ अधिकारियों का कहना है कि पहले उन्होंने फेंसिंग पार सारी जमीन को चेक किया था ताकि दुश्मन कहीं खेत में बारूदी सुरंग बिछा कर न गए हों। सभी खेतों को चेक करने के बाद आज फेंसिंग पर लगे गेट खोल दिए गए हैं और किसान अब फेंसिंग पार जमीन पर खेती करने के लिए जा सकेंगे। मालूम हो कि बीएसएफ ने तनाव के चलते फेंसिंग पर लगे गेट लगभग 28 दिन तक बंद रखे थे।

देश में आए संकट के दौरान सीमा पर तैनात रहे बीएसएफ अफसरों और जवानों से मिलने सोमवार को कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल अजनाला सीमा चौकी शाहपुर पहुंचे। धालीवाल ने इस दौरान जवानों को मिठाई और फलों की टोकरी भेंट करके पंजाब की ओर से सुरक्षा बलों का धन्यवाद किया।

### आधार कार्ड बनाने हेतू 21 मई को पीरन में डाक विभाग लगाएगा कैंप

**शिमला (अप्रस)।** मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की ग्राम पंचायत पीरन के भवन में आगामी 21 मई को डाक विभाग सोलन मंडल व ग्राम पंचायत पीरन के संयुक्त तत्वावधान में आधार कार्ड अपडेट के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नए आधार बनाने तथा पुराने अपडेट करने के अतिरिक्त डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं बारे लोगों को जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी निरीक्षक डाक विभाग सोलन सुशील दत्त शर्मा ने दी है।

उन्होने बताया कि पीरन में 21 मई को प्रातः दस बजे यह शिविर आरंभ हो जाएगा। जिसमें आधार कार्ड संबधित कोई भी त्रुटियां का निराकरण किया जाएगा। उन्होने बताया कि नए आधार कार्ड व अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अर्थात 5 से 15 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क बनाए जाएंगे। जबकि आधार कार्ड में किसी प्रकार के बदलाव के लिए 50 रूपये तथा बायोमेंट्रिक फोटो अपडेट के एक सौ रूपये शुंल्क प्रति व्यक्ति लगेगा।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का उद्घाटन

## सीएम सैनी नें योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने का नागरिकों से आह्वान

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 19 मई।** हल्के के गांव पट्टीकल्याणा में स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र परिसर में सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धन्वंतरि देवी के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का विधि विधान से शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस केंद्र की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने दैनिक जीवन में योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाकर एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी, आज वे साकार होते प्रतीत हो रहे हैं। यह केंद्र न केवल ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि हमारी सनातन परंपराओं और संस्कारों को और प्रगाढ़ कर रहा है।

उन्होंने इस अवसर पर संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज देश को दो चीजों की आवश्यकता है, पहली हमारी सीमाएं सुरक्षित हों और दूसरा हमारा शरीर स्वस्थ हो। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से बचें और प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों, जिससे मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्किल सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जहां लगभग 450 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण है और यह केंद्र उन्हें उस दिशा में मार्गदर्शन और साधन प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह संस्था को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में अपना सक्रिय योगदान दें। माधव जन सेवा न्यास के अध्यक्ष पवन जिंदल ने कहा कि यह वैलनेस सेंटर उन लोगों के लिए नींव का पत्थर होगा जो स्ट्रेस से दूर रहना चाहते हैं और तनाव मुक्त रहना चाहते हैं। आज के इस युग में नित्य नई-नई बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। इस वैलनेस सेंटर में नेचुरोपैथी से उन बीमारियों का इलाज किया जाएगा। इस नेचुरोपैथी केंद्र में दो आयुर्वेद डॉक्टर के साथ-साथ दो नेचुरोपैथी से जुड़े डॉक्टर और अनुभवी स्टाफ लगाया गया है। यह वैलनेस सेंटर सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। उन्होंने बताया कि देश के गद्दारों को बक्सा नहीं जाएगा। हमारे जवानों ने आतंकवाद को 3 घंटे में ही मिट्टी में मिलने का काम किया है। देश के प्रति जासूसी करने वाले गद्दारों को तुरंत प्रभाव से सरकार पक? रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। वहीं उन्होंने हल्का समालखा में सीएम घोषणाओं को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बीते 1 साल से बोर्ड आफ कंडक्ट लगा हुआ था। जिस कारण विकास की गति रुकी हुई थी। अब हटाने के बाद तीन गुना तेजी से विकास कार्य पूरे कर रहें हैं। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रांत संघ प्रताप सिंह, प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह, संस्कार भारती के संगठन मंत्री विजय भाटिया, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, पूर्व मंत्री असीम गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, बलराम नंदवानी जिला महामंत्री कृष्ण छोकर, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड?लसा और डॉक्टर राज नेहरू, उपयुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज यादव, पुलिस अधीक्षक भुपेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहें।

# सहकारिता के माध्यम से प्रदेश के किसानों को समृद्ध व सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों की आय में वृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना' प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने, उनकी कृषि उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। ऐसे में किसानों को सस्ती दर पर सरलता से ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह योजना इसी दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसे मुख्यमंत्री ने दूरदर्शी और किसान-हितैषी पहल बताया। उन्होंने प्रस्तावित मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना में नाबार्ड के साथ-साथ सहकारी बैंकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

श्री योगी ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन प्रभावी और समयबद्ध हो। इसके लिए सहकारी बैंकों की ऋण वितरण क्षमता को बढ़ाने, शाखाओं के आधुनिकीकरण हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने और किसानों तक ऋण की सुगमता सुनिश्चित करने पर बल दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि योजना का विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने सहकारिता क्षेत्र की समग्र समीक्षा करते हुए सहकारी संस्थाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से लघु और सीमांत किसानों की आय में वृद्धि, पारदर्शिता और दक्षता को सहकारिता क्षेत्र की प्राथमिकताओं में शामिल करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का ऋण वितरण वर्ष 2017 में 9,190 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2025 में 23,061 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, वहीं शुद्ध लाभ 100.24 करोड़ रुपये हो गया है। इसी अवधि में जिला सहकारी बैंकों का कुल व्यवसाय 28,349 करोड़ रुपये से बढ़कर 41,234 करोड़ रुपये तक पहुँच गया और शुद्ध लाभ 162 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में फसली ऋण 11,516 करोड़ रुपये एवं दीर्घकालिक ऋण 393 करोड़ रुपये वितरित किया गया। उर्वरक वितरण 34.45 लाख मीट्रिक टन, धान खरीद 25.53 लाख मीट्रिक टन और दलहन-तिलहन खरीद 1.94 लाख मीट्रिक टन रही।

भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए ए.आई.एफ. योजना के तहत 375 गोदामों का निर्माण कर 37,500 मीट्रिक टन की क्षमता विकसित की गई है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017 से अब तक 1,060 गोदामों के माध्यम से 1,17,350 मीट्रिक टन की क्षमता सृजित की गई है। वर्ष 2025-26 में 100 नए गोदामों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, देश की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना के अन्तर्गत 16 जनपदों में 24 बी-पैक्स केन्द्रों पर 500 से 1000 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का प्रस्ताव है।

मुख्यमंत्री ने भण्डारण क्षमता और बढ़ाए जाने की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक उपयुक्त नीति तैयार की जाए। उन्होंने पी.सी.एफ. की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार लाने और राइस मिलर्स के भुगतान तत्काल सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र में रिक्त बैंकिंग एवं नॉन-बैंकिंग पदों की शीघ्र भर्ती के लिए आई.बी.पी.एस. के माध्यम से चयन प्रक्रिया तेज की जाए। इससे सहकारी संस्थाओं की कार्यक्षमता और सेवा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

इस अवसर पर एम-पैक्स समितियों की व्यावसायिक गतिविधियों में भागीदारी पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इन्हें पी.डी.एस., जन औषधि, सी.एस.सी., पी.एम. किसान सम्मान केंद्र और एम.एस.पी. जैसी गतिविधियों से जोड़ा गया है। कंप्यूटरीकरण की प्रगति के तहत प्रथम चरण में 1,539, द्वितीय चरण में 1,523 और तृतीय चरण में 2,624 एम-पैक्स समितियों का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड एवं राज्य के 50 जिला सहकारी बैंकों को नाबार्ड के सी.बी.एस. क्लाउड प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए तकनीक, ऋण और विपणन तक किसानों की पहुंच सुनिश्चित की जाए। सहकारिता के माध्यम से प्रदेश के किसानों को समृद्ध और सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए नीतिगत सुधारों के क्रम सतत जारी रखे जाएं।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का अखिलेश यादव पर तीखा प्रहार, कहा-

# सपा के डीएनए में जातिवाद व तुष्टीकरण की मिलावट

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। अखिलेश यादव, आप डीएनए के सवाल पर बहुत भड़के हुए हैं। मैंने ये कह क्या दिया कि समाजवादी पार्टी के डीएनए में ख़राबी है, आप आपे से उसी तरह बाहर हो गए जैसे दस साल पहले उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर हो गए थे। आप इस बात को समझिए कि डीएनए में खराबी से हमारा मतलब किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि आपकी पार्टी की राजनीतिक सोच से है। डीएनए में खराबी का मतलब ये है कि आपकी पार्टी की राजनीति की बुनियाद ही जातिवाद और तुष्टीकरण पर टिकी रही है और आज भी टिकी हुई है। समाजवादी पार्टी ने कभी सबका साथ-सबका विकास की बात की ही नहीं। आपकी प्राथमिकता ही हमेशा वोटबैंक की राजनीति रही है, नीतियों और आदर्शों से आपका दूर दूर तक का लेना देना नहीं रहा है।

मैं आपकी पार्टी के डीएनए में खराबी के मसले को और खुलकर समझा देता हूं। दरअसल मुस्लिम तुष्टिकरण ही आपकी राजनीति का केन्द्रीय हिस्सा रहा है। आप किसी भी राजनीति विज्ञानी से बात कर लें। वो आपको समझा देगा कि आपकी पार्टी का जन्म ही मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए के साथ हुआ है और आपकी पूरी की पूरी राजनीति की दाल-रोटी भी यही है। वो चाहे शिक्षा नीति हो, नियुक्तियाँ हों या कानून-व्यवस्था के सवाल, आपकी सरकारों ने बार-बार एक ही वर्ग विशेष को खुश करने के लिए बाकी समाज की अनदेखी की है। इससे समाज में विभाजन और अविश्वास की खाई और गहरी हुई है। आपने तो बतौर मुख्यमंत्री अपने सिगनेचर से आतंकियों से जुड़े 14 केस एक साथ वापिस लिए हैं ताकि आपकी पार्टी के मुस्लिम तुष्टीकरण वाले डीएनए को खाद पानी मिलता रहे। ऐसे में मैं अच्छी तरह समझा सकता हूं कि डीएनए पर सवाल उठाने से आप इतने तिलमिलाए क्यों हैं। आपको इतना दर्द क्यों हैं।

आपकी पार्टी का डीएनए तो दलितों के भी खिलाफ रहा है। समाजवादी पार्टी के शासनकाल में बार-बार देखा गया कि दलितों के अधिकारों को कुचला गया, उन्हें राजनीतिक रूप से हाशिए पर रखा गया, और उनके साथ अन्याय की घटनाओं में वृद्धि हुई। यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी राजनीतिक मानसिकता को दर्शाता है।

अखिलेश जी, इसलिए जब हम कहते हैं कि समाजवादी पार्टी के डीएनए में ख़राबी है तो हमारा सीधा मतलब है कि यह पार्टी सत्ता के लिए समाज को बाँटने में यक़ीन रखती है। जाति, धर्म और वर्ग को देख कर राजनीति करती है। इसलिए आप कुपित न होइए। हो सके तो खुद को और अपनी पार्टी की सोच को बदलने की कोशिश कीजिए। एक बात और, आपका और आपकी पार्टी का ट्विटर हैंडल जो भी चलाता है और जो भी आपको बड़े बड़े पैराग्राफ वाले बयान लिखकर भेजता है, वो तो इतना नादान है कि उसने आपके जरिए ये कुबूल करवा लिया कि जेपी, लोहिया और राजनारायण जैसे महान नेताओं के समाजवाद को गंदी, पतित और कलुषित गालियों में तब्दील कर देने वाले ये लोग आपके अपने ही हैं। आपने खुद लिखित रूप में ये कुबूल कर लिया है कि आप पार्टी स्तर पर उन लोगों को समझाएंगे। अब भी कोई शक, कोई संदेह बचा क्या कि आपकी पार्टी का डीएनए ही खराब है? अखिलेश जी, अंत में यही कहूंगा कि अगर आप बदल सकते हैं तो खुद को बदलिए, अपनी पार्टी के डीएनए को बदलिए वरना आज से लेकर 2027 तक और उसके बाद भी आपको अपनी पार्टी का यही डीएनए परेशान करता रहेगा। अभी तो मैं कह रहा हूं, इसके बाद प्रदेश की एक एक गली से, एक एक मोहल्ले से, एक एक गांव, शहर, ज़िले और यहां तक कि एक एक आम व्यक्ति की जुबां से आपकी पार्टी के इस डीएनए का जिक्र फूटेगा।

# सहकार से आत्मनिर्भरता, आजीविका व विकास को मिली गति : मुख्यमंत्री भजनलाल

अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल



**अलवर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य और केन्द्र सरकार को किसान-पशुपालकों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए कहा है कि डेयरी संघों से पशुपालकों के सामर्थ्य को नई पहचान और सहकार से आत्मनिर्भरता, आजीविका और विकास को गति मिली हैं।

श्री शर्मा सोमवार को अलवर में श्वेत क्रांति द्वितीय चरण एवं अलवर दुग्ध संघ दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुग्ध संघ पशुपालकों के सामर्थ्य के प्रतीक के रूप में उभर रहे हैं। छोटे पशुपालकों की यह संस्थाएं, जिस ब? पैमाने पर संगठित होकर काम कर रही है, वह 'सहकार ही शक्ति है' को धरातल पर सफलता से क्रियान्वित कर रही है। इन संघों ने विकास, जनभागीदारी और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की डेयरी क्षेत्र में सक्रियता प्रमुखता से बड़ी है, जिससे उनका आर्थिक सशक्तीकरण हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सिलिसेज क्षेत्र से नलकूप एवं पाइपलाइन के माध्यम से अलवर शहर की पेयजल योजना संवर्द्धन कार्य (लगभग 23.27 करोड़) का शिलान्यास और अलवर डेयरी के नवीन उत्पाद मावा तथा 15 किलो के पैक में टोन्ड मिल्क के दही की लाचिंग की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पशुपालकों और किसानों की मेहनत का उत्सव है। अलवर के गांवों ने 50 से अधिक साल पहले अलवर दुग्ध संघ के रूप में जो पौधा लगाया था, आज वह एक वटवृक्ष बन गया है। जब इस दुग्ध संघ की स्थापना हुई थी, तब यह 500 लीटर दूध का संकलन करता था जोकि वर्तमान में रोजाना औसतन डेढ़ लाख लीटर हो गया है। साथ ही यह संघ करीब 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करवा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार किसान-पशुपालकों के कल्याण और डेयरी क्षेत्र के उत्थान के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की सम्मान निधि देने का काम किया है। जिसे हमने राजस्थान में बढ़ाकर नौ हजार रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गेहूं के समर्थन मूल्य पर अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है और आज यह देश में सर्वाधिक है।

श्री शर्मा ने कहा कि श्री मोदी के कर-कमलों से राजस्थान को राम जल सेतु लिंक परियोजना की सौगात मिली है। इस योजना के माध्यम से अलवर सहित पूर्वी राजस्थान को पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा वहीं शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौते और माही, देवास परियोजना के विकास का काम भी हाथ में लिया गया है। हमनें इंदिरा गांधी नहर परियोजना के लिए 3400 करोड़ रूपये भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी किसानों को 2027 तक दिन में ही बिजली देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में लगभग 60 हजार से अधिक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध भी करवाई जा रही है।

कोटा के आमागोहन में बोले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

# जो सरकार अच्छा काम करती है, वही जनता के बीच जाने का रखती है साहस

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उड़न खटोला बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आमागोहन में उतरा। वनांचल के आदिवासी ग्राम में मुख्यमंत्री श्री साय को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल था। वे चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर अपने राज्य के मुखिया को एक झलक देखने और उन्हें सुनने के लिए घण्टो डटे रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में जहाँ ग्रामीणों से संवाद किया वहीं मुख्यमंत्री ने समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निराकरण की स्थिति भी जानी। उन्होंने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि आज सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में राज्य के लोगों के हित में कार्य किया है। जो सरकार अच्छा काम करती है उनकी ही हिम्मत होती है जनता के बीच जाने की। सुशासन तिहार एक तरह से हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का आंकलन करने का अवसर भी। इसके माध्यम से सरकार योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रही है।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के अंतर्गत दूरस्थ आदिवासी ग्राम आमागोहन के समाधान शिविर में मुख्यमंत्री श्री साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में हमारी सरकार बनी और डेढ़ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में लोकसभा, नगरीय निकाय,नगर पंचायत में हमारी सरकार बनी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वादों को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही अगले दिन से 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने दुर्ग और अम्बिकापुर में भी राज्यवासियों को 3-3 लाख पीएम आवास दिये। इसके अलावा पीएम जनमन आवास और नक्सल क्षेत्रों में आत्म समर्पित परिवारों को आवास दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस में जिनका नाम है उनको भी आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों का वादा पूरा कर 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया। दो वर्ष से बकाया धान बोनस राशि भी दी। उन्होंने कहा कि 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वन्दन योजना की राशि उनके खाते में देकर आर्थिक समृद्धि और महिला सशक्तिकरण का द्वार खोला। जिनका नाम छूट गया है उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है,आने वाले दिनों में छूटे हुए हितग्राहियों का नाम भी जोड़ा जाएगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने 315 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य है कि राज्य की कृषि के क्षेत्र में भी तरक्की हो और किसान समृद्ध बने। श्री कुमार ने सोमवार को यहां कृषि भवन में कृषि विभाग के कार्यक्रम 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छत पर सोलर प्लेट लगाएं जिससे सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा और कृषि भवन की जरूरतें पूरी होंगी। कृषि भवन परिसर को व्यवस्थित, साफ-सुथरा एवं पर्यावरण के दृष्टिकोण से अनुकूल बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा, हमलोग शुरू से किसानों के हित में काम कर रहे हैं। चार कृषि रोड मैप बनाए गए हैं, जिससे फसलों की उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमलोगों का उद्देश्य है कि कृषि के क्षेत्र में भी राज्य की तरक्की हो और किसान समृद्ध बने। कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। श्री कुमार ने नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों जया किरण, ईरम आरज़ू, साक्षी कुमारी, गणेश कुमार, शुभम कुमार, प्रतिमा मुर्मू, श्रीया सिंह, अंशु पटेल एवं रश्मि सुप्रिया को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 144.72 करोड़ रुपये की लागत से कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, आरा (भोजपुर) के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

# हेमंत सोरेन ने दिवंगत कपूर कुमार टुडू को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ झारखंड आंदोलनकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिवंगत कपूर कुमार टुडू के सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल के चिलगू- चाकुलिया स्थित पैतृक आवास पहुंचे।

यहां श्री सोरेन ने दिवंगत कपूर कुमार टुडू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति देने हेतु कामना की।

विदित हो कि दिवंगत कपूर कुमार टुडू रिश्ते में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के फुफेरे भाई थे । 6 मई- 2025 को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे मां, पत्नी एवं दो पुत्र, एक पुत्री छोड़ गए हैं।

मुख्यमंत्री धामी की 16वें वित्त आयोग से मांग

# उत्तराखण्ड को 'ईको सर्विस' लागत की क्षतिपूर्ति मिले

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं अन्य सदस्यों के साथ बैठक में प्रदेश की वित्तीय परिस्थितियों, चुनौतियों एवं विकास आवश्यकताओं पर विस्तृत रूप से राज्य का पक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड की ''ईको सर्विस लागत'' को देखते हुए ''इनवॉयरमेंटल फेडरललिज्म'' की भावना के अनुरूप उपयुक्त क्षतिपूर्ति का अनुरोध किया है। साथ ही ''कर-हस्तांतरण'' में वन आच्छादन हेतु निर्धारित भार को 20 प्रतिशत तक बढ़ाए जाने का सुझाव दिया। राज्य में वनों के उचित प्रबंधन और संरक्षण के लिए विशेष अनुदान पर भी विचार किया जाना चाहिए।

सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और राज्यों के मध्य बेहतर वित्तीय समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित विशिष्ट बैठक में उपस्थित वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया, आयोग के सदस्यगणों श्रीमती ऐनी जॉर्ज मैथ्यू, डा. मनोज पाण्डा, डा. सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पाण्डेय, संयुक्त सचिव श्री के.के. मिश्रा का उत्तराखंड राज्य स्थापना के इस रजत जयंती वर्ष में देवभूमि उत्तराखंड पधारने पर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में उत्तराखण्ड ने अन्य क्षेत्रों की भांति वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य स्थापना के पश्चात राज्य के आधारभूत इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए बाह्य ऋणों पर निर्भर रहना पड़ा। राज्य ने जहां एक ओर विकास के विभिन्न मानकों के आधार पर उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं, वहीं बजट का आकार एक लाख करोड़ रूपए को पार कर गया है। नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 की एसडीजी इंडेक्स रिपोर्ट में उत्तराखंड सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले राज्यों में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

# हिंदुजा परिवार ने लगातार चौथे वर्ष 2025 की यूके रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** श्री गोपीचंद हिंदुजा, 110 वर्ष पुराने बहुराष्ट्रीय समूह हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन के नेतृत्व में हिंदुजा परिवार ने 35.3 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ लगातार चौथे वर्ष संडे टाइम्स रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले सबसे धनी व्यक्तियों और परिवारों की वार्षिक रैंकिंग है, जिसमें 2025 के संस्करण में 350 प्रविष्टियां शामिल हैं। वैश्विक चुनौतियों और नीतिगत बदलावों के बावजूद, हिंदुजा परिवार ने असाधारण व्यावसायिक दृढ़ता और वैश्विक नेतृत्व का प्रदर्शन जारी रखा है। यूके स्थित इस परिवार का कंपनी समूह, चेयरमैन जी.पी. हिंदुजा के नेतृत्व में, 38 देशों में संचालित होता है और कई क्षेत्रों में निवेश करता है-मोबिलिटी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ, मीडिया, प्रोजेक्ट डेवलपमेंट, लुब्रिकेंट्स और विशेष रसायन, ऊर्जा, रियल एस्टेट, व्यापार, और स्वास्थ्य सेवा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष के दौरान, हिंदुजा ग्रुप ने भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र पर अपना ध्यान बढ़ाया है, जिसमें वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश शामिल है, जो स्थिरता और भविष्य के लिए तैयार नवाचार की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट 2025 में शामिल अन्य प्रतिष्ठित नामों में डेविड और साइमन रियूबेन और परिवार 26.873 अरब पाउंड, सर लियोनार्ड ब्लावाटनिक 25.725 अरब पाउंड, सर जेम्स डायसन और परिवार 20.8 अरब पाउंड, इदान ओफर 20.121 अरब पाउंड, गाय, जॉर्ज, एलानाह और गैलेन वेस्टन और परिवार 17.746 अरब पाउंड, सर जिम रैटक्लिफ 17.046 अरब पाउंड, लक्ष्मी मित्तल और परिवार 15.444 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ शामिल हैं।

# पीएम मोदी 22 मई को करेंगे अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित हयबरगांव रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



मालीगांव। 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत देश भर में 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे, जो भारतीय रेलवे की बुनियादी संरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इनमें असम का ऐतिहासिक हयबरगांव रेलवे स्टेशन, जिसका निर्माण मूल रूप से 1887 में हुआ था, एक प्रमुख लाभार्थी है। नगांव के केंद्र में स्थित, यह स्टेशन लंबे समय से एक प्रमुख परिवहन नोड के रूप में सेवा दे रहा है, जिसने क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक जीवंतता में योगदान दिया है। लगभग 1,200 यात्रियों की औसत दैनिक आवाजाही के साथ, एबीएसएस के तहत इसका कायाकल्प समावेशी और सुदृढ़ बुनियादी संरचना का विकास सरकार के विजन को दर्शाता है।

हयबरगांव रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास ने इसे एक समकालीन पहचान दी है, साथ ही बाढ़ की आशंका और सीमित पहुंच जैसी गंभीर क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान किया है। स्टेशन में अब एक भव्य प्रवेश द्वार, एक नवनिर्मित स्टेशन भवन और एक विशाल कॉनकोर्स क्षेत्र है। आधुनिक प्रतीक्षालय, मॉड्यूलर और दिव्यांगजनों के अनुकूल शौचालयों के साथ यात्री सुविधाओं में काफी वृद्धि की गई है। इसके अतिरिक्त, नव विकसित स्टेशन में शिशु आहार सुविधाओं के साथ-साथ एक जलपान कक्ष भी उपलब्ध किया गया है। प्लेटफ़ॉर्म की सतह को पुनर्निर्मित किया गया है और सर्कुलेटिंग एरिया को दो, तीन और चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग ज़ोन के साथ डिजाइन कर पुनर्निर्मित किया गया है, जिसमें समर्पित पैदल यात्री मार्ग भी हैं। स्टेशन में सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए टैकटाइल टाइल्स, रैंप और सुलभ टिकट काउंटर भी शामिल हैं। अन्य अपग्रेड में हाई-मास्ट लाइटिंग, अपग्रेडेड पैसेंजर एड्रेस सिस्टम, बेहतर साइनेज, लैंडस्केप्ड ग्रीन जोन और असम की सांस्कृतिक विरासत वाले भित्ति चित्र एवं थीम आधारित प्रतिमाओं की स्थापना शामिल है।

हयबरगांव स्टेशन का पुनर्विकास एक फिजिकल अपग्रेड से कहीं अधिक है क्योंकि यह यात्री अनुभव को बेहतर बनाने एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बेहतर सुविधाओं और कनेक्टिविटी के साथ, यह स्टेशन काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, लाओखोवा वन्यजीव अभयारण्य और बोरदोवा थान जैसे आस-पास के आकर्षणीय पर्यटन स्थलों के प्रवेश द्वार के रूप में सेवा देने को तैयार है। यह पहल न केवल पूर्वोत्तर भारत की अवसंरचनात्मक रीढ़ को मजबूत करती है, बल्कि 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत निर्मित कियोस्क के माध्यम से स्थानीय वाणिज्य को भी सहयोग प्रदान करती है। पू. सी. रेलवे इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व करता है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत को जीवंत और समावेशी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ना है।

# संविधान की रक्षा के लिए निकाली रैली



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**विशाखापट्टणम।** मल्लैयापुरम में संविधान बचाओ अभियान के नारे के साथ संविधान की रक्षा के लिए एक रैली कांग्रेस पार्टी पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र के समन्वयक के.वी. सूर्यनारायण के तत्वावधान में मलयापुरम में आयोजित की गई। इस अवसर पर, 'संविधान बचाओ अभियान' से संबंधित एक पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर, कांग्रेस पार्टी निर्वाचन क्षेत्र के सह-संयोजक के.वी. सूर्यनारायण और पीसीसी महासचिव गणम रमेश ने कहा कि केंद्र सरकार भाजपा आरएसएस की मनुवाद की विचारधारा के साथ संविधान की जड़ों को मिटा रही है। इस कार्यक्रम में विशाखापट्टणम महिला नेत्री एम. लक्ष्मी, युवजन राज्य महासचिव शिवा युवजन जिला अध्यक्ष सतीश, मणिकांठा, गजुवाका पूर्व समन्वयक गवरा रमना, पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र की महिला नेत्री रजिया बेगम, पूर्व एससी जिला अध्यक्ष कस्तूरी वेंका राव, सुकराजू, अच्ची बाबू, एर्रय्या त्रिनाधा राव, वार्ड अध्यक्ष सीतारामाराजू एस.विकरन, एस. श्रीनिवार राव, मुन्ना, शरीफ, वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और प्रशंसकों ने भाग लिया।

# आज दूसरा बड़ा मंगलवार: हनुमान जी की कृपा से पाएं सुख-समृद्धि व संकटों से मुक्ति

आज दूसरा बड़ा मंगलवार है, ज्येष्ठ माह में आने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। इस बार ज्येष्ठ माह में पांच बड़े मंगल पड़ रहे हैं। बड़े मंगल को व्रत रखकर हनुमान जी की पूजा अर्चना करनी चाहिए। इस दिन पूजा करने से हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

13 मई से ज्येष्ठ माह के साथ-साथ बड़े मंगल की भी शुरुआत हो चुकी है। इस बार ज्येष्ठ माह में 5 बड़े मंगल पड़ेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी माह में मंगलवार के दिन हनुमान जी भगवान श्रीराम से मिले थे। ऐसे में आप इस दिन पर पूजा के दौरान ये काम करके हनुमान जी के साथ-साथ राम जी की कृपा के पात्र भी बन सकते हैं। कलयुग में बजरंगबली एकमात्र ऐसे देव हैं, जो शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। संकटमोचन की कृपा जिस पर हो जाती है, उसके सभी संकटों का हरण हो जाता है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर हनुमान जी को जो व्यक्ति लाल चंदन, लाल फूल, लाल वस्त्र चढ़ाता है, वह उनका प्रिय बन जाता है।

किसी काम के पूरा होने में संशय हो तो मंगलवार को घर से निकलते वक्त लाल रंग से लिखी हुई दो हनुमान चालीसा अपने साथ लेकर जाएं। पहली को अपने पास रखें और दूसरी रास्ते में पड़ने वाले किसी भी राम मंदिर में रख दें। इस उपाय से आपके मार्ग में आने वाली सभी बाधाएं नष्ट होंगी और बिगड़े काम बनेंगे।

**ज्येष्ठ माह में बड़ा मंगल की तारीखें**

पहला बड़ा मंगल - 13 मई 2025
दूसरा बड़ा मंगल - 20 मई 2025
तीसरा बड़ा मंगल - 27 मई 2025
चौथा बड़ा मंगल - 3 जून 2025
पांचवां बड़ा मंगल- 10 जून

**बड़ा मंगल पर ऐसे करें पूजा, मिलेगा लाभ:** बड़े मंगल को व्रत रखकर हनुमान जी की पूजा अर्चना करनी चाहिए। हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का भी पाठ करना लाभकारी होता है। इसके बाद स्नान करके हनुमान जी को रोली चंदन का तिलक लगाएं। हनुमान जी को लाल वस्त्र से अत्यधिक प्रेम है इसलिए बड़े मंगल के दिन लाल वस्त्र का दान करने पर पर विशेष फल प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बड़े मंगल के विशेष दिन पर हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से साधक को जीवन में अच्छे परिणाम मिलने लगते हैं। ऐसे में यदि आप भी बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो इसके लिए पूजा के दौरान इन खास चीजों का पाठ जरूर करें, इससे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।



**हनुमान जी को चढ़ाएं चोला**

सिंदूर में चमेली का तेल और गाय का शुद्ध देसी घी मिलाने से जो लेप बनता है, उसे चोला कहते हैं। इस सिंदूरी चोले को ही भगवान को लेपा जाता है। चोला चढ़ाने के लिए चमेली के तेल का ही उपयोग करें। चोला चढ़ाते समय एक दीपक हनुमानजी के सामने जलाकर रखें। दीपक में भी चमेली के तेल का ही उपयोग करें। चोला चढ़ाने से पहले प्रतिमा को स्नान करवाएं, देसी घी लगाकर उस पर सिंदूर का चोला चढ़ा दें। चोला कभी भी एक या दो नहीं चढ़ाया जाता। चोला चढ़ाने के पहले संकल्प करना चाहिए 5,11, 21, 51 या फिर 101 चोला चढ़ाना चाहिए। भगवान को सबसे पहले बाएं पैर में चोला चढ़ाएं। चोला हमेशा पैर से सिर की ओर चढ़ाना चाहिए कभी भी चोला सिर से पैर की ओर न चढ़ाएं। चोला चढ़ाने के बाद हनुमान जी को साफ वस्त्र और जनेऊ पहनाएं रेशम का लाल धागा अर्पित करके उसे गले में धारण करें लाभकारी होगा।

**बड़ा मंगल व्रत से आती है सुख-समृद्धि:** हनुमान चालीसा का पाठ रोजाना खासकर मंगलवार और शनिवार के दिन करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इससे हनुमान जी जल्दी प्रसन्न होते हैं। ऐसे में आप बड़े मंगलवार के दिन बजरंगबली की पूजा के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ जरूर करें। इससे आपको शुभ परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

**बड़ा मंगल व्रत से मिलेगा बजरंग बली का आशीर्वाद:** बड़े मंगल के दिन पूजा स्थान पर हनुमान जी का चित्र या मूर्ति स्थापित करें। इसके बाद उन्हें लाल रंग के फूल, लाल वस्त्र, सिंदूर और चमेली का तेल आदि अर्पित करें। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ करें और अंत में हनुमान जी की आरती करें। इससे साधक को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।


हनुमान जी की कृपा प्राप्ति के लिए बजरंग बाण का पाठ करना भी बेहद लाभकारी माना जाता है। ऐसे में बड़े मंगल की पूजा में बजरंग बाण का पाठ जरूर करना चाहिए। हनुमान जी के पूजन के बाद जरूरतमंदों को लाल वस्त्र, मसूर की दाल, गुड़ आदि का दान करें। ऐसा करने से आपको जीवन में आ रहे सभी प्रकार के कष्ट दूर हो सकते हैं। बड़े मंगल के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कर लें। इसके बाद चमेली के फूल लेकर उनकी माला बनाएं और हनुमान मंदिर जाकर अर्पित करें। इसके साथ ही हनुमान जी का ध्यान करते हुए धूपबत्ती जलाएं और सुख-समृद्धि की कामना करें। बड़े मंगल के दिन ये काम करने से आपके जीवन में खुशियां बनी रहती हैं।

शास्त्रों के अनुसार अगर आपको कई प्रयासों के बाद भी नौकरी या व्यापार में समस्या बनी हुई है, तो इसके लिए बड़े मंगल पर हनुमानजी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करें। साथ ही हनुमान जी को पान का बीड़ा और बेसन या बूंदी के लड्डू का भोग लगाएं।

# जीवन में विनम्रता मनुष्य के व्यवहार को उजागर करती है: मुनिश्री विनय कुमार जी

खरड़। विनम्रता मनुष्य के व्यवहार को उजागर करती है। विनम्र प्रवृति का व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में आसानी से उत्कृष्ट कार्य कर सकता है। विनम्रता ही मानव को इस संसार में सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बनाती है। हम सभी को विनम्रता पूर्वक जीवन यापन करना चाहिए। सेवा भाव का असल उद्देश्य समाज के दबे कुचले लोगों की मदद करना है। ऐसे में हमारी एक छोटी सी पहल भी बड़े सामाजिक परिवर्तन का प्रतिरूप बनकर उभर सकती है। हम सभी को सदैव सेवाभाव के पथ पर अग्रसर रहना चाहिए। हम सभी महान कार्य तो नहीं कर सकते लेकिन निस्वार्थ सेवा कर अपने समाज व परिवार का नाम जरूर रोशन कर सकते हैं। हम सभी को निस्वार्थ भाव से जीवन को जीने की कला अपने भीतर विकसित करनी चाहिए। निस्वार्थ भाव रखते हुए समाज हित में लगातार कार्य करना ही मानव जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने खरड मे सुभाष जैन के आवास पर कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा साधक के लिए माला का और संसारी के लिए माल का बड़ा महत्व होता है। माला की प्रतिष्ठा में ही मंत्र की प्रतिष्ठा है। जप करते समय माला और मन का गिरना अच्छा नही है। माला



मालिक की प्रार्थना है। नोट गिनने के लिए भी दो उंगली चाहिए फिर माला क्यों नहीं गिनते भाई! वरमाला के लिए आप सभी कैसे उत्सुक रहते हैं? और कर-माला के लिए? माला फेरते समय न स्वयं हिलना चाहिए, ना ही माला को हिलाना चाहिए? यह नहीं कि वह नीचे जमीन पर पड़ी रहे। माला से माल मिलता है, फिर व्यक्ति मालामाल होता है। क्रोध इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन है। क्रोध एक बार दिमाग पर हावी हो गया तो दीवाला निकालकर ही दम लेता है। क्रोध जहां है, वहां दीवाली कैसे? वहां तो दीवाला ही होगा। हर क्रोधी को एक दिन क्रोध का खामियाजा उठाना पड़ता है। इसलिए क्रोध करें भी तो रोज नहीं, सप्ताह में एक दिन। कभी-कभी क्रोध करोगे तो सामने वाले पर उसका असर भी पड़ेगा। रोज दिन में दस बार क्रोध करोगे तो सामने वाला कहेगा इनकी तो चिल्लाने की आदत पड़ गई है। हां, हो सके तो कभी-कभी खुद पर क्रोध और शत्रुओं को क्षमा करें। अपने विरोधियों के साथ समय बिताएं और मित्रों को पहचानने की कोशिश करें।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया बिना सेवा भाव के किसी भी पुनीत कार्य को अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सकता। सेवा भाव के जरिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने के साथ ही आम लोगों को भी उनके सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। असल में सेवा भाव आपसी सद्भाव का वाहक बनता है। जब हम एक-दूसरे के प्रति सेवा भाव रखते हैं तब आपसी द्वेष की भावना स्वत~ समाप्त हो जाती है और हम सभी मिलकर कामयाबी के पथ पर अग्रसर होते हैं। सेवा से बड़ा कोई परोपकार इस विश्व में नहीं है, जिसे मानव सहजता से अपने जीवन में अंगीकार कर सकता है। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर हमारे अंतिम सेवा काल तक सेवा ही एक मात्र ऐसा आभूषण है, जो हमारे जीवन को सार्थक सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाता है। बिना सेवा भाव विकसित किए मनुष्य जीवन को सफल नहीं बना सकता। हम सभी को चाहिए कि सेवा के इस महत्व को समझें व दूसरों को भी इस ओर जागरूक करने की पहल करें।

**विधायक निखिल मदान ने गोहाना रोड आरओबी का किया निरीक्षण, कहा-**

# अंडरपास बनाकर लोगों का आवागमन सुगम करने के लिए भी तलाशी जा रही संभावनाएं

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** सोमवार सुबह विधायक निखिल मदान ने पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ शहर के मिशन चौक की तरफ उतरने वाले आर ओ बी का दौरा किया। गौरतलब है कि विधानसभा के बजट सत्र में विधायक निखिल मदान द्वारा सोनीपत में मिशन चौक की तरफ उतरने वाले आर ओ बी की चौड़ाई बढ़ाने और डबल लेन करने संबंधी प्रश्न विधानसभा के पटल पर रखा गया था। जिसके उत्तर में प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा ने चीफ इंजीनियर की अगुवाई में एक टीम गठित करके मौका देखने का उत्तर दिया था। उसी संदर्भ में सोमवार को पीडब्ल्यूडी के चीफ़ इंजीनियर सोनीपत पहुंचे थे। इस दौरान चीफ इंजीनियर के साथ विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार, कार्यकारी अभियंता प्रशांत कौशिक, राकेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता दीपक मौजूद रहे। वहीं नगर निगम से डीएमसी हरदीप सिंह



और राजबीर पटवारी मौके पर मौजूद रहे।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि मिशन चौक की तरफ आर ओ बी को डबल लेन करने के लिए दोनों तरफ से जगह का बढ़ना जरूरी है। इसके लिए उन्होंने व्यापारियों से बात की है, जहां एक तरफ नगर निगम के स्वामित्व की कुछ दुकानें हैं, बाकी निजी दुकानें हैं। इन दुकानों के स्थानांतरण किए जाने का भी एक विकल्प है। अभी दुकानदारों ने सर्वसम्मति बनाने के लिए कुछ समय मांगा है। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को राजस्व विभाग की अगुवाई में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ आर ओ बी के दोनों तरफ की जमीन की डिमार्केशन (पैमाईश) करने के दिशा निर्देश दिए हैं ताकि जितनी जमीन भी विभाग की निकलती है उसको आर ओ बी के डबल लाइन करने के उपयोग में लाया जा सके, यह कार्य तुरंत प्रभाव से शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे विभाग से चर्चा करके एक अंडरपास बनाने के लिए भी संभावनाएं तलाशी जा रही है ताकि लाइन पार क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुगम हो सके।

चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी हनुमंत सांगवान ने बताया कि उन्होंने आज मौके का दौरा किया है और कई विकल्प तलाशे गए हैं जिससे लोगों की वर्षों पुरानी समस्या को दूर किया जा सकता है।

# ज्ञान की दौलत के सहारे सारे संसार को मालामाल करना है

भक्तजन-महापुरुष-सन्तजन यही कार्य युगों से करते आ रहे हैं और जो भी इस कार्य में अपना योगदान देते हैं, उन्हीं को विवेकशील माना गया है। वही विवेक से कार्य कर रहे होते हैं। वही वास्तव में इस धरती को सजाने-संवारने का कार्य कर रहे होते हैं। यही कार्य करने योग्य है और इसी कार्य को प्रत्येक ने करना है। हर किसी ने सच्चाई के साथ, उत्तम भावना से यह कार्य करना है ताकि चारों तरफ हमें खिली हुई गुलजार, खुशी, चैन नज़र आये। इसके लिए निश्चय ही भक्तजनों-सन्तजनों ने ज्ञान की दौलत को अपनाना है, उसी दौलत के सहारे सारे संसार को मालामाल करना है।

हिन्दुस्तान के बारे में हम कहते हैं कि अनेक सन्तजन, गुरु-पीर-पैगम्बर इस धरती पर आये तो उनकी शिक्षा रुपी दौलत हमें प्राप्त हुई। उस दौलत को, उस विरासत को अगर हम इस्तेमाल में लायें तो उसके कारण ही हम सही मायनों में शाह कहलाये जा सकते हैं। जो दौलत महापुरुषों-सन्तजनों ने इस धरती को प्रदान की, अगर उस दौलत को हम अपनाते नहीं बल्कि उसका दुरुपयोग करेंगे तो हम



सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

अविवेकशील होंगे। हम चारों तरफ हाहाकार मचाने वाले बनेंगे। अगर ऐसी दौलत से युक्त होकर अमीर होने का प्रमाण देते चले जाएं, शाह होने का प्रमाण देते चले जायें, तो संसार के लिए सुखदायी सिद्ध होंगे। केवल बोलों से कुछ नहीं होगा। बोलों से तो हम दोहरा देंगे, वेदों में लिखा है पढ़कर सुना देंगे, शास्त्रों में लिखा है हम पढ़कर, बोलकर सुना देंगे। लेकिन उससे कोई बात बनने वाली नहीं है। यहाँ इस बात की ओर ध्यान दिलाया जा रहा है कि वैसा कार्य हमने करना है। केवल बोलों द्वारा नहीं वास्तविक कर्म के द्वारा करके दिखाना है कि वाकई हम उन सन्तजनों-भक्तजनों, गुरु-पीर-पैगम्बरों के प्रति सही मायनों में समर्पित हैं।

## पंचांग

मंगलवार, 20 मई, 2025, सूर्योदय: 05:28 ए एम, सूर्यास्त: 07:08 पी एम, चन्द्रोदय: 01:19 ए एम, मई 21, चन्द्रास्त: 11:54 ए एम, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2081 नल, अमान्त महीना: वैशाख, पूर्णिमान्त महीना: ज्येष्ठ, वार: मंगलवार, पक्ष: कृष्ण पक्ष, तिथि: सप्तमी - 05:51 ए एम तक, क्षय तिथि: अष्टमी - 04:55 ए एम, मई 21 तक, नक्षत्र: धनिष्ठा - 07:32 पी एम तक, योग: इन्द्र - 02:50 ए एम, मई 21 तक, करण: बव - 05:51 ए एम तक, द्वितीय करण: बालव - 05:28 पी एम तक, क्षय करण: कौलव - 04:55 ए एम, मई 21 तक, सूर्य राशि: वृषभ, चन्द्र राशि: मकर - 07:35 ए एम तक, राहुकाल: 03:43 पी एम से 05:25 पी एम, गुलिक काल: 12:18 पी एम से 02:00 पी एम, यमगण्ड: 08:53 ए एम से 10:35 ए एम, अभिजित मुहूर्त: 11:50 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्त: 08:12 ए एम से 09:06 ए एम, दुर्मुहूर्त, 11:16 पी एम से 11:57 पी एम, अमृत काल: 09:07 ए एम से 10:43 ए एम, वर्ज्य: 02:34 ए एम, मई 21 से 04:07 ए एम, मई 21

## भविष्य फल



**मेष:** माता-पिता का स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है। जल्दबाज़ी में फ़ैसले न लें ख़ासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त।

**वृष:** विवाहित अपनी पारिवारिक समस्याओं को जीवनसाथी से साझा करेंगे तो निश्चित हल निकल सकता है। आज बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश हो जायेंगे।

**मिथुन:** दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा। अचानक कोई खास काम आपको करना पड़ सकता है।

**कर्क:** आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। इस बात में सावधानी बरतें कि आप किसके साथ आर्थिक लेन-देन कर रहे हैं। अपने जीवनसाथी का बोझ दूर करने के लिए घरेलू कामकाज में हाथ बटाएँ।

**सिंह:** पारिवारिक समारोह और महत्वपूर्ण अवसरों के लिए अच्छा दिन है। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, सीनियर्स भी आपसे खुश रहेंगे।

**कन्या:** आपका ध्यान परिवार और पैसे पर होगा। हर मौके का फायदा उठाने की कोशिश करें। आपके सारे काम आसानी से और समय पर निपट सकते हैं।

**तुला:** घर के लोग आपके ख़र्चीले स्वभाव की आलोचना करेंगे। आपको भविष्य के लिए पैसे जमा करने चाहिए, नहीं तो आगे आप मुश्किल में पड़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज जिंदगी में होने वाला बदलाव आपके फेवर में रहेगा। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो तरक्की के कई नये रास्ते नजर आएंगे।

**धनु:** कोई नई जमीन या मकान खरीदने का विचार बन सकता है। निवास या काम करने की जगह में बदलाव का मूड भी बन सकता है।

**मकर:** आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफ़ी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे।

**कुंभ:** आज सोचा हुआ काम अचानक से पूरा हो जाएगा। आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार भी आएगा।

**मीन:** आगे बढ़ने के लिए आपको एक से ज्यादा मौके मिलने की संभावना है। पैसों के हर मामले पर आप बारीकी से विचार कर लें।

**पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला।**

# डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग जरूरी: डा. गोयल



प्लास्टिक सर्जरी व महिला रोगों की विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ समर्पण अस्पताल का हुआ शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

हिसार, 18 मई- किसी भी महिला की डिलीवरी के दौरान महिला व उसके बच्चे की सुरक्षा के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं व तकनीक का इस्तेमाल आज जरूरी हो गया है। सरकार के कार्यक्रमों और बढ़ती चिकित्सा सुविधाओं के बाद डिलीवरी में महिला की मृत्युदर काफी कम हुई है लेकिन बच्चे का मानसिक रूप से स्वस्थ पैदा होना एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। ये बात हिसार के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डा. विशाल मोहन गोयल और महिला रोग व वरिष्ठ लैपरोस्कॉपी सर्जरी विशेषज्ञ डा. मीनाक्षी गोयल ने पत्रकारों से बातचीत में रविवार को कही। वो अर्बन एस्टेट-2 में रामशरणम आश्रम के पास स्थित समर्पण हॉस्पिटल के भव्य शुभारंभ के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस अस्पताल के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिकों और चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. विशाल मोहन गोयल और डॉ. मीनाक्षी गोयल ने संयुक्त रूप से हॉस्पिटल के उद्देश्य और सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर्पण हॉस्पिटल का उद्देश्य सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि मरीजों की सेवा भाव से देखभाल करना है। यहां अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अनुभवी डॉक्टरों की टीम उपलब्ध रहेगी। क्षेत्र में पहली बार 3डी/4के कार्ल स्टोरज एडवांस लैपरोस्कॉपी सिस्टम के साथ अस्पताल में प्लॉस्टिक, कॉस्मेटिक, बर्न केयर, हेयर ट्रांसप्लांट, एडवांस गायनोक्लॉजी, आधुनिक मेटरनिटी सेंटर, प्राइवेट रूम डिलीवरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पत्रकारों से बातचीत में मीनाक्षी व डा. विशाल ने बताया कि डिलीवरी के वक्त पहला एक घंटा बच्चे के लिए गोल्डन ऑवर कहा जाता है। इस दौरान बच्चे को पूर्ण ऑक्सिजन नहीं मिल पायेगी तो उसका मानसिक विकास सही नहीं होगा। ऐसे में अपने नये अस्पताल में उन्होंने डिलीवरी के लिए ऐसा सेटअप तैयार किया है, जिसमें डिलीवरी के कुछ देर तक बच्चे की एम्बिकल कोर्ड को काटा नहीं जाता और जरूरत के अनुसार बाहरी तौर पर बच्चे को ऑक्सिजन उपलब्ध कराई जाती है।

# रक्तदान जीवनदायी कार्य के साथ-साथ देश सेवा का भी माध्यम: मोहन लाल बड़ौली

युवा नशे से दूर रहें और सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लें

हमारी सेना ने देश को विश्व स्तर पर गर्व का अनुभव कराया

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोनीपत के फरमाना और कवाली गांव में आयोजित आर्मी ब्लड डोनेशन कैम्प और फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे। यहां उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक जीवनदायी कार्य है, बल्कि यह देश सेवा का भी एक माध्यम है, विशेषकर तब जब यह हमारी सेना के लिए किया जाए। इस अवसर पर विधायक पवन खरखोदा, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर गुरु माँ अंजनी देवा नंदगिरी महाराज एवं गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि इस तरह के कैम्प में हिस्सा लें और स्वेच्छा से रक्तदान कर अपने कर्तव्य का परिचय दे। बड़ौली ने युवाओं को नशे से दूर रहकर सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों में युवाओं की अधिक से



अधिक भागीदारी निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। बड़ौली ने कहा कि ''ऑपरेशन सिंदूर'' की ऐतिहासिक सफलता से देश और प्रदेश में उत्साह है। भारतीय सेनाओं के अदम्य साहस और पराक्रम के सम्मान में प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। प्रदेश का आम नागरिक, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है। हमारी सेना की जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने बता दिया है कि देश की आन-बान-शान से खिलवाड़ करने वालों को परिणाम भुगतना होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत पहले किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई भारत की संप्रभुता में हस्तक्षेप करता है तो उसको करारा जवाब भी देता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की ताकत का प्रतीक बताते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया और आतंकियों का खात्मा किया। श्री बड़ौली ने कहा कि हमारी सेना ने देश को विश्व स्तर पर गर्व का अनुभव कराया है।

# हिन्दू स्कूल गढ़ी केसरी के मोहित ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए







मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्य कृष्ण आंतिल,निदेशिक नीलम आंतिल ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गढ़ी केसरी स्थित हिन्दू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दसवीं कक्ष का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्ण आंतिल ने बताया कि छात्र मोहित ने 91 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम, दीपांशु ने 82 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, रिनिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशिका नीलम आंतिल ने बताया कि स्कूल के 25 छात्रों में से 10 छात्रों ने मैरिट में स्थान पाया। उन्होंने बताया कि स्कूल का हर वर्ष परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है।

# एचके सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा अनीता ने किए 95 प्रतिशत अंक प्राप्त

गांव के सरपंच मंजीत आतिल व कुलदीप आंतिल ने दिया आशीर्वाद

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। एच के सीनियर सैकेंडरी स्कूल कुराड़- इब्राहिमपुर का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। स्कूल की छात्रा अनीता ने 95 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम, नैन्सी ने 92 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, सत्यम तिवारी ने 90 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेधावी



छात्रों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में गांव के सरपंच मनजीत ने प्रतिभागी छात्रों का सम्मान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य कुलदीप आंतिल ने बताया कि स्कूल का हर साल परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है। यह स्कूल के लिए गर्व की बात है।





# पंजाब सरकार ने विभिन्न बोर्डों और कॉरपोरेशनों में चेयरमैन, वाइस चेयरमैन एवं डायरेक्टरों की नियुक्ति की

**मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी नए पदाधिकारियों को दी बधाई, जिम्मेदारी को मेहनत और ईमानदारी से निभाने की सलाह दी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने आज विभिन्न सरकारी बोर्डों और कॉरपोरेशनों में चेयरमैन, वाइस चेयरमैन एवं डायरेक्टरों की नियुक्ति की है।



आप नेता दीपक चौहान को पंजाब औद्योगिक विकास बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता पवन कुमार टीनू को पंजाब राज्य सहकारी कृषि विकास बैंक का चेयरमैन बनाया गया है। पार्टी नेता प्रभवीर बराड़ को पनसप का और डॉ. तेजपाल सिंह गिल को पनग्रेन का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

इसके इलावा विभिन्न बोर्ड और कॉर्पोरेशन में करीब 20 वाइस चेयरमैन और निदेशकों की भी नियुक्त की गई है। वहीं पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में सरकार की तरफ से दो सदस्यों की नियुक्ति की गई है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्हें अपनी जिम्मेदारी को मेहनत और ईमानदारी से निभाने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा, 'सभी साथियों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं। 'रंगला पंजाब' टीम में आपका स्वागत है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप सभी अपनी जिम्मेदारी को पूरी मेहनत और ईमानदारी से निभाएंगे। आने वाले दिनों में और भी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जाएंगी। अपना प्यार और विश्वास बनाए रखें।'

**नियुक्तियों का विवरण**

1. दीपक चौहान, चेयरमैन, (औद्योगिक विकास बोर्ड), 2. पवन कुमार टीनू, चेयरमैन, (पंजाब राज्य सहकारी कृषि विकास बैंक), 3. प्रभवीर बराड़, चेयरमैन, पनसप (PUNSUP), 4. डॉ. तेजपाल सिंह गिल, चेयरमैन, पनग्रेन, 5. डॉ हरिंदर सिंह बग्गा, चेयरमैन (मार्केट कमेटी- पंजे के उत्तर), 6. अनु बब्बर, डायरेक्टर (पंजाब जल संसाधन प्रबंधन एवं विकास निगम लिमिटेड), 7. अमन कुमार मित्तल, डायरेक्टर (पंजाब जल संसाधन प्रबंधन एवं विकास निगम लिमिटेड), 8. डॉ. दीपक बंसल, वाइस चेयरमैन (पंजाब गौ सेवा आयोग), 9. नयन छाबड़ा, वाइस चेयरमैन (पंजाब युवा विकास बोर्ड), 10. प्रभजीत सिंह(करण), डायरेक्टर, पंजाब राज्य बस स्टैंड (PUNBUS), 11. अमरदीप कौर, डायरेक्टर, पंजाब राज्य बस स्टैंड (PUNBUS), 12. दलजीत सिंह मियादियां, डायरेक्टर (पंजाब डेयरी विकास बोर्ड), 13. लखबीर सिंह औजला, डायरेक्टर, (पंजाब डेयरी विकास बोर्ड), 14. जगसीर सिंह, डायरेक्टर (पंजाब डेयरी विकास बोर्ड), 15. रॉबी कंग, डायरेक्टर, (पंजाब सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी निगम लिमिटेड (पंजाब इन्फोटेक), 16. जसबीर सिंह धंजल, डायरेक्टर, (राज्य पिछड़ा वर्ग एवं भूमि विकास निगम), 17. दिनेश कश्यप, निदेशक (पंजाब राज्य पिछड़ा वर्ग एवं भूमि विकास निगम), 18. सकत्तर सिंह, निदेशक (पंजाब राज्य एनआरआई आयोग), 19. गुरप्रीत सिंह विर्क, निदेशक (पेप्पू रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, पटियाला), 20. रविंदर पाल सिंह पाली, निदेशक (पंजाब राज्य कंटेनर और वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड) -CONWARE, 21. हरविंदर सिंह, निदेशक (पंजाब जल संसाधन प्रबंधन एवं विकास निगम लिमिटेड), 22. कश्मीर सिंह वाला, निदेशक (पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड), 23. रविंदर हंस, निदेशक (पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम), 24. राम कुमार मुकारी, निदेशक (पंजाब कृषि निर्यात निगम)

**पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में दो नए सदस्यों की नियुक्ति-** 1. मनवीर खुड्डियां, सदस्य, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना, 2. माता भुपिंदर कौर, सदस्य, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना।

# पंजाब में जेई के तबादले के साथ चार्जशीट, एसडीओ को कारण बताओ नोटिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 19 मई।** पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने सोमवार को मोहाली के खरड़ स्थित बिजली विभाग के दफ्तर पहुंचकर औचक चेकिंग की। इस दौरान उन्होंने विभाग के दफ्तर के रिकॉर्ड की भी जांच की। कुछ कमियां सामने आने पर उन्होंने जेई खरड़ जतिंदर सिंह का तबादला करने के साथ-साथ उसे चार्जशीट करने के आदेश दिए।

साथ ही उन्होंने एसडीओ खरड़ को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पंजाब के लोगों से अपील की कि वे बिजली विभाग से संबंधित भ्रष्टाचार की शिकायतें वॉट्सऐप नंबर 9501200200 पर दर्ज करा सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक, बिजली मंत्री की तरफ से हरभजन सिंह ईटीओ ने पंजाब भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी थी। इस दौरान मोहाली जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को पत्रकारों द्वारा ध्यान में लाया गया।

इसके बाद मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने खरड़ बिजली कार्यालय की अचानक जांच की और वहां विभिन्न कार्यों के लिए आए उपभोक्ताओं से बिजली कार्यालय की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। औचक दौरे के दौरान उन्होंने दफ्तर के रिकॉर्ड की भी जांच की।

खरड़ के गुलमोहर सिटी निवासी संदीप वर्मा ने बताया कि तीन दिन पहले उनके एरिया की लाइट बंद हो गई थी। पूरे इलाके में लोग परेशान थे। पहले तो हेल्पलाइन नंबर पर और सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट की गई, लेकिन काफी देर तक बिजली विभाग के अधिकारी नहीं आए। इसके बाद बिजली के लाइनमैन आए तो उनका कहना था कि सीढ़ी लेकर आओ।

# मेधावी विद्यार्थियों को 'अहिंसा शिक्षा रत्न' से सम्मानित किया गया: राजेंद्र प्रसाद जैन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** अहिंसा चैरिटेबल सेवा समिति चंडीगढ़ द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन के 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को 'अहिंसा शिक्षा रत्न' स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। श्री दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 27, चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में सरोज जैन के परिवार की ओर से णमोकार महामंत्र एवं भक्तांबर जी की दीप अर्चना का आयोजन भी किया गया, जिसमें दिगंबर जैन समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में सुरेंद्र जैन आगोश, किशोरी लाल जैन, प्रदीप जैन, डीएफओ जगमोहन शर्मा, अनिल कुमार जैन, आर पी जैन सहित लगभग 350 से 400 लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के कोषाध्यक्ष सचिन जैन द्वारा किया गया।



समिति के समाज सेवी नवरत्न जैन ने इस अवसर पर जानकारी दी कि समिति निकट भविष्य में चंडीगढ़ एवं इसके आसपास की जरूरतमंद कन्याओं के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन भी करने जा रही है।

इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जैन (वरिष्ठ समाजसेवी), समाज रत्न नवरत्न जैन, अध्यक्ष अजय जैन, उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन, महामंत्री रजनीश जैन एवं कोषाध्यक्ष सचिन जैन ने देते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं ।

# दो स्कूली छात्रों की गला रेत कर हत्या

## तीन दिन पहले प्रिंस व अरमान को मिली थी धमकी, 9 के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 19 मई।** जनपद के गांव धनौरी में दो स्कूली छात्रों की गला रेत कर निर्मम हत्या का मामला उजागर है। दोनों मृतक प्रिंस 14 वर्ष और अरमान 15 वर्ष गांव बरटा के निवासी बताए गए हैं। अरमान पांच बहनों का इकलौता भाई था। गांव के बाहर धनौरी ड्रेन के पास दोनों के खून से लथपथ शव बरामद हुए। दोनों मृतक गहरे दोस्त थे। एक कक्षा दसवीं और दूसरा 11वीं कक्षा का छात्र था। डबल मर्डर की सूचना पाकर एसपी आस्था मोदी सुबह ही घटना स्थल पर पहुंची और ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाने के लिए सीआईए व एसडीयू टीमों को लगा दिया। मौके पर पहुंचकर एसएफएल टीम ने सबूत इकट्ठा किए। पुलिस ने मर्डर मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ जारी है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रिंस और अरमान कल शाम करीब 6 बजे घूमने के लिए निकले थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने पूरी रात उनकी तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। आज सुबह करीब 6 बजे जब परिजन दोबारा उनकी तलाश कर रहे थे तो उन्हें ड्रेन के पास झाड़ियों में दोनों के शव मिले। शवों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी बेरहमी से हत्या को गई है। प्रिन्स के सिर के पीछे, दाहिने कान और बाएं हाथ की कलाई पर तेज धारदार हथियार के निशान थे, जबकि अरमान के सिर के पीछे बाईं तरफ और मुंह-आंखों पर भी गहरे घाव थे। मौके पर काफी खून बिखरा पड़ा था। लाशों से कुछ दूरी पर एक लोहे की पाइप, मोटरसाइकिल की चेन, एक काले





### प्रिन्स के पिता ने गांव के ही कुछ युवकों पर लगाया हत्या का आरोप

मृतक प्रिन्स के पिता रोहताश ने पुलिस को दिए बयान में गांव के ही कुछ युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि करीब 3-4 दिन पहले कृष पुत्र दिलबाग और अरमान उपनाम मानी उनके घर आए थे और उनके बेटों प्रिंस और अरमान पर उनकी 2 बहनों के साथ छेडख़ानी करने का आरोप लगाया था और अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। रोहताश ने आरोप लगाया है कि उनके गांव के कृष, अरमान उपनाम मानी, अनिरुध उपनाम कालू, अंकुश, सलिन्द्र, अनसुमन, विकास, राहुल और हिमांशु ने मिलकर उनके बेटों से रंजिश रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से तेजधार हथियारों से उनकी हत्या कर दी।

### नौ के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रोहताश के बयान के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। इस डबल मर्डर की घटना से पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि वह जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करेगी। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग को भी हत्या का कारण माना जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# शराब के ठेकों से रेवेन्यू 35 प्रतिशत बढ़ा

## इस साल नीलामी से ही 600 करोड़ से अधिक आय का अनुमान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 मई।** प्रशासन के एक्साइज डिपार्टमेंट में इस बार शराब के ठेकों से रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। डिपार्टमेंट को इस साल पिछले साल के मुकाबले अभी तक 35 प्रतिशत अधिक कमाई हुई है। अभी तक डिपार्टमेंट ने 85 ठेकों की नीलामी से 526 करोड़ रुपए कमाए है जबकि पिछले साल उसे सिर्फ 413 करोड़ रुपए मिले है जबकि अभी 12 अन्य ठेकों की नीलामी होनी है।

एक्साइज डिपार्टमेंट शहर में 97 ठेकों की नीलामी कर रहा है। जिनमें से 85 ठेके बिक चुके है। डिपार्टमेंट जय अधिकारियों को अनुमान है कि इस साल ठेकों से उन्हें 600 करोड़ रुपए से अधिक मिल जाएंगे जोकि गत वर्ष के मुकाबले लगभग 50 प्रतिशत अधिक होगा।

पिछले दो सालों में डिपार्टमेंट को ठेकों की नीलामी से मात्र 6 से 7 प्रतिशत अधिक रेवेन्यू आ रहा था। इस बार प्रशासन ने एक्साइज पॉलिसी में फेरबदल किया था। इसका फायदा भी डिपार्टमेंट को मिल रहा है।



### एक हजार करोड़ से अधिक होगा रेवेन्यू

एक्साइज डिपार्टमेंट को अभी कोटा फीस, एक्साइज ड्यूटी, ट्रांसफर फीस से भी कमाई होनी है। ऐसे में डिपार्टमेंट का रेवेन्यू एक हजार करोड़ से अधिक का हो जाएगा।

### डिफॉल्टरों पर कारवाई

डिपार्टमेंट के अधिकारियों के अनुसार ठेकों की नीलामी में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। यदि कोई जानबुझकर फर्जी बढ़ लगता है तो उसके खिलाफ कानूनी करवाई की जाएगी।

### तस्करी पर कड़ी नजर

डिपार्टमेंट ने शहर के विभान एरिया में अपनी टीम सतर्क रखी है। शहर से शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई होगी। यदि कोई बॉटलिंग प्लांट या ठेकेदार तस्करी में शामिल पाया जाता है तो उसका लाइसेंस सस्पेंड होगा।


# कर्मचारी पर छेड़छाड़ के मामले में चौकी इंचार्ज निलंबित, दो पुलिस अधिकारी जांच के घेरे में

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 19 मई।** एक कारोबारी ने अपने कर्मचारी को तमिल नाडु से बुलाकर उसपर पत्नी संग मिलकर चौकी इंचार्ज की मदद से छेड़छाड़ का गलत मामला दर्ज करने पर पुलिस विभाग कार्रवाई में जुट गया है। डीसीपी हिमाद्रि कौशिक ने इस मामले में चौकी इंचार्ज सेक्टर 16 चौकी। के इंचार्ज को निलंबित कर दिया है। साथ ही उस पर अनुशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

इस मामले में शामिल पुलिस ने कारोबारी हर्षित को भी गिरफ्तार किया है। डीसीपी हिमाद्री कौशिक मुताबिक कुछ दिन पहले सेक्टर 16 चौकी द्वारा सेक्टर 14 में एक मामला दर्ज करवाया गया था और तमिलनाडु के रहने वाले बी प्रकाश के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में जांच पड़ताल में पाया गया कि पुलिस अधिकारियों की मिली भगत के चलते झूठा मामला दर्ज किया गया है। चौकी इंचार्ज सेक्टर 16 को सस्पेंड किया गया है और वहीं कुछ और भी पुलिस अधिकारियों की जांच की जा रही है । उन्होंने बताया की शिकायतकर्ता ने पहले पैसों के लेनदेन की बात कही गई थी लेकिन कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई थी और उसके पश्चात सेक्टर 16 के व्यापारी के द्वारा एक व्यक्ति के खिलाफ उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज करवाया गया था।

डीसीपी हिमाद्री कौशिक ने बताया कि झूठा मामला दर्ज करवाने वाले व्यापारी और तमिलनाडु निवासी के बीच पैसों का लेनदेन था लेकिन कोई लिखित शिकायत व्यापारी के द्वारा नहीं दी गई थी, शिकायतकर्ता के द्वारा कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई थी और इसके बाद शिकायतकर्ता व्यक्ति के द्वारा पैसों के लेनदेन वाले व्यक्ति के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज करवाया था ।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)